


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 बिहार को टॉप 5 राज्यों की श्रेणी में शामिल कराना ...

भीषण गर्मी के बावजूद भी नहीं रूकेगा... 12



वर्ष : 14 | अंक : 86 | पटना, रविवार, 05 जुलाई, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## मुख्यमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों के एकीकृत कार्यान्वयन पर आयोजित सम्मेलन को किया संबोधित

# अपराध से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिये 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट का होगा गठन : सम्राट

## प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को राज्य स्तर पर पटना में सहयोग शिविर का किया जायेगा आयोजन

### मुख्य बिंदु :-

- नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार में कानून का राज और मजबूत होगा
- न्यायपालिका, पुलिस और प्रशासन के बेहतर समन्वय से समयबद्ध एवं प्रभावी न्याय सुनिश्चित होगा
- नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अधिकतम उपयोग पर जोर

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के एकीकृत कार्यान्वयन पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान और बिहार न्यायिक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस सम्मेलन में राज्य में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से और समान रूप से लागू करने तथा न्याय वितरण प्रणाली में आपसी समन्वय मजबूत करने पर गहन चर्चा की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन को बिहार के लिए ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि देश की लगभग 10 प्रतिशत आबादी और 14 करोड़ से अधिक लोगों को न्याय दिलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बिहार की न्यायपालिका, पुलिस और प्रशासन पर है। उन्होंने कहा कि बिहार की पहचान सदैव न्याय के साथ विकास की रही है और नए आपराधिक कानूनों का प्रभावी एवं जनहितकारी क्रियान्वयन इसी भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि अपराध से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिये 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जायेगा।




### न्यायपालिका और कार्यपालिका सहयोगी बनेंगे तो काम अच्छा होगा

हमलोग सहयोग कार्यक्रम चला रहे हैं, उसमें आवेदनकर्ता द्वारा समस्या को लेकर आवेदन दिया जाता है और उसका 30 दिनों के अंदर निष्पादन किया जाता है। प्रत्येक महीने के पहले मंगलवार और तीसरे मंगलवार को सभी प्रखंडों में यह आयोजित किया जाता है। 30 दिनों में आवेदन का निष्पादन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी को 31 वें दिन मुख्यमंत्री कार्यालय से निलंबन का आदेश जाता है। प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को राज्य स्तर पर पटना में सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें वैसे लोग शामिल होंगे जिनके आवेदन का निष्पादन प्रखण्ड स्तर पर हुआ है लेकिन वे फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उनकी समस्याओं का समाधान होगा और न्याय मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका सहयोगी बनेंगे तो काम अच्छा होगा।

### न्याय व्यवस्था पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय तभी सार्थक होगा जब आम जनता का न्याय व्यवस्था पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। इसके लिए न्यायपालिका, पुलिस और कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। सरकार और न्यायपालिका के बीच नियमित अंतराल पर समन्वय बैठकें आयोजित हों, ताकि जांच, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ लागू करना समय की आवश्यकता है। नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता है। अपराध नियंत्रण, निगरानी और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में आधुनिक तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### राज्य विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार शिक्षा और ज्ञान की ऐतिहासिक भूमि रही है। इसी माह राज्य में 211 नए डिग्री कॉलेज तथा 534 मॉडल स्कूल स्थापित किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन प्रारंभ हो चुका है तथा विक्रमशिला विश्वविद्यालय के पुनर्स्थापन की दिशा में भी सरकार तेजी से कार्य कर रही है। न्यायपालिका, पुलिस और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों, आधुनिक तकनीक के समुचित उपयोग तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार में कानून का राज और अधिक मजबूत होगा तथा राज्य विकास, समृद्धि और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा।

### में ये रहे मौजूद :-

सम्मेलन को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची, पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय, बिहार न्यायिक अकादमी के चेयरमैन जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, बिहार के एडवोकेट जनरल सत्यदर्शी संजय, बिपार्ड के महानिदेशक डॉ बी राजेन्दर एवं गृह सचिव कुंदन कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान बिपार्ड के महानिदेशक डॉ बी राजेन्दर ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। सम्मलेन में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, राज्य के विभिन्न जिलों के डिस्ट्रिक्ट जज, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्तागण, कानून विशेषज्ञ, मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ सफीना एएन, गयाजी के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक गयाजी सुशील कुमार सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारीगण, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान तथा बिहार न्यायिक अकादमी से जुड़े अधिकारीगण थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के विभिन्न हिस्सों से प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा अन्य वरीय पदाधिकारी जुड़े थे।

## 112 आपातकालीन सेवा की प्रतिक्रिया समय को 10 मिनट से घटाकर 7-8 मिनट करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार थानों को आधुनिक संसाधनों, सीसीटीवी, डिजिटल उपकरणों तथा वैज्ञानिक जांच व्यवस्था से सुसज्जित कर रही है। फॉरेंसिक लैब, मोबाइल फोरेंसिक वैन और वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की व्यवस्था को मजबूत किया गया है, जिससे मामलों का शीघ्र निष्पादन संभव हो सके। 112 आपातकालीन सेवा के माध्यम से पुलिस औसतन 10 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच रही है, इसे घटाकर 7 से 8 मिनट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्कूलों और कॉलेजों के आसपास विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्पीडी ट्रायल, फास्ट ट्रैक कोर्ट तथा समयबद्ध न्याय व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सरकार हर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगी। कानून का राज स्थापित करने के लिए किया गया निवेश आने वाले कई दशकों तक राज्य को लाभ पहुंचाएगा।

## मुख्यमंत्री ने योजना एवं विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

# केन्द्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर बिहार में भी बनेगा आयोग : सीएम

### मुख्य बिंदु :-

- विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता हो
- योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतत निगरानी एवं समन्वित प्रयास सुनिश्चित किया जाय



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में योजना एवं विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी एवं भविष्य की कार्ययोजना को लेकर आवश्यक निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास के लिये केन्द्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर बिहार में भी एक आयोग बनेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोग राज्य के दीर्घकालिक विकास के लिए विजन तैयार करने, विभिन्न क्षेत्रों में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा समय-समय पर नीतिगत सुझाव देने का कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना एवं विकास विभाग का उद्देश्य केवल योजनाओं का निर्माण नहीं बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन, सतत मूल्यांकन तथा वास्तविक परिणामों को सुनिश्चित करना होना चाहिये। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं पारदर्शिता के लिए विधायकों एवं विधान परिषद के सदस्यों हेतु एक समर्पित पोर्टल विकसित किया जाए ताकि योजनाओं की जानकारी, अनुश्रवण एवं प्रगति का ऑनलाइन प्रबंधन किया जा सके। कब्रिस्तान घेराबंदी योजना के अंतर्गत जो संवेदनशील स्थल हैं, उनकी सूची तैयार कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाए तथा इस संबंध में नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

**संसाधनों एवं संभावनाओं के अनुरूप व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का अध्ययन कर उन्हें बिहार की आवश्यकताओं के अनुरूप अपनाया जाए। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता हो तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतत निगरानी एवं समन्वित प्रयास सुनिश्चित किया जाय।

राज्य के आकांक्षी जिलों के साथ-साथ अन्य सभी जिलों के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए उनकी स्थानीय आवश्यकताओं, संसाधनों एवं संभावनाओं के अनुरूप व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्रत्येक प्रखंड के लिए भी दीर्घकालिक एवं परिणामोन्मुखी विकास कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि विकास की प्रक्रिया राज्य के अंतिम पायदान तक समान रूप से पहुंचे तथा क्षेत्रीय असंतुलन को दूर किया जा सके।

### प्रत्येक जिले की अपनी बजट योजना तैयार की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले की अपनी बजट योजना तैयार की जाए, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास की प्राथमिकताओं के अनुरूप संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2037 में बिहार अपनी स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण करेगा, इस ऐतिहासिक अवसर तक विकसित बिहार की स्पष्ट परिकल्पना एवं दीर्घकालिक विकास दृष्टि तैयार की जानी चाहिए। बैठक में बिहार मौसम सेवा केंद्र की कार्यप्रणाली एवं सेवाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं एवं पूवानुर्मान प्रतिदिन सांसदों, विधायकों, जिला परिषद अध्यक्षों, मुखियाओं, जिला पदाधिकारियों, उप विकास आयुक्तों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैसेज एवं व्हाट्सएप सहित उपयुक्त डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए प्रभावी सूचना प्रसारण व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि मौसम संबंधी जानकारी समय पर उपलब्ध हो सके और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा सकें। इससे पहले बैठक में योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयालक्ष्मी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विभाग की कार्यान्वित योजनायें, पहल, उपलब्धियों एवं भावी कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, पंचायत सरकार भवन का निर्माण तथा कब्रिस्तान घेराबंदी योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।

### ये रहे मौजूद:-

बैठक में योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयालक्ष्मी, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, योजना एवं विकास विभाग के सचिव कंवल तनुज, वित्त (व्यय) विभाग की सचिव रचना पाटिल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कीर्तिमान : राज्य में रिकॉर्ड 9155 मेगावाट बिजली की हुई खपत

- बढ़ती बिजली मांग बिहार में तेजी से हो रहे चहुंमुखी विकास का परिचायक : मंत्री



प्रात : किरण

पटना। बिहार ने विद्युत क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 3 जुलाई 2026 को रात्रि 10:58 बजे राज्य के इतिहास की सर्वाधिक 9,155 मेगावाट पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया। रिकॉर्ड पीक डिमांड के बावजूद पूरे राज्य में उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलती रही है। यह उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा ट्रांसमिशन एवं वितरण अवसंरचना को मजबूत करने, ग्रिड क्षमता बढ़ाने तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग का प्रत्यक्ष परिणाम है। राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ औद्योगिक, शहरी एवं कृषि क्षेत्रों में भी बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। नए उद्योगों की स्थापना, शहरों का विस्तार, वाणिज्यिक गतिविधियों में वृद्धि तथा कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए विद्युत आधारित संसाधनों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत सुविधाओं के व्यापक विस्तार और जीवन स्तर में सुधार से घरेलू उपभोग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इन सभी क्षेत्रों की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत अवसंरचना का निरंतर विस्तार एवं आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक श्रेणी के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बिहार में बिजली की मांग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। एक दशक पहले जहां राज्य की अधिकतम मांग लगभग 1,800 मेगावाट थी, वहीं अब यह बढ़कर 9,100 मेगावाट से अधिक हो चुकी है। पहले वर्ष में एक बार दर्ज होने वाली उच्चतम मांग अब नियमित रूप से कई बार पार हो रही है।

**बिहार बिजली के क्षेत्र में पूरे देश को नई दिशा दिखा रहा :** ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि राज्य में बढ़ती बिजली की मांग तेजी से हो रहे चहुंमुखी विकास का परिचायक है। बिहार बिजली के क्षेत्र में पूरे देश को नई दिशा दिखा रहा है। सरकार लोगों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी प्रतिबद्धता के अनुपालन में ऊर्जा विभाग लगातार प्रयासरत है।


बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

**पशुपालन निदेशालय**

पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

## पशु-पक्षियों के पीने के पानी की व्यवस्था एक जरूरत



''जल ही जीवन है'' यह लोकोक्ति नहीं बल्कि यथार्थ सत्य है। जल एक जीवित कोशिका के जीवन का भौतिक आधार है, जिसका अधिकांश भाग लगभग (70%) पानी से बना होता है। बेतरतीब बढ़ती जनसंख्या एवं मानव बस्तियों के कारण वन–पर्यावरण असंतुलन तीव्र गति से बढ़ता जा रहा है। परिणामस्वरूप अनावृष्टि, सूखते जलाशय एवं नदियों का गिरता जल स्तर विकट समस्या बनती जा रही है।



**इस धरती पर पशु–पक्षियों का उतना ही हक है जितना कि हम मनुष्यों का**

गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है। मूक पशु–पक्षियों को, संचित एवं बहते जल स्रोतों की कमी के कारण, प्यास में तड़पना पड़ता है। गर्मी में पशु–पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिये।

गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस–पास उड़ने वाले परिदों की प्यास बुझाकर उसकी जिंदगी बचा सकता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं। पशु चिकित्सा विज्ञान के अनुसार नमक और ऊर्जा पक्षियों के लिए जरूरी है। इसकी पूर्ति खनिज–लवण युक्त पानी से ही हो सकती है।

**क्या करें उपाय :**

1. गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर, बालकनी में, परकोटों पर पानी के बर्तन भरकर रखें जिससे मवेशी व परिंदें पानी देखकर आकर्षित होते हैं और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें।
2. उपयोग में लाये गये नारियल डाभ पक्षियों को पानी परोसने एवं आश्रय प्रदान करने हेतु उपयुक्त हो सकता है जो कि बायो–वेस्ट प्रबंधन का एक उदाहरण भी है।
3. पक्षियों के शरीर में इलेक्ट्रॉलाइट्स की मात्रा संतुलित रहे इसके लिए पानी में गुंड. की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिये।
4. कम पानी वाले जल स्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु–पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है।

अधिक जानकारी के हेतु पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2230942 पर की जा सकती है

पशुपालन निदेशालय, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में प्रचारित

@BiharDFARD

PR No.- 007027 (Animal)D. 2026-27

## संक्षिप्त खबरें

### संकुल स्तरीय बैठक में नामांकन बढ़ाने और ई-शिक्षा कोष पर प्रविष्टि का निर्देश

विभूतिपुर/ समस्तीपुर । प्रखंड अंतर्गत जगतारणी उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हार में कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के अंतर्गत प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए समन्वयक अविनाश कुमार ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वर्ग 1 में कम नामांकन होने पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसमें सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को ई-शिक्षा कोष तथा यू-डायस पोर्टल पर छात्रों का डेटा अविलंब अपलोड करने को कहा। बैठक में शिक्षकों के बकाया वेतन के मुद्दे पर भी गंभीर चर्चा की गई। मौके पर संकुल संचालिका आरती आनंद, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ठाकुर, रणबीर कुमार, संजय कुमार, छतर कुमार, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार ठाकुर और स्वयं प्रभा सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### पाटलिपुत्र रेल परिसर के आरेख उद्यान में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के नेतृत्व में पाटलिपुत्र रेल परिसर के आरेख उद्यान में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों के द्वारा पौधारोपण कराया गया ।इस अवसर पर बच्चों को पौधों के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी संगठन की अध्यक्षा के द्वारा प्रदान की गई एवं प्रत्येक बच्चों को उपहार स्वरूप पॉटेड प्लांट दिया गया । इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती रंजना कुमार, सचिव श्रीमती मनीषा सिन्हा, संयुक्त सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह तथा कार्यकारिणी की सभी सदस्याएं तथा महिला कल्याण संगठन, दानापुर की कार्यकारिणी की सभी सदस्याएं उपस्थित थीं ।

### सीवान जंक्शन पर आरपीएफ व स्वान दस्ता का सघन सुरक्षा अभियान, संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

सीवान। यात्रियों की सुरक्षा, रेल संपत्ति की संरक्षा एवं स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से शनिवार को सीवान जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं स्वान दस्ता द्वारा संयुक्त रूप से विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व आरपीएफ के उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा ने किया।इस दौरान छपरा स्वान दस्ता के सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव, स्वान ह्यरैंबोह्ल तथा आरपीएफ के जवान भी मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, आरक्षण केंद्र, पार्सल कार्यालय, पार्किंग क्षेत्र समेत अन्य संवेदनशील स्थानों का गहन निरीक्षण किया। स्वान दस्ता की सहायता से स्टेशन परिसर में रखे संदिग्ध सामान, लावारिस बैग, पैकेट एवं अन्य वस्तुओं की बारीकी से जांच की गई। इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर खड़ी एवं गुजरने वाली प्रमुख मेल, एक्सप्रेस और यात्री ट्रेनों के सामान्य एवं आरक्षित कोच, लगेज व गार्ड वैन तथा यात्रियों के सामान की भी सुरक्षा की दृष्टि से जांच की गई। टीम ने स्टेशन परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखते हुए आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन की कार्रवाई भी की। आरपीएफ अधिकारियों ने यात्रियों, कुलियों, वेंडरों एवं अन्य रेल उपयोगकताओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस वस्तु अथवा असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल आरपीएफ या जीआरपी को देने की अपील की। चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन परिसर के किसी भी हिस्से से विस्फोटक, ज्वलनशील, संदिग्ध अथवा आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। निरीक्षण के बाद संपूर्ण स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म एवं यात्री सुविधाएं पूरी तरह सुरक्षित एवं सामान्य पाई गईं।

# मंत्री संजय पासवान ने नवीन पासवान के परिजनों से की मुलाकात, जल्द न्याय का दिलाया भरोसा



प्रात: किरण संवाददाता

फतुहा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर गठित जांच समिति के नेतृत्व में बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान शनिवार को फतुहा के नया टोला पहुंचकर दिवंगत नवीन पासवान के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने पटना (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर बातचीत कर मामले में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा और अपराधियों को कानून के अनुसार कठोरतम सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक विष्णु देव पासवान, एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शोभा सिन्हा, प्रदेश महासचिव कैप्टन नन्द कुमार पासवान, पूर्वी पटना के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, महिला विंग की जिलाध्यक्ष निभा पासवान सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाया : डॉ. प्रेम कुमार

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी। अध्यक्ष बिहार विधानसभा ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के स्थित सृजनी ऑडिटोरियम में भाजपा नेता एवं स्वदेशी विकास मंच के अध्यक्ष द्वारा आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया तथा विशाल जनसभा को संबोधित किया है। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग–गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर, पिछड़े, अनुसूचित जाति-जनजाति, मध्यम वर्ग तथा वरिष्ठ नागरिकों–तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से देश में 55 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिससे गरीबों को सरकारी सहायता सीधे प्राप्त हो रही है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत करोड़ों परिवारों को प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन देकर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से चार करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल की सुविधा का व्यापक विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने लाखों रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया है, जबकि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और सस्ती वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करोड़ों शौचालयों के निर्माण से स्वच्छता के साथ-साथ महिलाओं की गरिमा को नई पहचान मिली है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और मुद्रा योजना ने युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली ने पारदर्शिता बढ़ाते हुए बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करने का कार्य किया है।

## सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन पड़ा भारी

# फतुहा पुलिस ने कट्टे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

फतुहा। थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर देसी कट्टा लहराते हुए गाली-गलौज का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 3 जुलाई 2026 को वायरल वीडियो की सूचना मिलते ही फतुहा थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मकसूदपुर नयका रोड स्थित आरोपी के घर पर छापेमारी कर 45 वर्षीय राम इकबाल यादव को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके कब्जे से वीडियो में प्रदर्शित देसी कट्टा भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स एंड साइंस में वॉलेंट्रीयरशिप प्रमाण पत्र वितरित

प्रात: किरण संवाददाता

पटना । प्रेम यूथ फाउंडेशन में वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे वॉलेंट्रीयर को कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स एंड साइंस, पटना में शुक्रवार को भव्य वॉलेंट्रीयरशिप प्रमाण पत्र वितरण समारोहह्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सामाजिक सेवा और स्वयंसेवा में योगदान के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा से जोड़ना तथा स्वच्छ भारत अभियान को गति देना था। उत्साह के साथ लिया गया भाग कॉलेज के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।महाविद्यालय के प्रचार्या प्रो सुनीता रॉय ने कहा कि नई शिक्षा नीति में वॉलेंट्रीयरशिप एक महत्वपूर्ण कदम है ।अब छात्र छात्राओ को समुदाय से जुड़ने एवं सामाजिक मुद्दे की समझ विकसित हो रही है । उन्होंने वॉलेंट्रीयर से आह्वान किया कि एक घँटा देश को और एक घँटा देह को दे ।प्रो संतोष कुमार ने कहा कि वॉलेंट्रीयरशिप करना जीवन का एक अद्भुत पल है हम सभी लोगो को जीवन वंचितों को मदद करना ही चाहिए ।वही प्रो रमेश कुमार चौधरी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है युवाओ के बल पर ही भारत विकसित बनेगा ।अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ मृदुला ने छात्र छात्राओं के कार्यो को सराहते हुये कहा कि हमारे बच्चों ने बहुत उत्क्रष्ट कार्य किया है ।प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि वॉलंटियर ने स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत कपड़ा का झोला बनाकर लोगो मे वितरित किया। प्रमाण पत्र पाकर गर्वित हुए छात्र-छात्राएं प्रमाण पत्र पाते ही छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे।कई छात्र-छात्राओं ने प्रमाण पत्र हवा में लहराकर अपने उत्साह का इजहार किया। सुमन ने कहा, पहली बार हमें समाज सेवा के काम के लिए सम्मान मिला है। ये प्रमाण पत्र हमें आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देगा।एक छात्र ने कहा, वॉलेंट्रीयरशिप के दौरान हमने नशा-मुक्ति, स्वच्छता और साक्षरता अभियान में काम किया। अब हमें लगता है कि हम भी देश के लिए कुछ कर सकते हैं। युवा ही देश का भविष्य- प्राचार्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्या डॉ सुनीता राय ने कहा, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस सिर्फ डिग्री नहीं देता, बल्कि अच्छे नागरिक भी बनाता है। मुझे गर्व है कि हमारे छात्र-छात्राएं क्लास के साथ-साथ समाज सेवा में भी अव्वल हैं। मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर मन्नी कुमार, एनएसएस वॉलंटियर ऋषिकेश भट्ट ,सन्नी कुमार, तरुण कुमार मौजूद रहे ।

# दर्दनाक सड़क हादसा: स्कूल बस की टक्कर से युवक की मौत, बड़ा भाई गंभीर



प्रात: किरण संवाददाता

फतुहा। पटना-बख्तियारपुर फोरलेन (एनएच-30) पर फतुहा के विक्रमपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक राजीव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके बड़े भाई 24 वर्षीय राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, तेज रफ्तार स्कूल बस और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। मृतक और घायल दोनों अथमलगोला थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मोड़ निवासी हीरा साव के पुत्र बताए जाते हैं। हादसे के बाद स्कूल बस चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही फतुहा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पटना भेज दिया गया। फतुहा थाना अध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है तथा फरार स्कूल बस और उसके चालक की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाया : डॉ. प्रेम कुमार

प्रात: किरण संवाददाता

पटना ।बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ॰ प्रेम कुमार ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के स्थित सृजनी ऑडिटोरियम में भाजपा नेता एवं स्वदेशी विकास मंच के अध्यक्ष द्वारा आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया तथा विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग–गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर, पिछड़े, अनुसूचित जाति-जनजाति, मध्यम वर्ग तथा वरिष्ठ नागरिकों–तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से देश में 55 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिससे गरीबों को सरकारी सहायता सीधे प्राप्त हो रही है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत करोड़ों परिवारों को प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन देकर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से चार करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल की सुविधा का व्यापक विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने लाखों रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया है, जबकि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और सस्ती वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करोड़ों शौचालयों के निर्माण से स्वच्छता के साथ-साथ महिलाओं की गरिमा को नई पहचान मिली है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और मुद्रा योजना ने युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली ने पारदर्शिता बढ़ाते हुए बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करने का कार्य किया है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद गठित नई सरकार ने अपने प्रारंभिक निर्णयों एवं बजटीय प्रावधानों में महिला सहायता योजनाओं, सरकारी कर्मचारियों के महँगाई भत्ते में वृद्धि, रोजगार सृजन, ग्रामीण सड़कों के विकास तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षा है कि शासन पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुख हो तथा केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर जनहित के कार्यों को गति दें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनकल्याण, सुशासन और विकास में निहित है। यदि निवेश बढ़ेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाया जाएगा तथा समाज में समरसता का वातावरण बनेगा, तो विकसित भारत के निर्माण का संकल्प और अधिक मजबूत होगा।अपने संबोधन के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने उपस्थित जनसमूह से विकसित भारत, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था, सामाजिक समरसता और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही भारत के उज्ज्वल भविष्य और लोकतंत्र की सच्ची शक्ति का आधार है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर 11 से 31 जुलाई तक चलेगा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा

आरा। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राज्यभर में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कार्यपालक निदेशक, अमित कुमार पाण्डेय द्वारा सभी जिलों के सिविल सर्जनों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा योग्य दम्पतियों को गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराना है। तीन चरणों में चलेगा अभियानः स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में 18 जून से 25 जून 2026 तक कार्ययोजना सप्ताह आयोजित किया गया है, जिसमें जिला एवं प्रखंड स्तर पर रणनीति तैयार की गयी है इसके बाद 27 जून से 10 जुलाई तक सामुदायिक उत्प्रेरण पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके तहत लोगों को परिवार नियोजन के लाभों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। अंतिम चरण में 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित कर परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिला एवं प्रखंड स्तर पर होगा समन्वयःअभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका, जीविका दीदी एवं विकास मित्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की अध्यक्षता में बैठक कर स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की होगी भागीदारीः स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिया है कि अभियान में सांसद, विधायक, मुखिया, वार्ड सदस्य, स्वास्थ्यकर्मी तथा गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इससे परिवार नियोजन संबंधी संदेश अधिक प्रभावी ढंग से समुदाय तक पहुंच सकेगा। प्रचार-प्रसार के लिए विशेष व्यवस्थाः अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु फ्लेक्स, बैनर एवं अन्य सूचना सामग्री का उपयोग किया जाएगा। परिवार नियोजन दिवस से एक दिन पूर्व ई-रिक्शा के माध्यम से प्रचार अभियान चलाया जाएगा। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी व्यापक उपयोग किया जाएगा। जनसंख्या स्थिरता और स्वस्थ परिवार का संदेशः स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने तथा छोटे और स्वस्थ परिवार की अवधारणा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक योग्य दम्पतियों तक परिवार नियोजन सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# पालीगंज में माले ने निकाला विरोध मार्च




पालीगंज । गोपाल विद्यार्थी. बिहार में कथित हो रहे मॉब लिचिंग, फर्जी मुठभेड़, बुलडोजर राज, पुलिस दमनऔर लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला के खिलाफ भाकपा माले का विरोध दिवस पालीगंज में निकाला गया यह मार्च पार्टी कार्यालय से निकल कर बाजार का भ्रमण करते हुए स्थानीय बिहटा मोड पहुंचा. जहां स्थानीय विधायक डा. संदीप सौरव ने संबोधित करते हुए कहा कि अभी पुरे देश में अराजकता कि स्थिति है. प्रधानमंत्री व बिहार के मुख्यमंत्री तानाशाह हो चुके है. यहां गरीबो,मजलूमो की आवाज को कोई सुनने वाला नही है. जहां गरीबो के घरो पर बुलडोजर चल रहे है. वही बडे रसुख वाले का घर सुरक्षित है. यहां सरेआम बेगुनाहो का इनकांउटर हो रहा है. मुखिया संघ अध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा की अब समय आ गया है गलत के खिलाफ आवाज बुलंद किया जाए,और हक,हुकुत की लडाई गोलबंद होकर लडा जाए. मौके पर प्रखण्ड पार्टी सचिव सुरेंद्र पासवान, अविनाश शर्मा अनवर हुसैन ,अरविंद वर्मा ,भोला मुखिया, नागो देवी, सरस्वती देवी, रामअवतार, नीतीश कुमार, नीरज कुमारऔर सैकड़ो लोग

# तारापीठ में मां तारा के दर्शन–पूजन कर डॉ . प्रेम कुमार ने राज्य एवं देशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की

प्रात: किरण संवाददाता

बिहार। विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने पश्चिम बंगाल प्रवास के क्रम में बीरभूम जिले स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ तारापीठ में सपरिवार पहुंचकर मां तारा का दर्शन एवं विधिवत पूजन-अर्चना किया।इस अवसर पर उन्होंने मां तारा से बिहार सहित समस्त देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तारापीठ भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और शक्ति उपासना का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां आकर आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि मां तारा की कृपा से समाज में सद्भाव, भाईचारा और जनकल्याण की ।

# बीडीओ की पत्नी की संदिग्धावस्था में मौत, पुलिस जांच में जुटी

मुजफ्फरपुर। जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र स्थित कन्हौली बेला में दरभंगा के जाले प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ की पत्नी की मौत हो गई। मृतका के परिजनों का कहना है कि पति का दूसरी महिला से संबंध था। वहीं पुलिस प्रथम दृष्टया में मामले को आत्महत्या मानते हुए सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। मृतका की पहचान दरभंगा के जाले प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी (29) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मायके वाले बेल कन्हौली मोड़ स्थित आवास पर पहुंचे और अमृता को तुरंत सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मिठनपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया।मृतका परिजनों का कहना है कि साल 2023 में अमृता कुमारी का विवाह मनोज कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शादी की शुरूआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ समय बाद अमृता को अपने पति के किसी दूसरी महिला से संबंध होने की जानकारी मिली। इसके बाद दंपती के बीच अक्सर विवाद होने लगा।मृतका के परिजनों का आरोप है कि पति, सास और ननद लगातार अमृता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी व मेडिवर्सल हॉस्पिटल ने लगाया मेगा हेल्थ कैंप, सैकड़ों लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच

पटना ।रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी एवं मेडिवर्सल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हाजीगंज स्थित सर्वोदय इन्फेंट एकेडमी में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।मौके पर ओपीडी, ईसीजी, फेफड़ा रोग, दंत चिकित्सा, नेत्र जांच, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया। विद्यालय के अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं आसपास के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी के अध्यक्ष पंकज किशोर सिंह एवं विद्यालय के निदेशक कृष्ण किशोर सिंह ने की। मौके पर अध्यक्ष पंकज किशोर सिंह ने कहा कि मेडिवर्सल हॉस्पिटल के सहयोग से वर्षभर विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के अधिक से अधिक लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँच सकें। क्लब के फाउंडेशन चेयर राजेश बल्लभ ने कहा कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।पब्लिक इमेज चेयर अनंत अरोड़ा ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सचिव रव्यांशु प्रीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि कोषाध्यक्ष जगन्नाथ कुमार ने कार्यक्रम का समन्वय किया। मंच संचालन विजय कुमार यादव ने किया। मौके पर क्लब के सदस्य राजेश बल्लभ, अनंत अरोड़ा, जगन्नाथ कुमार, कृष्ण कुमार यादव, रवि प्रीत,सचिन शर्मा, विजय कुमार यादव, रव्यांशु प्रीत, अमित सिंह, अरविंद मेहता एवं कवि सैनी उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से बिक्की कुमार, सोनू, रेखा, रिया, अनन्या, प्रज्ञा सहित सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–22 वर्ष 2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–14.07.2026 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–15.07.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–15.07.2026 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना।(ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Day to Day PH work in flat Adalatganj and B.C Patel Path, Residence Patna for the year 2026-27. | 1,00,000.00 | 2000.00 | 500.00 | Up to March 2027 |
| 2 | Day to Day Civil work in flat Adalatganj and B.C Patel Path, Residence Patna for the year 2026-27. | 1,00,000.00 | 2000.00 | 500.00 | Up to March 2027 |
| 3 | Day to Day Civil work in D.P Rai Path Section Patna (Oct. to March 2027) for the year 2026-27. | 6,00,000.00 | 12000.00 | 1250.00 | Up to March 2027 |
| 4 | Day to Day Civil of 84 set Officer's flat (Oct. to March 2027) at Punaichak, Patna for the year 2026-27. | 5,00,000.00 | 10000.00 | 750.00 | Up to March 2027 |

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना
PR. No. 007078 (BCD ) 2026-27
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
1. कार्य का नाम एवं स्थान : SSP डिपो के अधिकार क्षेत्र में TTC की जगह VPDA यार्ड और MOG यार्ड में पोर्टल की व्यवस्था, 2. कार्य का अनुमानित मूल्य (₹) : ₹1,85,03,422/–, 3. जमानत राशि (₹) : ₹3,70,100/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : ₹0/–, 4. ई–निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खुलने की तिथि : ई–निविदा प्रपत्र जमा करने की निर्धारित तिथि एवं समय : दिनांक 28.07.2026 को 12.00 बजे तक। ई–निविदा प्रपत्र खुलने का निर्धारित समय : दिनांक 28.07.2026 को 12.00 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) कार्यालय, पूर्व मध्य रेल/सोनपुर में खोले जायेगें, 5. बेवसाईट एवं नोटिस बोर्ड का लोकेशन जहाँ से ई–निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाइट http://www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड : मंडल रेल प्रबंधक/सोनपुर के कैम्पस भवन, पूर्व मध्य रेल/सोनपुर
वरीय मंडल विद्युत इंजीनियर/(क.वि.)/पूमरे/सोनपुर
पीआर/0497/एसईई/टीआरडी/टी/26–27/28

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम एवं स्थान : सोननगर–प्रधानखंटा सेक्शन की बीच मल्टी–ट्रैकिंग परियोजना के निर्माण कार्य के संबंध में रफीगंज/जीएसएस (BSPTCL) से इस्माइलपुर/टीएसएस तक 132 केवी डबल सर्किट (D/C) ट्रांसमिशन लाइन तथा CEE/CON/S/MHX के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अन्य किसी भी स्थान पर विद्युत आपूर्ति, स्थापना (इरेक्शन), परीक्षण (टेस्टिंग) एवं चालूकरण (कमिशनिंग) का कार्य। e-Tender No. EL/C/S/MHX/ ETEN/ 01/26-27, 2. अनुमानित कार्य की लागत : ₹24,13,13,316.93, 3. जमा किए जाने वाले बयानार राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, 4. कार्य पूर्ण करने का समय : 18 माह, 5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय : 24.07.2026 दोपहर 12.00 बजे तक, 6. निविदा की उपलब्धता : बेवसाईट www.ireps.gov.in पर
हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने वाले पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कॉन–II/एस/पूमरे/महेन्द्रुघाट, पटना
पीआर/0496/सीओएन/एस/एमएचएक्स/पटना/ईएलईसीटी/टी/26–27/32


# बिहार को टॉप 5 राज्यों की श्रेणी में शामिल कराना सरकार की प्राथमिकता : श्रवण

## मंत्री बोलें- बिहार में नीतीश मॉडल को आगे बढ़ाने का काम कर रही एनडीए की सरकार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि बिहार में नीतीश मॉडल को आगे बढ़ाने का काम बिहार की सम्राट चौधरी सरकार कर रही है। राज्य सरकार ने गांवों में सड़क, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दे रही है। जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर नीतीश कुमार ने बिहार को विकास, सुशासन और जन विश्वास की नई पहचान दी।

शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि, आधारभूत संरचना और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों ने राज्य की नई तस्वीर गढ़ी।हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित कर समृद्धि की राह प्रशस्त किया है। अंधेरे से उजाले तक का यह सफर विकास की नई पहचान बनी है। मंत्री श्री कुमार शनिवार को नालंदा जिला के बेन प्रखंड के खैरा पंचायत के मखदुमपुर गांव में मुख्य सड़क से



पानी टंकी होते हुए देवी स्थान चंद्रवंशी टोला तक 14 लाख 47 हजार 985 की राशि से नवनिर्मित ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन कर रहे थे।

इसके अलावा मंत्री ने ग्राम महाबीघा में समींदर प्रसाद के घर से गौरैया स्थान होते हुए उमेश ठाकुर के घर तक 12 लाख 64 हजार 500 रुपये की राशि से नवनिर्मित ईंट सोलिंग पीसीसी ढलाई कार्य तथा मखदुमपुर गांव में नरेंद्र के घर के निकट से पंडित टोला होते हुए छोटे के घर तक 9 लाख 62 हजार 500 की राशि से मिट्टी भराई एवं पीसीसी ढलाई का उद्घाटन कर रहे थे।

बतौर क्षेत्रीय विधायक सह जदयू विधायक दल के नेता बिहार सरकार के मंत्री श्री श्रवण कुमार ने कहा कि सुदृढ़ बिजली व्यवस्था ने गांव-गांव और घर-घर तक रोशनी, शिक्षा, सिंचाई और रोजगार के नए अवसर पहुंचाये। 125 यूनिट तक निशुल्क बिजली की सुविधा ने लाखों परिवारों को आर्थिक राहत भी दी। बदलता बिहार, जगमगाता बिहार यही है जनहित और सुशासन की सशक्त तस्वीर बेटियों के हाथों में साइकिल, युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा और हर बच्चे तक अवसर पहुंचाने का संकल्प, यह बदलते बिहार की पहचान है।

शिक्षा को सशक्त बनाकर लाखों सपनों को नई उड़ान दी। आज आत्मविश्वास से आगे बढ़ती बेटियां और नए अवसरों के साथ आगे बढ़ता युवा बिहार के इस परिवर्तन की सबसे बड़ी पहचान है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, लक्ष्मण प्रसाद, कुमुद कुमार, अभिषेक कुमार, जितेंद्र राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बेंगलुरु में बिहार आईटी इंडस्ट्री मीट 2026: वैश्विक टेक कंपनियों ने बिहार में निवेश को लेकर दिखाई गहरी रुचि

# टेक बिहार की ओर बढ़ते कदम: वैश्विक कंपनियों ने निवेश और साझेदारी पर जताया भरोसा

प्रात : किरण संवाददाता




पटना/बेंगलुरु। बिहार सरकार का सूचना प्रावैधिकी विभाग राज्य को देश के अग्रणी डिजिटल एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में आयोजित बिहार आईटी इंडस्ट्री मीट 2026 के अंतर्गत बेंगलुरु में देश एवं विश्व की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लीडर्स, स्टार्टअप्स, वेंचर कैपिटल फर्मों तथा उद्योग विशेषज्ञों के साथ उच्चस्तरीय संवाद और रणनीतिक व्यावसायिक बैठकों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार में निवेश आकर्षित करना, वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करना तथा राज्य को डिजिटल अर्थव्यवस्था के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना रहा।इस अवसर पर बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल निवेश प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसा आधुनिक तकनीकी इकोसिस्टम विकसित करना है, जहां नवाचार, उद्योग और युवाओं की प्रतिभा एक साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि बिहार आईटी पॉलिसी 2024 तथा बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी 2026 राज्य में बड़े निवेश, उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार सृजन तथा बिहार को वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। श्री मिश्रा ने कहा कि उद्योग प्रतिनिधियों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम, निवेश प्रोत्साहन योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा आधुनिक औद्योगिक एवं डिजिटल बुनियादी ढांचे की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार राज्य को आईटी एवं आईटीईएस, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, डीपटेक तथा डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने विभिन्न वैश्विक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण वन-टू-वन बिजनेस मीटिंग्स कीं। बैठकों के दौरान सचिव ने बिहार आईटी पॉलिसी 2024 एवं बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी 2026 का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करते हुए राज्य में उपलब्ध निवेश अवसरों, उद्योग-अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ डिजिटल अवसंरचना, कुशल मानव संसाधन तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी दी। इन बैठकों में बिहार में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना, आईटी पार्कों का विकास, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधान, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, स्टार्टअप इकोसिस्टम, अनुसंधान एवं नवाचार तथा कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में संभावित निवेश एवं सहयोग पर गंभीर चर्चा हुई। उद्योग प्रतिनिधियों ने बिहार सरकार की नई औद्योगिक एवं तकनीकी नीतियों, निवेश प्रोत्साहन उपायों तथा राज्य में तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल इकोसिस्टम की सराहना की। उन्होंने बिहार की युवा प्रतिभा, तकनीकी क्षमता और उद्योग-अनुकूल नीतियों को भविष्य के निवेश के लिए अत्यंत अनुकूल बताते हुए राज्य के साथ दीर्घकालिक साझेदारी में गहरी रुचि व्यक्त की। बिहार आईटी इंडस्ट्री मीट 2026 ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि बिहार अब केवल संभावनाओं का राज्य नहीं, बल्कि प्रौद्योगिकी, नवाचार, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर और डिजिटल निवेश का तेजी से उभरता राष्ट्रीय केंद्र बन रहा है।

# राज्यभर में 3,218 आधुनिक कृषि यंत्रों का होगा वितरण, स्थापित होंगे 80 नए यंत्र बैंक

- गन्ने की खेती को आधुनिक और लाभदायक बनाएगी नई यंत्रीकरण योजना : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार ने गन्ना किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के लिए 34.60 करोड़ की गन्ना यंत्रीकरण योजना को मंजूरी दी है। इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्यभर में 3,218 आधुनिक कृषि यंत्र बांटे जाएंगे और 80 नए यंत्र बैंक स्थापित होंगे। इसका उद्देश्य खेती की लागत कम करना, गन्ना उत्पादन बढ़ाना और आधुनिक मशीनों तक हर किसान की पहुँच सुनिश्चित करना है।

राज्य में गन्ना खेती के यंत्रीकरण के लिए 80 नए यंत्र बैंक स्थापित होंगे, जिसके लिए चीनी मिलें एवं किसान समूह आवेदन कर सकेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को महंगे उपकरण किराये पर उपलब्ध कराना है। नियमानुसार, प्रत्येक बैंक में न्यूनतम 7 यंत्र अनिवार्य होंगे, जिनमें सुगरकेन, कटर प्लांटर, रैटून मैनेजमेंट डिवाईस, ट्रेंच ओपेनर आदि शामिल रहेंगे। इस योजना से सीमांत एवं छोटे किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा, जो महंगे उपकरण नहीं खरीद पाते। अब वे बुआई, फसल प्रबंधन, कीट नियंत्रण और कटाई के लिए किफायती किराये पर आधुनिक मशीनें ले सकेंगे। सरकार मशीनों की खरीद पर सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के किसानों को 50 प्रतिशत तक का अनुदान दे रही है।

**यंत्र बैंक के लिए 8 लाख तक की सहायता, आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइनः** पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक खेती के लिए फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर 75 प्रतिशत और बीज उपचार यंत्रों पर सर्वाधिक 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा, यंत्र बैंक स्थापित करने वाले किसानों या समूहों को अधिकतम 8 लाख तक की आर्थिक सहायता मिलेगी। पारदर्शिता के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक किसान कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। सत्यापन के बाद अनुदान की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। बिचौलियों से मुक्त यह पारदर्शी व्यवस्था गन्ना उद्योग और किसानों के विकास को नई दिशा देगी। बिहार सरकार गन्ने की खेती को आधुनिक और लाभदायक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 34.60 करोड़ की इस योजना का सीधा लाभ छोटे किसानों को मिलेगा। नए यंत्र बैंक कम लागत में आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराकर उत्पादन बढ़ाएंगे।

संजय कुमार, मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग

# बिना सबूत पेश किये, बेबुनियाद आरोप लगाना बंद करे राजद : शिवेश

- रिशु श्री मामले पर भाजपा का पलटवार, कहा- राजद नेता बताएं मेडिकल कॉलेजों का टेंडर कैसे मिला

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भाजपा के राज्यसभा सांसद शिवेश राम ने रिशु श्री प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय जनता दल पर पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राजद सांसद सुधाकर सिंह के भ्रष्टाचार पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने कार्यकाल और अपने नेताओं के आचरण का जवाब दे। शिवेश राम ने कहा कि राजद नेताओं को सबसे पहले यह बताना चाहिए कि उनके सत्ता में रहते कितना कमीशन लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस रिशु श्री की चर्चा की जा रही है उनका तेजस्वी यादव से अच्छे सम्बन्ध हैं। यह तेजस्वी के बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहते दिखा भी था। सांसद ने सवाल किया कि भोजपुर मेडिकल कॉलेज और मुंगेर मेडिकल कॉलेज के निर्माण का ठेका महाराष्ट्र की कंपनी नियति कंस्ट्रक्शन को किस आधार पर दिया गया था। उन्होंने पूछा कि जिस कंपनी के पास पर्याप्त अनुभव नहीं था, उसे टेंडर कैसे मिला और इस पूरी प्रक्रिया में कितने रुपये का सौदा हुआ था। सांसद शिवेश राम ने कहा कि राजद नेताओं को किसी पर भी आरोप लगाने से पहले अपने दामन में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार या मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और दोषियों को कानून के अनुसार जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और किसी भी आरोपी को राजनीतिक संरक्षण नहीं दिया जाएगा। शिवेश राम ने राजद से अपील करते हुए कहा कि यदि उसके पास किसी भी मामले में कोई ठोस साक्ष्य है तो वह उसे सार्वजनिक करे और संबंधित जांच एजेंसियों को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि बिना प्रमाण के लगातार आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास करना लोकतांत्रिक राजनीति के लिए उचित नहीं है। भाजपा ने स्पष्ट किया कि एनडीए सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांत पर काम कर रही है तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## राम मंदिर से चढ़ावा नहीं, करोड़ों आस्थावानों की श्रद्धा की लूट हुईः सुधाकर


पटना। राष्ट्रीय जनता दल सांसद सुधाकर सिंह ने राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की ओर से सवाल उठाए जाने पर कहा कि मंदिर से सिर्फ चढ़ावा चोरी ही नहीं हुआ है, बल्कि करोड़ों आस्थावानों की श्रद्धा की लूट हुई है। राजद सांसद ने कहा कि मैं धार्मिक मामलों का विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन कई पुजारियों और धर्मगुरुओं से सुना है कि प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान रीति-रिवाजों और प्रक्रियाओं का ठीक से पालन नहीं किया गया। कई शंकराचार्यों ने भी ऐसा कहा है। अनुष्ठान ठीक से नहीं हुआ है, इसीलिए प्रकृति नाराज है। आए दिन घटनाएं हो रही हैं। किसी से अब नहीं छिपा है कि मंदिर में पैसों की लूट हुई है। लोगों का विश्वास टूटा है। दिग्विजय सिंह के आरोप कि महाकाल मंदिर चंदे का आरएसएस दुरुपयोग कर रही है, राजद सांसद ने कहा कि सीएम मोहन यादव पर गंभीर आरोप लगे हैं। शायद इसीलिए भाजपा ने उन्हें सीएम बनाया है। मंदिर के आस-पास की जमीनों को प्लाटिंग कर बेचा गया है। दिग्विजय सिंह मध्यप्रदेश से हैं, तो उन्हें ज्यादा जानकारी है। बद्रीनाथ मंदिर में दान के सोने के कथित गबन पर सुधाकर सिंह ने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है। कई साल से खबरें आ रही हैं कि बद्रीनाथ और केदारनाथ में सोने को पीतल के तौर पर दर्ज किया गया। असल सोने की परत मरम्मत के दौरान हटाकर पीतल लगा दिया गया। वह सोना कहां गया, इस सवाल का जवाब अब तक नहीं मिला। ये कमेटियां सिर्फ दिखावे के लिए हैं। स्वतंत्र न्यायिक प्रक्रिया के तहत जांच होनी चाहिए। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के बयान पर राजद सांसद ने कहा कि ऐसा लगता है कि अब ध्रुवीकरण उनके पक्ष में काम नहीं कर रहा है, इसलिए वे ऐसे बयान दे रहे हैं।

## स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती समारोह आज

पटना और हाजीपुर में लोजपा आर की भव्य तैयारी

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती समारोह आज पूरे धूमधाम और श्रद्धापूर्वक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की भव्यता को लेकर खास तैयारी की गई है पार्टी के 1 व्हीलर रोड पटना स्थित बिहार प्रदेश कार्यालय में और उनकी कर्मभूमि हाजीपुर स्थित स्वर्गीय रामविलास स्मृति पार्क में और उनके पैतृक ग्राम शहरबनी में भव्य रूप से पद्म भूषण श्रद्धेय रामविलास पासवान जी की जयंती पूरे धूमधाम और पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा राजधानी पटना समेत हाजीपुर और उनके पैतृक ग्राम शहरबनी में सड़कों को पोस्टर और बैनरों से दिया गया है। डॉ भट्ट ने बताया कि इसके अलावे प्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में जिला से संबंधित पदाधिकारी और वहां के स्थानीय नेताओं द्वारा जयंती समारोह आयोजित की जाएगी।

## स्वास्थ्य-पखवारा में अबतक हुआ 567 मरीजों का उपचार



पटना। चिकित्सक-दिवस के उपलक्ष्य में विगत 1 जुलाई से, बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य-पखवारा में, अबतक 567 मरीजों के उपचार किए गए हैं। स्वास्थ्य पखवारा में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक बा-रोगी-विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा, सभी प्रकार के रोगों के उपचार की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है। संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने बताया है कि पखवारा के अंतर्गत संस्थान के विभिन्न विभागों में, सभी प्रकार के रोगों के साथ, नेत्र-जाँच, एक्स-रे, सभी प्रकार की पथोलौजिकल जाँच, फ़िज़ियोथेरापी, स्पीचथेरापी, विकलांगता-जाँच, श्रवण-जाँच आदि की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वरिष्ठ चिकित्सक डा वरुण कुमार शरण, डा संजीत कुमार, डा अभिलाषा कुमारी, डा आदित्य ओझा, डा देवराज, डा संतोष कुमार सिंह, डा नीतीश भारद्वाज, डा नेहा कुमारी आदि चिकित्सक और थेरापिसट्स अपनी नियमित सेवा दे रहे हैं। 15 जुलाई को पखवारा का समापन-समारोह आयोजित किया जाएगा, किंतु बाह्य-रोगी-विभाग समेत सभी चिकित्सकीय विभाग अपनी सेवाएँ देते रहेंगे।

## ग्रामीण गरीबों पर नया टैक्स थोपने की तैयारी बंद करे सरकार : कुणाल

पटना। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर से होल्डिंग, साफ-सफाई, पेयजल आदि के नाम पर टैक्स वसूलने की राज्य सरकार की तैयारी को गरीब-विरोधी और जनविरोधी कदम बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार की डबल इंजन सरकार पहले ही महंगाई, बेरोजगारी, मनरेगा में कटौती, शिक्षा-स्वास्थ्य की बदहाली और लगातार बढ़ते आर्थिक संकट से जूझ रही जनता पर नए-नए बोझ डाल रही है। अब 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं की आड़ में ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार से नगर निकायों की तर्ज पर टैक्स वसूलने की तैयारी की जा रही है। यह गांवों की गरीब, मेहनतकश और किसान आबादी पर नया आर्थिक हमला है। कुणाल ने कहा कि सरकार पहले यह बताए कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कौन-सी बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं ? अधिकांश पंचायतों में नल-जल योजना भ्रष्टाचार और लूट का पर्याय बन चुकी है। लोगों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। गांवों की सड़कों की हालत खराब है।

# पुनौराधाम जानकी मंदिर से विष्णुपद कोरिडोर तक, प्रदेश के कई मंदिरों का हो रहा कायाकल्प

- थावे, अम्बिका भवानी, कुशेश्वर, कात्यायनी सहित कई मंदिरों में चल रही तेज विकास कार्य
- धार्मिक पर्यटन को मिलेगी नई गति

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य में विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों का विकास कार्य हो रहा है। इस कड़ी में प्रमुख तीर्थ स्थलों पर सौंदर्यीकरण, विस्तार और आधुनिक सुविधाओं का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में माता सीता की जन्मभूमि पर जानकी मंदिर को अयोध्या श्री राम मंदिर की तर्ज पर भव्य रूप दिया जा रहा है। इस परियोजना में मुख्य मंदिर का भव्य निर्माण, लाइब्रेरी, संत निवास, प्रेक्षा गृह, माता जानकी कुंड का विकास और अन्य पर्यटन सुविधाएं शामिल हैं। इसमें पाईलिंग का कम शुरू हो गया है। श्री राम मंदिर डिजाइन टीम की ओर से तैयार किए गए प्लान में पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का सुंदर समन्वय है।

इस परियोजना को 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा। यह विकास मिथिला क्षेत्र को वैश्विक आस्था का केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी तरह गया जिले के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में भी विश्व स्तरीय विकास कार्य जोरों पर है। मुख्य भवन का निर्माण, फल्गु नदी के रिवर फ्रंट से मुख्य मंदिर तक 42 मीटर चौड़े पाथवे का निर्माण, बस डिपो विकास और समग्र पाथवे सुधार शामिल हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर तैयार हो रहे इस प्रोजेक्ट की पूर्णता 2027 तक होने वाली है। पिंडदान की परंपरा वाले इस पावन स्थल के विकास से लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिलेगा और गया पर्यटन मानचित्र पर और चमक जाएगा। मुंगेर जिले के तारापुर में ईशा फाउंडेशन (सद्गुरु जग्गी वासुदेव) को 15.01 एकड़ सरकारी भूमि 99 वर्ष की लीज पर 1 रुपये के प्रतीकात्मक शुल्क पर दी गई है। यहां भव्य आदियोगी प्रतिमा के साथ आधुनिक योग एवं आध्यात्मिक केंद्र विकसित किया जाएगा, जो धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देगा।

गोपालगंज जिले के प्रसिद्ध थावे मंदिर परिसर में प्रवेश द्वार, तालाब विकास, कचरा प्रबंधन, यात्री निवास का जीर्णोद्धार, वाटर कियोस्क, पैदल पाथवे और बाह्य विद्युतीकरण का कार्य 2026 में ही पूरा हो जाएगा। सारण जिले के अम्बिका भवानी मंदिर में दुकान एवं कियोस्क, फ्लोरिंग, घाट विस्तारीकरण तथा पाथवे का विकास जल्द पूरा होने वाला है। सोनपुर के हरिहर नाथ क्षेत्र को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। कैमूर के प्राचीन मुंडेश्वरी मंदिर, पटना जिले के बाढ़ में उमानाथ मंदिर (कम्युनिटी सेंटर, डेकोरेटिव चारदीवारी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, फाउंटेन आदि के साथ, पूर्णता 2027), शेखपुरा के समस विष्णुधाम मंदिर बरबीघा (58 प्रतिशत पूर्ण, 2027 में होगा पूरा), खगड़िया की मां कात्यायनी स्थान मंदिर (60 प्रतिशत पूर्ण, 2026 अंत तक होगा पूरा), दरभंगा के कुशेश्वर स्थान (चारदीवारी, घाट, पाथवे, थीमेटिक गेट, पार्किंग, कम्युनिटी हॉल आदि, 2027 में होगा पूर्ण) और जमुई जिले के पत्नेश्वर धाम (40 प्रतिशत पूर्ण, 2026 अंत तक होगा पूर्ण भी) में भी घाट सौंदर्यीकरण, गेस्ट हाउस, विद्युतीकरण और अन्य सुविधाओं का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेगी, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

केंद्र सरकार की तीर्थ यात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान और राज्य सरकार की पहल से चल रही इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन का नया हब बनेगा। रामायण सर्किट, बौद्ध सर्किट और शिव सर्किट से जुड़े ये विकास कार्य न केवल आस्था को मजबूत करेंगे बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण और आर्थिक प्रगति का भी माध्यम बनेंगे।

# पटना इस्कॉन से 16 को भगवान जगन्नाथ की निकलेगी भव्य रथ यात्रा

- 40 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर भगवान सवार होंगे
- 108 प्रकार के पकवान का भोग लगाया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। बुद्ध मार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर से 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 1:00 बजे विशेष पूजा के बाद यह यात्रा शुरू होगी। इसमें 40 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर भगवान सवार होंगे और 108 प्रकार के पकवान का भोग लगाया जाएगा। यह रथयात्रा बुद्धमार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर से निकलकर तारामंडल, इनकम टैक्स गोलंबर, हाईकोर्ट, न्यू म्यूजियम, पटना वीमेंस कॉलेज, कोतवाली थाना, डाकबंगला चौराहा और मौर्यलोक होते हुए वापस इस्कॉन मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर वृंदावन, मायापुर से कीर्तन के लिए लोग आएंगे। इस भव्य धार्मिक आयोजन में पटना और आसपास के क्षेत्रों से 4 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। रथ यात्रा के दिन दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक बुद्धमार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर में भगवान की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती होगी। इसके बाद भव्य रथ यात्रा की शुरूआत होगी।

रथ यात्रा के दौरान दोपहर 12 बजे से लेकर रात 9 बजे तक पूरे मार्ग और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की ओर से अखंड भजन-कीर्तन का गायन किया जाएगा। महाप्रभु के स्वागत के लिए रथ यात्रा के पूरे मार्ग को बेहद खूबसूरती से सजाया जाएगा। रास्ते में जगह-जगह पर भव्य और आकर्षक रंगोली बनाई जाएगी, जिसे बनाने के लिए पटना के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों और बाहर से भी विशेष कलाकार आ रहे हैं। इसके साथ ही, पूरी यात्रा के दौरान भगवान और श्रद्धालुओं पर लगातार पुष्प वर्षा की जाएगी। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए जाएंगे।इस्कॉन मंदिर प्रबंधन को-चेयरमैन रमन मनोहर दास और आदिकर्ता दास ने पटना के समस्त श्रद्धालुओं से इस पावन रथ यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ के रथ की डोरी खींचने मात्र से ही जीवन के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अतः सभी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर महाप्रभु का आशीर्वाद लें और पुण्य के भागी बनें।

# साधारण दिखने वाले अमरनाथ जी इतने असाधारण पत्रकार क्यों थे ?

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। पूर्वोत्तर भारत की पत्रकारिता से राष्ट्रीय पहचान बनाने वाले पत्रकार अमरनाथ झा अपने गृह प्रदेश बिहार की राजधानी पटना की श्रद्धांजलि सभा में अलग अंदाज में याद किए गए । बुधवार को पटना के माध्यमिक शिक्षक संघ के सभागार में जनवादी लेखक संघ, सबाल्टर्न पत्रिका परिवार और पटना के पत्रकार समाज की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकार, साहित्यकार, प्रोफेसर, सामाजिक कार्यकताओं और अपने रक्तकुल के परिजनों की उपस्थिति में अमरनाथ जी याद किए गए। वरिष्ठ साहित्यकार रविन्द्र भारती ने कहा कि अमरनाथ उम्र में मुझसे छोटे थे और मुझे उनकी श्रद्धांजलि में आना पड़ेगा। ऐसा अकल्पीय था। समाजशास्त्री महेंद्र सुमन ने बताया कि गोवा मुक्ति आंदोलन के 75 वर्ष पर जो स्मारिका छपी थी, उसके प्रकाशन में उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण थी। प्रोफेसर सफदर इमाम कादरी ने कहा कि साधारण अमरनाथ ने अपने अदम्य संघर्ष से खुद को असाधारण बनाया। यही उसके होने का आकर्षण था।उसकी यही अपनी चमक थी। कथाकार शिवदयाल ने कहा कि साधारण दिखने वाले अमरनाथ जी साधारण नहीं थे। यह उनकी श्रद्धांजलि में आकर जाहिर हुआ। शिक्षाविद ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने बताया कि 21 वीं सदी में उनमें नदियों से प्रेम जगा।

नदियों से प्रेम करते हुए, नदियों के बारे में बातें करते हुए वे बहुत बेचैन होते रहते थे। बीबीसी पत्रकार सीटू तिवारी ने कहा कि अमरनाथ जी एक धारा के विशेषज्ञ थे। इनकी अकादमिक पूंजी काफी मजबूत थी इसलिए हम सदृश पत्रकारों के लिए वे अनुकरणीय थे। इंडिया टुडे के पत्रकार पुष्यमित्र ने कहा कि उनकी सबसे अच्छी खूबी यही थी कि वे अपने बारे में किसी से कुछ नहीं बताते थे। एनआईटी पटना की टॉपर श्रद्धा ने बताया कि मेरे पिताजी जनसंघ के प्रांतीय नेता थे। पत्रकार मनीष शांडिल्य ने कहा कि उसकी असलियत और अनुपयोगिता के बारे में सोचना ही अमरनाथ जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इंजीनियर संतोष यादव ने बताया कि वे जनपक्षधर पत्रकारिता के सजग प्रहरी थे। पूर्वोत्तर विषयों के कथाकार चितरंजन भारती, अर्थशास्त्र के प्राध्यापक डॉ.मनोज प्रभाकर, अंग्रेजी के प्राध्यापक डॉ.घनश्याम, पत्रकार राजेश ठाकुर, पत्रकार सुमिता जायसवाल, पत्रकार अनंत, शोधार्थी आशुतोष, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर, श्याम बाबू सहित कई बुद्धिजीवी सभा में शरीक हुए। पत्रकार कुलभूषण ने आगतों के प्रति धन्यवाद प्रकट किया तो पुष्पराज ने सभा का संचालन किया। कार्यक्रम के संयोजन में अरुण नारायण ने महती भूमिका निभाई।

## सभी जिला मुख्यालयों पर आज उत्सव के रूप में मनेगा राजद का 30 वां स्थापना दिवस : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि रविवार को यानी आज राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस समारोह राज्य भर में उत्सव के रूप में जिला स्तर पर जिला मुख्यालय में एवं पटना जिला और महानगर राष्ट्रीय जनता दल कि ओर से राज्य कार्यालय के कपूर्री सभागार में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। एजाज ने आगे बताया कि स्थापना दिवस के लिए 30 जून से ही राज्य मुख्यालय के परिसर और बाहर में सजावट एवं प्रकाश के साथ सौंदर्यीकरण करके राज्य कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया है। पटना के विभिन्न चौक चौराहे पर पोस्टर और बैनर के माध्यम से कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में लोगों को जानकारी दी जा रही है। एजाज ने आगे बताया कि 05 जुलाई को स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिला प्रभारी और सह प्रभारी सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधान पार्षद, गत लोकसभा और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष, जिला के प्रधान महासचिव, जिला पदाधिकारी, प्रखंडों के अध्यक्ष सहित सक्रिय पार्टी नेताओं के साथ संबंधित जिला से राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश के पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष, जिला के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित रहेंगे। पटना जिला एवं महानगर के द्वारा प्रदेश कार्यालय के कपूर्री सभागार में स्थापना दिवस उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, रविवार, 05 जुलाई, 2026
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें


## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने विभूतिपुर पीएचईडी कनीय अभियंता का वेतन रोका, तीन दिनों में मांगा स्पष्टीकरण

विभूतिपुर/समस्तीपुर। सरकारी कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। समस्तीपुर जिलाधिकारी ने विभूतिपुर प्रखंड के पीएचईडी के कनीय अभियंता का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया है।यह कार्रवाई ह्यसहयोग शिविरह्व में खराब प्रदर्शन और जन शिकायतों के निपटारे में रुचि न लेने के कारण की गई है।बताया गया है कि 16 जून 2026 को विभूतिपुर के मुस्तफापुर और मोहम्मदपुर सकड़ा पंचायत में आयोजित शिविर में कनीय अभियंता का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया था। जिला आपूर्ति पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट के बाद डीएम ने इसे मनमाना और स्वेच्छाचारी रवैया माना। जिलाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कनीय अभियंता से तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

### टोटो चोरी कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के चांदसुरारी से टोटो चोरी कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ा। जमकर धुनाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया है कि चांदसुरारी निवासी अखिलेश कुमार का टोटो दो चोर चोरी कर भाग रहे थे। ग्रामीणों ने चोर को बलुआही पुल के निकट खदेड़कर पकड़ा। पहले जमकर धुनाई की फिर विभूतिपुर थाना को सूचना देकर दोनों चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ाए चोर पुलिस के समक्ष अपना नाम करण राय एवं नितेश झा बताया। दोनों कल्याणपुर का रहने वाला है। इस संबंध में टोटो मालिक चांदसुरारी वार्ड 09 निवासी अखिलेश कुमार ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है। थाना अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने बताया कि मामले का कांड अंकित की गई है। दोनों पकड़ाए चोर को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

### विद्यालय में छात्र की कथित पिटाई पर विधायक ईश्वर मंडल ने जताई चिंता निष्पक्ष जांच की मांग

दरभंगा। शहर से सटे मनीगाछी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, देविपुर फुलवन में कक्षा 5 के छात्र एवं अरुण यादव के पुत्र दिलखुश कुमार के साथ विद्यालय के शिक्षक राम प्रसाद राम द्वारा की गई कथित बेरहमी से मारपीट की घटना पर स्थानीय विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने गहरा दुःख एवं चिंता व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। विधायक श्री मंडल ने पीड़ित छात्र एवं उसके परिजनों से निजी अस्पताल में मुलाकात कर उनका हालचाल जाना, बच्चे का हौसला बढ़ाया तथा परिवार को निष्पक्ष जांच और न्याय का पूरा भरोसा दिलाया।विधायक ने कहा कि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की शारीरिक हिंसा या अमानवीय व्यवहार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। विद्यालय शिक्षा, संस्कार और सुरक्षित वातावरण का केंद्र होता है, जहाँ विद्यार्थियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।उन्होंने बताया कि संबंधित शिक्षक के विरुद्ध पूर्व में भी कई छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट की शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। श्री मंडल ने शिक्षा विभाग से इस मामले में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने तथा विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि अभिभावकों का विश्वास शिक्षा व्यवस्था में बना रहे। इस दौरान बीईओ भी उपस्थित रहें।

### ट्रक की ठोकर से इंटर की छात्रा जख्मी

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत दलसिंह सराय सिंघियाघाट एसएच 88 पर तरुणिया मैदान के सामने ट्रक की ठोकर से दो छात्रा जख्मी हो गए।स्थानीय लोगों द्वारा दोनों जख्मी छात्रा को दलसिंहसराय स्थित निजी क्लिनिक में भारतीय कराया गया जहां इलाज जारी है।जख्मी छात्रा की पहचान महमदपुर सकड़ा वार्ड एक टोला तरुणिया निवासी कैलाश राय की पुत्री राधा कुमारी व शंकर राय की पुत्री सुशीला कुमारी बतायी गयी है। बताया गया है कि राधा कुमारी की कंधे की हड्डी टूट गई है। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर है।घटना के संबंध में बताया गया है कि दोनों छात्रा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मुस्तफापुर से इंटर की परीक्षा देकर घर लौट रही थी।तभी दलसिंहसराय से सिंघिया की ओर जा रही ट्रक ठोकर मारकर भागने लगा।ग्रामीणों की सहयोग से ट्रक को कल्याणपुर चौक पर पकड़ा गया। ग्रामीणों द्वारा ट्रक को खींचकर तरुणिया लाया गया। फिलहाल स्थानीय लोग मामले की सुलह में जुटे हुए हैं।

# ग्रीनफील्ड सेटेलाइट टाउनशिप के रूप में दरभंगा में उपलब्ध होंगे विश्वस्तरीय नागरिक सुविधाएं : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सरकार के द्वारा सेटेलाइट टाउनशिप के लिए मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णय के आलोक में सरकार और हुडको कंपनी के बीच 1 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के लिए हुए समझौते पर स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इसे दरभंगा सहित पूरे मिथिला क्षेत्र के विकास के लिए दूरगामी पहल बताया है। सांसद डा ठाकुर ने बिहार सरकार के द्वारा राज्य मे दरभंगा सहित क्षेत्रीय 11 नया ग्रीनसेटेलाइट टाउनशिप बनाए जाने के निर्णय को बिहार के विकास में मील का पत्थर बताते हुए कहा है कि दरभंगा में मिथिला ग्रीन सिटी के नाम से नए स्टेटलाइट शहरिकरण के निर्माण से दरभंगा के विकास की चर्चा न केवल देश बल्कि वैश्विक मंच पर यहां की प्रतिष्ठा स्थापित होगी तथा दरभंगा की पहचान को एक नया आयाम स्थापित होगा। सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व में हुडको से हुए समझौते की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा व्रतकि मिथिला सिटी में दरभंगा शहर में 1600 एकड़ जमीन में इस टाउनशिप का विकास होगा जिसमें हनुमाननगर, बहादुरपुर तथा केवटी अंचल के 102 राजस्व गांव की भूमि को चिन्हित किया गया है तथा मिथिला क्षेत्र में एक नए मॉडल सिटी का निर्माण होगा जिसमें स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, चौड़ी सड़क, स्कूल, कॉलेज, इंडस्ट्री, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सहित सभी तरह की डिजिटल और आधुनिक सुविधाएं बहाल होगी।उन्होंने बताया कि बिहार सरकार का लक्ष्य राज्य में शहरीकरण को 35 प्रतिशत तक आगे बढ़ाना है एवं इसमें चिन्हित जमीन के लिए किसानों के आवेदन पत्र 30 दिनों के अंदर किसानों को मुआवजा मिलेगा। सांसद डा ठाकुर ने इस सेटेलाइट टाउनशिप की होने वाली खूबियों की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें आधुनिक आधारभूत संरचना, बेहतर आवासीय सुविधा, रोजगार के नए अवसर को बढ़ावा मिलेगा। सांसद डा ठाकुर ने कहा कि मिथिला स्मार्ट ग्रीन सिटी के नाम से सेटेलाइट टाउनशिप के निर्माण से दरभंगा की पहचान वैश्विक मंच पर एक उदाहरण साबित होगा।

# मधुबनी में एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थो की आपूर्ति सामान्य,13,086 उपभोक्ताओं ने कराई गैस बुकिंग

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। जिले मेंएलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य और नियंत्रित है। जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके।जिला जनसंपर्क कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 3 जुलाई को जिले में कुल 13,086 एलपीजी उपभोक्ताओं ने गैस बुकिंग कराई। वहीं विभिन्न तेल कंपनियो की ओर से 12,220 गैस सिलेंडरो की आपूर्ति की गई। इसमें आईओसीएल के 5,065, एचपीसीएल के 3,880 तथा बीपीसीएल के 3,275 सिलेंडर शामिल हैं। बुकिंग के अनुरूप सिलेंडरों की आपूर्ति भी तेजी से की जा रही है।जिला प्रशासन ने सभी गैस वितरकों को शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि किसी एजेंसी द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग, उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान करने या वितरण में लापरवाही की शिकायत मिली, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक गैस बुकिंग न करें, घरेलू गैस का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए करे तथा कालाबाजारी, जमाखोरी या अवैध भंडारण की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दे। किसी भी शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06276-222576 पर संपर्क किया जा सकता है। जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त बनी हुई है। 4 जुलाई को जिले में 8.745 लाख लीटर पेट्रोल तथा 11.309 लाख लीटर हाई स्पीड डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने लोगों से पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भंडारण नही करने की अपील करते हुए कहा है कि संपूर्ण स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अयाची नगर युवा फाउंडेशन ने मेधावियो को किया सम्मानित, बांटी छात्रवृत्ति



मधुबनी। लक्ष्मीश्वर एकेडमी, सरिसब-पाही परिसर में अयाची नगर युवा फाउंडेशन द्वारा स्कॉलरशिप एंड प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सुबोध झा, अनिल झा, मधुकर झा, डॉ. नीरजा मिश्र एवं तेजकर झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण मदन झा ने दिया, जबकि संस्था के संस्थापक विक्की मंडल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं के विभिन्न संकायों के 12 मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न स्मृति छात्रवृत्तियों के तहत 10-10 हजार रुपये का चेक एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किया गया। कुल 1 लाख 20 हजार रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। साथ ही 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रानी राज (ऑडिट ऑफिसर, बिहार सरकार) ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मोबाइल का सीमित उपयोग करने की सलाह दी। मदन झा ने कहा कि भविष्य में छात्रवृत्ति की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में धीरज लाभ, प्रवीण झा, सतीश मंडल, रमेश ठाकुर, नंदू ठाकुर, अमल झा, पवन झा एवं आशीष झा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

## ट्रक चालक था युवक, सुल्तानगंज में हाईवा व ट्रक में हुआ टक्कर

प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर के युवक का सुल्तानगंज में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गया।मृतक कल्याणपुर उत्तर वार्ड 15 निवासी हरेकिशुन राय का 26 वर्षीय पुत्र राम बाबू राय बताया गया है।घटना के संबंध में बताया गया है कि युवक ट्रक चालक था।3 जुलाई शुक्रवार की सुबह वह घर से ट्रक लेकर निकला था।देर रात सुल्तानगंज फोरलाईन सड़क पर ट्रक व हाईवा के बीच आमने सामने जोरदार टक्कर हो गया।इस घटना में ट्रक चालक राम बाबू राय का मौके पर ही मौत हो गया।घटना की सूचना मिलते ही गांव में जहां मातमी सन्नाटा छाया हुआ है वही मृतक की माता नीलम देवी,पत्नी मंजू कुमारी सहित परिजनों का रो -रो कर बुरा हाल हो रहा है।मृतक दो भाइयों में वकील राय से छोटा था।बड़े भाई वकील राय भी ट्रक चालक ही है।मृतक के दो छोटे छोटे पुत्र दिब्याश कुमार व दिव्यांश कुमार है।परिवार का एक मात्र सहारा रामबाबू ही था।ट्रक चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था।रामबाबू के मौत के बाद जहां परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।वही दोनों बच्चों के सर से पिता की छाया हटते ही अनाथ हो गए।वही घटना की जानकारी मिलते ही वार्ड सदस्य अशोक कुमार राय, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि पुरुषोत्तम कुमार,सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी पीड़ित परिवार को सांत्वना दें रहे थे।समाचार लिखे जाने तक युवक शव घर नहीं लाया गया था।

# बिजली संकट और एसएफआई नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ आंदोलन का ऐलान



विभूतिपुर/समस्तीपुर। भारत की जनवादी नौजवान सभा विभूतिपुर अंचल कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को बासोटोल स्थित एक कोचिंग संस्थान में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष अवधेश कुमार ने की, जबकि संचालन और पर्यवेक्षण जिलाध्यक्ष महेश कुमार की देखरेख में हुआ।बैठक में 6 जुलाई को एसएफआई के राज्य अध्यक्ष सहित 39 लोगों की गिरफ्तारी के खिलाफ नगर नगरनौसा चलने तथा 21 जुलाई को विभूतिपुर में बिजली की बदहाल स्थिति को लेकर बिजली कार्यालय नरहन के समक्ष प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। बैठक में अंचल मंत्री बबलू कुमार, विद्यानंद विद्यार्थी, संजय कुमार, अर्जुन दास, सुरेंद्र दास, चंदन कुमार ,अवनीश कुमार ,प्रवीण कुमार, रणजीत राम आदि मौजूद थे।

# माधव आनंद की पहल लाई रंग, मधुबनी में केंद्रीय विद्यालय संचालन का मार्ग हुआ प्रशस्त

## मधुबनी के शैक्षणिक विकास को मिलेगी नई गति, विद्यार्थियो के लिए खुलेगा राष्ट्रीय शिक्षा का द्वार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की दिशा में लंबे समय से चल रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। केंद्रीय विद्यालय के संचालन का मार्ग अब लगभग प्रशस्त हो गया है। वाटसन 10+2 विद्यालय, मधुबनी की प्रबंधन समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन के निर्माण एवं आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकसित होने तक अपने विद्यालय परिसर से केंद्रीय विद्यालय का संचालन कराने के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) देने का निर्णय लिया है।वाटसन 10+2 विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं मधुबनी विधायक माधव आनंद ने बताया कि यह निर्णय जिले के विद्यार्थियों के हित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता तथा जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के संचालन के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप विद्यालय परिसर में आवश्यक मरम्मत, कक्षाओं का उन्नयन, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं आवश्यक कार्यों को भी प्रबंधन समिति ने स्वीकृति प्रदान कर दी है, ताकि विद्यालय का संचालन बिना किसी बाधा के शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी आनंद शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार झा तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी अक्षय कुमार पांडेय को विधिवत अवगत करा दिया गया है। साथ ही केंद्रीय विद्यालय के संचालन से संबंधित आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकता ओं को शीघ्र पूरा करने के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से सहयोग का अनुरोध किया गया है।माधव आनंद ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन के समन्वित प्रयासों से सभी आवश्यक प्रक्रियाएं जल्द पूरी होंगी और मधुबनी में केंद्रीय विद्यालय का संचालन शीघ्र प्रारंभ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा तथा उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध होगा।उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय का संचालन प्रारंभ होना केवल एक शैक्षणिक संस्थान की शुरूआत नहीं, बल्कि जिले के हजारों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की वर्षों पुरानी अपेक्षाओं के पूरा होने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे मधुबनी के शैक्षणिक विकास को नई गति मिलेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। विधायक ने इस निर्णय के लिए वाटसन 10+2 विद्यालय की प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया यह निर्णय जिले के शैक्षणिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सभी संबंधित पक्षों के समन्वित प्रयास से ही विकास को नई दिशा मिल सकती है। उन्होंने दोहराया कि शिक्षा उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और मधुबनी को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# महात्मा डीजल सर्विस पेट्रोल पंप पर पिस्तौल तानकर दहशत फैलाने की कोशिश

● दो गिरफ्तार दो देसी पिस्टल व तीन कारतूस बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर थाना क्षेत्र स्थित कमला बाड़ी महात्मा डीजल सर्विस पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को तेल भरवाने के दौरान हुए विवाद में चार युवको ने हथियार दिखाकर दहशत फैलाने की कोशिश की। हालांकि पेट्रोल पंप कर्मियो और स्थानीय लोगो की सूझबूझ से दो युवकों को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि उनके दो साथी फरार होने में सफल रहे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार युवको के कब्जे से दो देशी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस ने दोनो आरोपितो के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जबकि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।पुलिस के अनुसार शुक्रवार को तीन मोटरसाइकिलो पर सवार चार युवक महात्मा डीजल सर्विस पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने पहुंचे थे। तेल भरवाने के बाद किसी बात को लेकर नोजल कर्मी से उनका विवाद हो गया। इसी दौरान वहां मौजूद एक ग्राहक ने बीच-बचाव का प्रयास किया, जिससे नाराज युवको ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कमर में छिपाकर रखा पिस्तौल निकालकर उस पर तान दिया। हथियार निकलते ही पेट्रोल पंप परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोगो में दहशत फैल गई।घटना की जानकारी मिलते ही पेट्रोल पंप के मैनेजर, कर्मचारियो तथा स्थानीय लोगो ने चारो युवको को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान दो युवक भाग निकले, जबकि दो आरोपितो को हथियार सहित दबोच लिया गया। सूचना पर जयनगर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगो ने पकड़े गए दोनो आरोपितो को दो देशी पिस्टल, पिस्टल की मैगजीन, तीन जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल के साथ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सभी सामानो को विधिवत जब्त कर दोनों आरोपितो को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपितो की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर कबीर चौक निवासी राकेश कुमार सिंह, पिता तपेश्वर सिंह तथा तेरहा कोरड्या निवासी गोपाल यादव, पिता ईश्वरदेव यादव के रूप में हुई है। दोनो के विरुद्ध जयनगर थाना में आर्म्स एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओ में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है तथा फरार दोनो आरोपितो की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानो पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# सीमावर्ती किसानो को मिला मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण 20 किसानो के बीच मधुमक्खी बॉक्स वितरित



● सीमावर्ती गांवो के किसानो को तकनीकी प्रशिक्षण, रोजगार सृजन पर रहा विशेष जोर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। राजनगर 18वीं वाहिनी, राजनगर द्वारा शनिवार को सीमा चौकी अंधारबन के कार्यक्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लक्ष्मीपुर में नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2026-27 के तहत मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण, मधुमक्खी बॉक्स वितरण तथा मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय पूर्णिया मधुकर अमिताभ तथा 18वीं वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर कोजा राम लोमरोड़ का ग्राम विकास परिषद (एनजीओ) के सचिव षष्ठी नाथ झा ने पुष्पगुच्छ, पाग एवं दुपट्टा भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद उप महानिरीक्षक ने लौकहा के विधायक सतीश कुमार साह का भी सम्मान किया।कार्यक्रम में सीमावर्ती ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन के माध्यम से स्वरोजगार एवं आय बढ़ाने के अवसरो की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने मधुमक्खियों की विभिन्न प्रजातियों, कॉलोनी प्रबंधन, बॉक्स की देखभाल, रोग एवं कीट नियंत्रण, शहद संग्रहण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग तथा विपणन की तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। साथ ही राष्ट्र सुरक्षा में आम नागरिकों की भूमिका पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर जीवंत गांव पिपराही, अंधारबन, लक्ष्मीपुर, बनरझूली, हरभंगा एवं थारूवाही के 20 सीमावर्ती किसानों को एक-एक मधुमक्खी बॉक्स तथा प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया, सरपंच, लौकहा थानाध्यक्ष, एपीएफ पोस्ट कमांडर बेलही, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षक, प्रशिक्षक, एसएसबी के अधिकारी एवं जवान तथा बड़ी संख्या में सीमावर्ती ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिको को आत्मनिर्भर बनाना, रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना तथा सीमावर्ती क्षेत्र के विकास एवं नागरिको के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

# 5 जुलाई के विधानसभा मार्च को सफल बनाने की रणनीति पर भाकपा की बैठक

## जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने का किया ऐलान

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) दरभंगा जिला परिषद की बैठक शनिवार को लालबाग स्थित अजय भवन में सहायक जिला मंत्री राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला सचिव नारायण जी झा के प्रस्ताव पर आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई। विशेष रूप से 15 जुलाई को विभिन्न जन संगठनों के प्रस्तावित विधानसभा मार्च को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य मिथिलेश झा ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है तथा बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियां अपना रही है। उन्होंने कहा कि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाकपा लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी आंदोलन तेज करेगी। जिला मंत्री नारायण जी झा ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से आम लोग परेशान हैं। उन्होंने बिजली आपूर्ति की अनियमितता और मनरेगा को कमजोर किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन मुद्दों को लेकर 15 जुलाई को विधानसभा मार्च के माध्यम से सरकार का घेराव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 से 15 अगस्त तक गांव-गांव पदयात्रा चलाकर सरकार की नीतियों को जनता के बीच रखा जाएगा तथा 1 सितंबर को केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन में दरभंगा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में बिहार राज्य किसान सभा, ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस, खेत मजदूर यूनियन, अखिल भारतीय नौजवान सभा, ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन तथा प्रगतिशील महिला समाज सहित विभिन्न जन संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में किसान सभा के जिला सचिव अहमद अली तमन्ने, अधिवक्ता दिलीप कुमार मिश्रा, मणिकांत झा, राम उदगार साहू, चंद किशोर झा, लाल बिहारी भगत, शशि रंजन प्रताप सिंह, मोहम्मद कलाम, आनंद मोहन, दीपक मिश्रा, मनोज पासवान, मुखिया किसलय कुमार, ट्रेड यूनियन नेता प्रदीप कुमार मिश्रा, सुकुमारी देवी सहित अन्य नेताओं एवं कार्यकताओं ने अपने विचार रखे।

# डॉ शबनम कुमारी ने कार्यक्रम समन्वयक 2 के रूप में किया योगदान

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से कुलसचिव द्वारा निर्गत पत्र के आलोक ने डॉ शबनम कुमारी ने विश्वविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक-2 के रूप में कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा के समक्ष योगदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक-1 डॉ आर एन चौरसिया, उप कुलसचिव (प्रथम) डॉ उमाकान्त पासवान, एनएसएस सहायक अमित कुमार झा, रवीन्द्र कुमार सिंह, रवि कान्त गुप्ता, अमित कुमार, आस्थानन्द यादव एवं चंदन यादव आदि उपस्थित थे। योगदान के उपरांत डॉ शबनम कुमारी ने शिष्टाचार भेंट स्वरूप कुलसचिव को बुके प्रदान किया, जबकि सहायक अमित कुमार झा ने मिठाई खिलाकर उपस्थित लोगों का मुंह मीठा कराया। कुलसचिव ने डॉ शबनम को बधाई देते हुए अच्छे से कार्य करने का निर्देश दिया। डॉ चौरसिया ने कहा कि प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कॉलेजों की एनएसएस इकाई के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करता है, जिसकी भूमिका मार्गदर्शक, प्रबंधक एवं नेतृत्व कर्ता की होती है। ज्ञातव्य है कि डॉ शबनम कुमारी बीआरबी कॉलेज, समस्तीपुर में 2022 से ही एनएसएस के पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रही हैं। वर्तमान में उनका डेपुटेशन एम आर महिला कॉलेज, दरभंगा में राजनीति विज्ञान की शिक्षिका के रूप में किया गया है। डॉ शबनम ने कहा कि एनएसएस की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करना मेरी प्राथमिकता होगी।

# सखी वार्ता में महिलाओं को अधिकार, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

मधुबनी। महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वावधान में राजनगर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-192 पर शुक्रवार को सखी वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और किशोरियो को उनके अधिकार, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण तथा केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एकल सहायता केंद्र, महिला सशक्तिकरण जिला केंद्र तथा विभा शंकर फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, महिला सुरक्षा, बचत, बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा झा ने महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, एनीमिया, पोषण और अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियो और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# रंगदारी मांगने को लेकर थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के केराई वार्ड 05 निवासी लक्ष्मण सहनी ने रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में आवेदन दिया। जिसमें गांव के ही कतिपय लोगों को आरोपित किया है। बताया है। बताया है कि 2 जुलाई को अपना पोखर देखने गया।जहां गांव के ही कतिपय लोग पोखर में मछली मार रहे थे। मना करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारु हो गया।बोला पोखर में मछली मारना है तो प्रत्येक महीना 50 हजार रुपया रंगदारी देना होगा। नहीं तो मछली लूट लेंगे। वे लोग पोखर के भींडा पर बसे हुए हैं। बराबर मछली लूट लेता है। बोलने पर मारपीट करने लगता है। इससे पूर्व भी मछली लूट लिया था जिसकी पंचायत हुई थी।

# केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को कार्यकताओं घर-घर तक पहुंचायें : सतीश चंद्र दुबे

● डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मरण पर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन, राष्ट्र निर्माण व संगठन सशक्तिकरण पर जोर



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी के दरभंगा जिला कार्यालय में राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पक्ष के अवसर पर जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ह्ववंदे मातरमह्व के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि ह्वएक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेह्व का उनका उद्घोष आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के अधूरे संकल्प को पूरा किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से उन्हें घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और जनसेवा का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वैचारिक नींव डॉ. मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आग्रह किया। दरभंगा सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का राष्ट्र की एकता के लिए संघर्ष भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है तथा मिथिला सहित बिहार में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। सम्मेलन से पूर्व सभी मोर्चों के पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की अलग-अलग संगठनात्मक बैठकें हुईं, जिनमें बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और सेवा गतिविधियों को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय चौधरी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सुजीत मल्लिक ने किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विशेष सचिव बिहार सरकार ने मनीगाछी एमओ के विरुद्ध जांच का आदेश डीएम को दिया

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनीगाछी शमरूल हसन द्वारा प्रखंड के डीलरों एवं गैस एजेंसी से लगातार किए जा रहे आर्थिक दोहन की जांच डी एम द्वारा की जाएगी इस संबंध में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जदयू (यूथ) द्वारा एक परिवाद पत्र दायर किया गया था। जिसका संज्ञान लेते हुए सरकार के विशेष सचिव उपेंद्र कुमार के निर्देश पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने दरभंगा डीएम से मनीगाछी के आपूर्ति पदाधिकारी पर लगे आरोपों की जांच कर इसकी रिपोर्ट तलब की है। विभाग के विशेष सचिव उपेन्द्र कुमार द्वारा 30 जून 2026 को जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, युवा जनता दल (यूथ) डॉ. अशरफ हुसैन द्वारा विभागीय मंत्री को भेजे गए शिकायत पत्र के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मनीगाछी के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शमरूल हसन द्वारा जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के दुकानदारों, एलपीजी गैस वितरकों तथा प्रखंड के अन्य व्यवसायियों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा है। यहां यह विशेष ज्ञातव्य है कि गत पांच माह पूर्व प्रखंड के डीलरों ने भी एम ओ द्वारा किए जा रहे आर्थिक एवं मानसिक शोषण से मुक्ति दिलाने का आग्रह जिलाधिकारी से किया था प्रत के प्रति विभागीय मंत्री को भी भेजी गई थी। विशेष सचिव ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# शिक्षाशास्त्री में नामांकन के लिए प्रथम मेधा सूची जारी

दरभंगा। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में सत्र 2026-28 के शिक्षाशास्त्री (बी. एड.) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए प्रथम चरण की मेधा सूची प्रकाशित कर दी गई है। प्रथम मेधा सूची में 80 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। विभाग में कुल 100 सीटें निर्धारित हैं, जबकि प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 108 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही मेधा सूची प्रकाशित किया गया है। विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ. रामसेवक झा ने बताया कि प्रथम मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 3 जुलाई से 9 जुलाई तक पोर्टल पर जाकर आनलाइन 3,000 रुपये जमा कर अपनी सीट सुरक्षित करनी होगी। पंजीयन शुल्क प्राप्त अभ्यर्थी अगले दिन शिक्षाशास्त्र विभाग पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

# मंदिर में पूजा करने के दौरान प्रोपर्टी डीलर की गोली मार कर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के डेरा चौक स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे किताब व्यवसायी और प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा उर्फ श्याम सुंदर प्रसाद की शनिवार सुबह अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद इलाके में दहशत और मातम का माहौल है, जबकि पुलिस हत्या के पीछे जमीनी रंजिश, कारोबार की अदावत और अन्य एंगल से तहकीकात में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, श्याम कुमार रोज की तरह मंदिर में पूजा करने पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर बेहद करीब से फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। चश्मदीदों का कहना है कि बदमाशों ने तब तक फायरिंग की, जब तक श्याम कुमार लहूलुहान होकर जमीन पर नहीं गिर पड़े। इसके बाद हमलावर हथियार लहराते हुए आराम से मौके से फरार हो गए।घायल कारोबारी को आनन-फानन में इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसकेएमसीएच) ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में लोग अस्पताल व घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए हैं। परिजनों का कहना है कि श्याम कुमार को दो गोलियां लगी थीं। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि शूटरों की पहचान और उनके भागने के रूट का पता लगाया जा सके।मृतक श्याम कुमार कुशवाहा इलाके में किताब की दुकान चलाने के साथ-साथ एक पूर्व मुखिया के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का कारोबार भी करते थे। इसी वजह से पुलिस को आशंका है कि हत्या के पीछे जमीन के कारोबार से जुड़ी अदावत या व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता की साजिश हो सकती है। हालांकि पुलिस किसी एक वजह पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। रिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। अपराधियों की पहचान के लिए विशेष टीम गठित कर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। एसएसपी ने भरोसा दिलाया कि इस सनसनीखेज कत्ल में शामिल शूटरों और साजिशकर्ताओं को जल्द कानून के शिकंजे में ला

# भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियों की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के बोचहां थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियों की मौत हो गई। आदिगोपालपुर चौक के पास एक अनियंत्रित कार ने उनकी स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 12 बजे स्कूटी और कार दोनों दरभंगा की ओर से मुजफ्फरपुर की तरफ जा रही थीं। आदिगोपालपुर चौक के समीप पहुंचते ही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतकों में एक युवती की पहचान शरफुद्दीनपुर निवासी राजू चौधरी की पुत्री नेहा कुमारी के रूप में हुई है। दूसरी मृतका की पहचान कराने की प्रक्रिया जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त कार पूर्णिया जिले के पंजीकरण नंबर की है। कार पर एक राजनीतिक दल का झंडा लगा हुआ था। इसके अलावा वाहन से महिलाओं के प्रसाधन से जुड़े सामान भी बरामद होने की बात सामने आई है। हालांकि, पुलिस ने वाहन पर लगे झंडे या उसमें मिले सामान को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलते ही बोचहां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही हादसे के कारणों और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# आशा कार्यकताओं की हड़ताल से बंदरा सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं बाधित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को आशा कार्यकताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के कारण ओपीडी सेवा बाधित रही, जिससे इलाज कराने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मरीज बिना इलाज कराए वापस लौट गए, जबकि कई परिजन डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे। हड़ताल के दौरान प्रदर्शनकारी आशा कार्यकताओं ने सीएचसी के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कुछ समय के लिए बाहरी लोगों की अस्पताल में एंट्री भी बाधित रही। इस दौरान मरीजों के परिजनों और प्रदर्शनकारी आशा कार्यकताओं के बीच कहासुनी की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। आशा कार्यकताओं ने प्रशासन पर उनके साथ अभद्र एवं अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहीं आशा कार्यकताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक उनका अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। उनका आरोप था कि सीएचसी प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल नहीं कर रहा है, जिससे कार्यकताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। स्थिति तनावपूर्ण होने पर सीएचसी प्रभारी डॉ. नौशाद अहमद ने पियर थाना एवं डायल-112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आशा कार्यकताओं को समझाने का प्रयास किया।समझाइस के बाद पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में करीब तीन घंटे तक ओपीडी सेवा संचालित कराई गई, जिसके बाद अस्पताल की व्यवस्था सामान्य हो सकी। सीएचसी प्रभारी डॉ. नौशाद अहमद ने बताया कि हड़ताल के दौरान तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस बल बुलाना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी और समझाइश के बाद स्थिति नियंत्रण में आई तथा मरीजों के इलाज के लिए ओपीडी सेवा दोबारा सुचारु रूप से शुरू कराई गई। करीब 3 घण्टे तक पुलिस यहां कैम्प करती रही। करीब 11 बजे से 2 बजे तक पुलिस की मौजूदगी में ओपीडी चलाया गया।उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं होने देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।वहीं आशा प्रतिनिधियों ने ऐसी स्थिति में आंदोलन और तेज करने की चेतावनी दी है।

# उत्तर बिहार में बड़ी गर्मी, अधिकतम तापमान 36 डिग्री, उमस बरकरार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय स्थित जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार शनिवार को उत्तर बिहार में गर्मी और उमस का असर बना रहा। दिन का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक है। सुबह 7 बजे सापेक्ष आर्द्रता 83 प्रतिशत और दोपहर 2 बजे 73 प्रतिशत दर्ज की गई, जिससे लोगों को दिनभर उमस का सामना करना पड़ा। मौसम केंद्र के अनुसार पुरवा दिशा से लगभग 8.7 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। वाष्पोत्सर्जन 4.2 मिलीमीटर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई और बारिश का आंकड़ा 0.0 मिलीमीटर दर्ज किया गया। बारिश नहीं होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी और उमस का प्रभाव अधिक महसूस किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल उत्तर बिहार में गर्मी और उमस का दौर जारी रहने की संभावना है। किसानों को खेतों में नमी बनाए रखने तथा मौसम विभाग की ताजा सलाह के अनुसार कृषि कार्य करने की सलाह दी गई है। वहीं आम लोगों को भी दोपहर के समय तेज धूप से बचने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी गई है।

# हर्ष फायरिंग केस में भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को 4 साल की सजा

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2018 के चर्चित हर्ष फायरिंग मामले में मुजफ्फरपुर के साहेबगंज से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री डॉ. राजू कुमार सिंह को चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने गैर-इरादतन हत्या (आईपीसी की धारा 304 भाग-2) और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया। साथ ही मृतका के पति को 25 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। यदि निर्धारित मुआवजा नहीं दिया गया तो दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आर्म्स एक्ट के मामले में भी उन्हें दो महीने की सजा सुनाई गई है। इस फैसले के साथ ही जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) के तहत उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त होना तय माना जा रहा है। कानून के अनुसार किसी सांसद या विधायक को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा मिलने पर वह तत्काल प्रभाव से सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है। यह मामला 31 दिसंबर 2018 की रात दिल्ली के वसंत कुंज स्थित एक फार्महाउस में आयोजित नववर्ष समारोह से जुड़ा है। आरोप था कि जश्न के दौरान राजू कुमार सिंह ने हर्ष फायरिंग की, जिसकी गोली वहां मौजूद महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना गुप्ता को लग गई। गंभीर रूप से घायल डॉक्टर की तीन दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसी मामले में 6 जून 2026 को अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया था और शनिवार को सजा का ऐलान किया। डॉ. राजू कुमार सिंह उत्तर बिहार की राजनीति का चर्चित चेहरा रहे हैं। उनका जन्म 12 जनवरी 1970 को हुआ था। उन्होंने यूक्रेन की एल.वी.ओ.वी. पॉलिटेक यूनिवर्सिटी से बी.टेक और एम.टेक की पढ़ाई की तथा बाद में मानद पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त की। राजनीति में आने से पहले वे फार्मास्युटिकल कारोबार से जुड़े रहे और उनका व्यवसाय भारत के अलावा रूस, अमेरिका सहित कई देशों तक फैला। वे बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं और प्रदेश के संपन्न नेताओं में उनकी गिनती होती रही है।

# बिहार के जमुई में राजमिस्त्री से प्लैटिनम कॉन्ट्रैक्टर बने संजय कुमार मंडल

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। अदाणी पोर्टफोलियो की बिल्डिंग मैटेरियल्स एवं सॉल्यूशंस कंपनी एसीसी ने बताया कि बिहार के जमुई जिले के ठेकेदार संजय कुमार मंडल का सफर मेहनत, तकनीकी कौशल और गुणवत्ता आधारित निर्माण की मिसाल है। मंडल ने वर्ष 1994 में झाझा में दिहाड़ी राजमिस्त्री के रूप में काम शुरू किया। वर्ष 2013 में एसीसी के एक टेक्निकल सेशन में भाग लेने के बाद उन्होंने बेहतर निर्माण पद्धतियों और एसीसी गोल्ड सीमेंट के उपयोग को अपनाया, जिससे उनके काम की गुणवत्ता और पहचान बढ़ी। बाद में उन्होंने अपने ठेकेदारों का नेटवर्क और प्रशिक्षित एप्लीकेटर्स की टीम तैयार की तथा वर्ष 2022 में रिवाड्र्स कनेक्ट प्रोग्राम से जुड़े। आज वे 400 से अधिक निर्माण स्थलों पर काम पूरा कर चुके हैं और 30 से अधिक एसीटी साइट्स विकसित कर चुके हैं। गुणवत्ता आधारित निर्माण में योगदान के लिए उन्हें वित्त वर्ष 2025-26 में क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों में सम्मानित किया गया। एसीसी के अनुसार, राजमिस्त्री से प्लैटिनम कॉन्ट्रैक्टर बनने तक का मंडल का सफर तकनीकी जानकारी, गुणवत्ता और कंपनी के सहयोग की अहम भूमिका को दशार्ता है।

# स्टेडियम की बदहाली पर छात्र राजद नेता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।रामकृष्ण उच्च विद्यालय, मीनापुर के समीप स्थित स्टेडियम की बदहाल स्थिति को लेकर छात्र राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमरेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री सहयोग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए स्टेडियम के जीर्णोद्धार और नियमित रख-रखाव की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि स्टेडियम परिसर में घास-फूस, झाड़-झंखाड़ और जंगल उग आए हैं। वहीं दर्शक दीर्घा एवं बैठने की व्यवस्था भी जर्जर हो चुकी है। इसके कारण स्थानीय खिलाड़ी, युवा और खेल प्रतिभाएं नियमित अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। लंबे समय से रखरखाव के अभाव में खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और क्षेत्र के खिलाड़ियों का मनोबल भी गिर रहा है। अमरेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री सहयोग पोर्टल पर दर्ज परिवाद में संबंधित विभाग से स्टेडियम का स्थल निरीक्षण कराने तथा मानकों के अनुरूप सफाई, रख-रखाव, सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि स्टेडियम को विकसित कर खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर खेल मैदानों की बदहाली चिंताजनक है। यदि समय रहते स्टेडियम का विकास और रख-रखाव नहीं कराया गया तो क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को नुकसान उठाना पड़ेगा। अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि जब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे, तब युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्टेडियम निर्माण की पहल की गई थी। साथ ही ह्लमेडल लाओ, नौकरी पाओह्व जैसी योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया था। उन्होंने सरकार से खेल अवसंरचना को मजबूत करने और मीनापुर स्टेडियम के शीघ्र जीर्णोद्धार की मांग की है।

# स्थानांतरित कर्मियो को एक सप्ताह के भीतर योगदान का निर्देश



मधुबनी। जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयो में स्थानांतरित कर्मियो को स्थानांतरण की तिथि से एक सप्ताह के भीतर नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देना होगा। इस संबंध में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने सभी विभागाध्यक्षो एवं नियंत्रण पदाधिकारियो को आवश्यक निर्देश जारी किए है।जिलाधिकारी ने कहा है कि सभी संबंधित कार्यालय स्थानांतरित कर्मियों को विधिवत विरमित करते हुए सेवा पुस्तिका, प्रभार हस्तांतरण, डोंगल डी-एक्टिवेशन/एक्टिवेशन तथा अन्य आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं समय पर पूरी कराएं, ताकि वे निर्धारित अवधि में नए कार्यालय में योगदान दे सकें। साथ ही सभी विभागों को स्थानांतरित एवं विरमित कर्मियों का विवरण निर्धारित प्रपत्र में नियमित रूप से जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानांतरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियो को समयसीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि प्रशासनिक कार्यो का संचालन सुचारु एवं प्रभावी ढंग से जारी रह सके।

# बाबा गरीबनाथ कॉरिडोर परियोजना ने पकड़ी रफ्तार काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर होगा मंदिर का विकास

मुजफ्फरपुर। प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर को भव्य धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कॉरिडोर परियोजना ने गति पकड़ ली है। शनिवार को पर्यटन विभाग की टीम ने नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण का नेतृत्व पर्यटन विभाग के उपसचिव प्रदीप कुमार ने किया। इस दौरान नगर निगम के नगर आयुक्त ऋतुराज, सदर एसडीओ तुषार, पर्यटन विभाग के आर्किटेक्ट, इंजीनियरिंग टीम तथा स्मार्ट सिटी परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रस्तावित मुख्य द्वार, मंदिर के अग्रभाग में किए जाने वाले बदलाव, कॉरिडोर के स्वरूप और विकास कार्यों के नक्शे का स्थल पर अवलोकन किया। अधिकारियों ने बताया कि बाबा गरीबनाथ मंदिर को काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर विकसित करने की योजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। परियोजना के तहत मंदिर परिसर का व्यापक सुंदरीकरण किया जाएगा, जिससे यह देश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों में शामिल हो सके। प्रस्तावित योजना के अनुसार बाबा गरीबनाथ मंदिर को साहू पोखर से जोड़ते हुए एक भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा छाता बाजार से माखन साह चौक तक सड़क, सौंदर्यीकरण और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीर्थयात्री भवन, आधुनिक शौचालय, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, छायादार विश्राम स्थल, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर धार्मिक और पर्यटन अनुभव मिल सके। परियोजना के अंतर्गत शिवालय मंदिर परिसर स्थित पोखर और घाट का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वहीं, परिसर में भगवान नारायण और माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे क्षेत्र का धार्मिक और पर्यटन महत्व और अधिक बढ़ेगा। स्थल निरीक्षण के बाद पर्यटन विभाग की टीम वापस लौट गई। अब निरीक्षण के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर विभाग को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के अनुमोदन के बाद कॉरिडोर परियोजना की अगली प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

# मानसून में सर्पदंश से बचाव के लिए बीएसवी ने तेज की 4ए रणनीति

मुजफ्फरपुरः मानसून के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ने वाली सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए मैनकाइंड फार्मा की सहायक कंपनी बीएसवी ने देशभर में अपनी 4ए रणनीति को तेजी से लागू करना शुरू किया है। कंपनी पिछले दो दशकों से उच्च गुणवत्ता वाली एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) दवा उपलब्ध कराकर सर्पदंश के उपचार में सहयोग कर रही है। बीएसवी की सीओओ (इंडिया बिजनेस) सिवानी शर्मा डेका ने कहा कि कंपनी वैज्ञानिक रूप से उन्नत और प्रभावी एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध कराने के साथ बेहतर रिकॉर्ड, दवा की प्रभावी आपूर्ति और मजबूत निगरानी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। प्रभात तारा स्वास्थ्य केंद्र, मुजफ्फरपुर के डॉ. सुधाकर कुमार गुप्ता ने कहा कि जागरूकता बढ़ाकर, सर्पदंश से जुड़े मिथकों को दूर कर और समय पर

# भारत-नेपाल सीमा पर बैरिकेडिंग का विरोध, वार्ता के बाद बनी सहमति



मधुबनी। मधवापुर स्थित भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी द्वारा सीमावर्ती मार्गों पर बैरिकेडिंग किए जाने का स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों ने विरोध किया। लोगों ने आशंका जताई कि बैरिकेडिंग से सीमापार आवागमन और स्थानीय व्यापार प्रभावित होगा, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग सीमा क्षेत्र में जुट गए। सूचना पर एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट हरिनारायण जाट, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, थाना पुलिस एवं अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने तथा उच्चाधिकारियों के निर्देश के आलोक में बैरिकेडिंग की जा रही है। कई घंटे चली वार्ता के बाद सहमति बनी कि संबंधित मार्ग से केवल पैदल आवाजाही की अनुमति रहेगी, जबकि मोटरसाइकिल से सीमा पार करने की व्यवस्था पेठिया गाछी एवं गांधी चौक मार्ग से पूर्ववत जारी रहेगी। इसके बाद मामला शांत हो गया। मौके पर जनप्रतिनिधियों, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# चक्का खुलने से पलटी वैगनआर, बाल बाल बचे सवार

मुजफ्फरपुर। जिले के बोचहां प्रखंड कार्यालय के समीप शनिवार को एक वैगनआर कार का अचानक चक्का खुल जाने से वह अनियंत्रित होकर चार बार पलट गई। हादसे में गाड़ी में सवार सभी लोग आंशिक रूप से घायल हुए हैं लेकिन मौत के मुंह से बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार मझौली गांव के पूर्व पंचायत समिति सदस्य पति बिरजू साह अपने घर के बच्चों के साथ शहर की ओर से घर लौट रहे थे। बोचहां प्रखंड कार्यालय के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार वैगनआर का एक चक्का अचानक निकल गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गाड़ी में फंसे बिरजू साह और बच्चों को बाहर निकाला। सभी को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

# बालिकाओं की सुविधाओं के लिए विद्यालय में लगाया गया सैनेट्री एवं बेन्डिंग मशीन



मनीगाछी(दरभंगा)। प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय नेहरा एवं उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय दहौड़ा में शनिवार को सैनेट्री एवं बेन्डिंग मशीन लगाया गया है। यह मशीन विभागीय स्तर पर लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह मशीन वैसे सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों के साथ माध्यमिक विद्यालयों में लगाया जाएगा जहाँ छात्राएं पढ़ाई कर रही है। इस संबंध में सैनेट्री एवं बेन्डिंग मशीन लगाने वाले टेक गणपति एजेंसी के प्रोपराइटर रौशन कुमार ने बताया कि यह मशीन पूर्णतः ऑटोमेटिक है। इस सैनेट्री मशीन में पांच रुपए का सिक्का,दो दो रुपए का दो एवं एक रुपए का एक या एक रुपए का पाँच सिक्के यानी कुल मिलाकर पाँच रुपए डालने पर स्वतः एक सैनेट्री पैड मशीन से निकल जाएगा। तथा बेन्डिंग मशीन में उपयोग किया हुआ सैनेट्री पैड डालने पर वह स्वतः जल जाएगा। वहीं इस संबंध में प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार वत्स ने बताया कि शनिवार को विभाग के द्वारा हमारे विद्यालय में भी उक्त दोनों मशीन लगवा गया है। यह मशीन छात्राओं के लिए बहुत ही उपयोगी है। मात्र पाँच रुपए में एक सैनेट्री पैड मिल रही है। उन्होंने बताया कि सैनेट्री मशीन विद्यालय के अंदर में ही साइड में लगवाया गया है।तथा बेन्डिंग मशीन शौचालय में लगवाया गया है। दोनों ही मशीन बिजली पर चलनेवाली है।

# मुजफ्फरपुर के टॉप-10 वांछित अपराधी धीरज कुमार गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुजफ्फरपुर जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल कुख्यात धीरज कुमार को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ लूट, डकैती तथा आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की विशेष टीम ने बड़ा दाऊद चैनपुर इलाके में विशेष छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान धीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी पारू थाना क्षेत्र के जगरूनाथपुर नगवा गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार, धीरज कुमार वर्ष 2018 में करजा थाना क्षेत्र स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप लूटकांड का मुख्य आरोपी है। इस मामले में पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर रणधीर कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही वह लगातार फरार था और पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक धीरज कुमार के खिलाफ मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण और वैशाली जिले के विभिन्न थानों में लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट सहित कुल सात गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर उसे मुजफ्फरपुर जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल किया गया था। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ और स्थानीय पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फरारी के दौरान वह किन-किन स्थानों पर छिपा रहा और उसके संपर्क में कौन-कौन लोग थे।

सम्पादकीय

# योजनाओं की दूरी से ग्रामीण जीवन की बढ़ती मुश्किलें

प्रियंका कुमारी

भारत में समय-समय पर ऐसी अनेक योजनाएं शुरू की जाती हैं जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। स्वच्छ ईंधन, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाएं केवल सुविधाएं नहीं हैं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की आधारशिला भी हैं। लेकिन जब इन योजनाओं की जानकारी, प्रक्रिया या लाभ जरूरतमंद लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाता, तब सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है जिनके पास पहले से ही संसाधनों की कमी होती है। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए योजनाओं का कागज पर होना और जीवन में उसका असर महसूस होना, दोनों अलग-अलग अनुभव बन जाते हैं। यही दूरी रोजमर्रा के संघर्ष को और कठिन बना देती है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित नरौली गांव इसकी एक झलक प्रस्तुत करता है। करीब 250 से अधिक घरों वाले इस गांव में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के परिवार रहते हैं। अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूरी, खेतिहर कार्य, छोटे-मोटे श्रम या स्वरोजगार के सहारे अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। दिन भर की मेहनत से जितनी आमदनी होती है, उसी से घर का खर्च चलता है। ऐसे में यदि किसी सरकारी योजना का लाभ समय पर मिल जाए तो वह परिवार की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है। लेकिन जब जानकारी अधूरी हो, कागजी प्रक्रिया पूरी न हो पाए या आवेदन बार-बार अधूरा रह जाए, तब योजनाएं लोगों की उम्मीद बनने के बजाय उनके लिए एक अधूरा सपना बन जाती हैं। गांव के कई परिवार आज भी उज्ज्वला योजना का पूरा लाभ नहीं प्राप्त कर सके हैं। परिणामस्वरूप उन्हें लकड़ी के चूल्हे पर ही खाना बनाना पड़ता है। रसोई में उठने वाला धुआं केवल आंखों में जलन या खांसी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि धीरे-धीरे सांस संबंधी समस्याओं का कारण भी बन सकता है। घर के भीतर घंटों तक धुएं के बीच खाना बनाने का सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ता है जो रसोई में सबसे ज्यादा समय बिताते हैं। यह केवल ईंधन का सवाल नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, समय और गरिमा से जुड़ा विषय भी है। मानसून आने के बाद यह कठिनाई और बढ़ जाती है। बारिश में लकड़ियां गीली हो जाती हैं, जिससे उन्हें जलाना आसान नहीं होता। कई बार भोजन तैयार करने में घंटों लग जाते हैं और कई बार चूल्हा जल ही नहीं पाता। ऐसे दिनों में परिवारों को कम भोजन में काम चलाना पड़ता है या फिर बिना भोजन किए रात बितानी पड़ती है। जिन परिवारों की रोजी-रोटी पहले ही अनिश्चित हो, उनके लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है। एक साधारण-सी सुविधा की अनुपलब्धता पूरे परिवार की दिनचर्या, स्वास्थ्य और बच्चों के पोषण तक को प्रभावित करती है। गांव के 40 वर्षीय शिव कुमार ठाकुर बताते हैं कि उन्होंने उज्ज्वला योजना का लाभ पाने के लिए कई बार आवेदन किया, लेकिन हर बार कागजात में किसी न किसी कमी की बात कहकर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। उनके लिए सबसे बड़ी परेशानी यह है कि आखिर कौन-सा दस्तावेज अधूरा है और उसे कैसे पूरा किया जाए, इसकी स्पष्ट जानकारी उन्हें नहीं मिल पाती। सीमित आय वाले परिवार के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाना भी आसान नहीं होता। एक दिन काम छूटने का मतलब उस दिन की मजदूरी का नुकसान है, जो सीधे घर के खर्च पर असर डालता है। गांव की 55 वर्षीय नीलम देवी की कहानी भी इसी वास्तविकता को सामने लाती है। उनकी पांच बेटियां हैं और उनके पति दैनिक मजदूरी करते हैं। परिवार की आय इतनी नहीं है कि सभी जरूरतें आसानी से पूरी हो सकें। जब उनसे पूछा गया कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों और लड़कियों की शिक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में उन्हें क्या जानकारी है, तो उन्होंने सहजता से कहा कि उन्हें ऐसी किसी योजना की जानकारी नहीं है। उनका नाम केवल राशन कार्ड में दर्ज है और उसी के माध्यम से मिलने वाली सुविधा तक ही उनकी पहुंच है। इसके अतिरिक्त किसी ने उन्हें अन्य योजनाओं की जानकारी नहीं दी और न ही वे कभी उन तक पहुंच सकीं। यह स्थिति बताती है कि केवल योजना शुरू कर देना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसकी जानकारी हर उस व्यक्ति तक पहुंचना भी उतना ही जरूरी है जिसके लिए वह बनाई गई है।

# वृक्षों की छाँव में पुराख्यान और विज्ञान का संगम

डॉ. मनोरमा मिश्रा

चिलचिलाती धूप में आज अपने कॉलेज से वापस मेट्रो से आई तो मेट्रो स्टेशन के नजदीक घर होने के कारण पैदल ही घर की तरफ चलने लगी कसूर्य की तरकश से निकले तीर की भांति गर्मी सीधे मस्तिष्क को भेद रही थीं मृग नैन इधर-उधर छाँव की तलाश कर ही रहे थे कि अचानक नजदीक ही तीन पेड़ दिखाई पड़े पास जाने पर देखा विल्व वृक्ष , पीपल का वृक्ष और वट वृक्ष तीनों एक दूसरे का हाथ पकड़े खड़े थे जैसे कह रहें हो ये दोस्ती हम न तोड़ेंगे राहगीरों का साथ हम न छोड़ेंगे पेड़ों के नजदीक पहुँचने पर थोड़ी राहत महसूस हुई वृक्ष लगाने वाले को दिल की गहराइयों से बारम्बार धन्यवाद दे रही थी कि अचानक अपने बाबा जी कि बातें याद आई जो अकसर ही शिव महापुराण का उध्दरण देकर स्वयं भी पेड़ लगाते और लोगों को वृक्ष लगाने की प्रेरणा देते थे उनका कहना था कि शिव महापुराण में प्रकृति और पेड़ों को साक्षात भगवान शिव का रूप और जीवन का आधार माना गया है। इसके अनुसार, वृक्षारोपण को पुत्र के समान दर्जा दिया गया है और यह मनुष्य को जन्म-जन्मांतर तक पुण्य और मोक्ष प्रदान करता है तडागेषु च तीर्थेषु वनेषूपवनेषु च। रोपयेत् सुकृती वृक्षान्-पुत्रान्-इव परिपालयेत्।। जो व्यक्ति पुण्य का भागी बनना चाहता है, उसे तालाबों, तीर्थों, जंगलों और बगीचों में पेड़ लगाने चाहिए और उन वृक्षों का पालन-पोषण बिल्कुल अपने पुत्र की भांति करना चाहिए। दादा जी हमेशा इन पांच पेड़ों के बखान किया करते थे-- वट, आंवला, बेलपत्र, पीपल और शमी जिन्हें वो पंच वृक्ष कहते थे जिनके वो धार्मिक, आध्यात्मिक और औषधीय गुणों का वर्णन करते थे साथ ही यह भी बताते शिव पुराण में इन पांच वृक्षों की छांव को अत्यंत पवित्र माना गया है इन वृक्षों के नीचे बैठकर जो व्यक्ति भगवान शिव का नाम ( नमः शिवाय या ॐ नमः शिवाय ) जपता है, उसे सिद्धियों और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है साथ ही साथ दादा जी इन पेड़ों की उत्पत्ति के पीछे पौराणिक कथाओं का भी वर्णन करते थे जैसे विल्व वृक्ष के बारें में बताते थे कि स्कंद पुराण के अनुसार, बेलपत्र की उत्पत्ति देवी पार्वती के पसीने की बूंदों से मानी जाती है। एक बार देवी के माथे से पसीने की कुछ बूंदें मंद्राचल पर्वत पर गिरीं, जिनसे बेल (बिल्व) का पेड़ उत्पन्न हुआ। इस वृक्ष में माँ पार्वती के विभिन्न दिव्य रूपों का वास माना जाता है। बेल के मूल (जड़) में भगवान शिव, तनों में माँ गिरिजा, शाखाओं में महेश्वरी, पत्तियों में माँ पार्वती और फलों में कात्यायनी देवी का वास होता है।इसके साथ ही दादा जी बेल पत्र की संरचना के विषय में बताते थे कि बेलपत्र में एक डंठल पर तीन पत्तियां होती हैं। इन तीन पत्तियों को त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) का प्रतीक माना जाता है। कुछ मान्यताओं में यह भगवान शिव की तीन आँखों (त्रिनेत्र) का भी प्रतिनिधित्व करती हैं।साथ ही साथ दादी जी को याद करते हुए कहते थे आपकी दादी शिव की पूजा प्रतिदिन करती थी और शिव लिंग पर बेल पत्र चढ़ाती थीं उसका कारण दादा जी ने बताया कि समुद्र मंथन के समय निकले विष को शिव जी ने पिया था विष के प्रभाव और अत्यधिक गर्मी को शांत करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव को बेलपत्र अर्पित किया था, क्योंकि इसकी तासीर बेहद ठंडी होती है। यही कारण है कि यह शिव जी को अत्यंत प्रिय है उसी समय एक बुजुर्ग रिक्शे वाले चच्चा पीपल के पेड़ के नीचे खड़े सवारी का इंतजार कर रहें थे उसी समय मुझे अपनी ओर एकटक देखते हुए बोले बिटिया पिछले 40 साल से ये पेड़ मेरा एकमात्र सहारा है मैं हर मौसम की मार से बचने एवं रिक्शा खीचतें हुए अपनी थकान को मिटाने के लिए यहीं शरण लेता हूँ यह पीपल का वृक्ष त्रिदेवों का संगम है रिक्शे वाले चच्चा ने बताया की उनके गुरु श्री राधारमण ने पीपल वृक्ष संबंधित दो पौराणिक कथा बताई थी कि हिन्दू धर्म ग्रंथों और पुराणों (जैसे पद्म पुराण और स्कन्द पुराण) के अनुसार, पीपल के वृक्ष की उत्पत्ति भगवान विष्णु के अंश से हुई है और इसे उनका साक्षात रूप माना जाता है।

# थकी हुई वर्दी, टूटता हुआ मन

**फिर भी यह दुखद घटना पुलिस बल में मानसिक तनाव, कार्य-संस्कृति और मनोवैज्ञानिक सहयोग की आवश्यकता पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यह केवल एक व्यक्ति की त्रासदी नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का आईना भी है, जहाँ कर्तव्य निभाते-निभाते कई बार इंसान स्वयं अपने भीतर हारने लगता है। हमारे समाज में पुलिस की छवि अक्सर अधिकार, शक्ति और कठोरता से जुड़ी रही है। आम नागरिक मान लेते हैं कि पुलिसकर्मी भावनाओं से परे होते हैं, उन्हें दर्द नहीं होता, वे कभी नहीं टूटते। यही सबसे बड़ी भूल है। पुलिसकर्मी भी उसी समाज के सदस्य हैं। वे भी किसी के बेटे-बेटी, पति-पत्नी, माता-पिता और मित्र होते हैं। उन्हें भी अपनों की चिंता होती है, आर्थिक जिम्मेदारियाँ होती हैं, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ होती हैं और भावनात्मक सहारे की आवश्यकता होती है। अंतर केवल इतना है कि वे अपने दुख को अक्सर वर्दी के भीतर छिपाकर रखना सीख जाते हैं। पुलिस सेवा का वास्तविक स्वरूप फिल्मों और धारावाहिकों से बिल्कुल अलग है। अधिकांश पुलिसकर्मियों का दिन कब शुरू होता है और कब समाप्त, इसका कोई निश्चित समय नहीं होता। आठ घंटे की ड्यूटी का सिद्धांत व्यवहार में शायद ही कहीं पूरी तरह लागू दिखाई देता है। त्योहार हों, चुनाव हों, वीआईपी दौरे हों, धरना-प्रदर्शन हों, प्राकृतिक आपदाएँ हों या अपराध की गंभीर घटनाएँ—हर स्थिति में सबसे पहले पुलिस को ही तैनात किया जाता है।**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
(लेखक)

किसी भी देश की कानून-व्यवस्था का सबसे दृश्यमान चेहरा पुलिस होती है। जब कोई अपराध होता है, दुर्घटना घटती है, दंगा भड़कता है, प्राकृतिक आपदा आती है या किसी नागरिक को तत्काल सहायता की आवश्यकता होती है, तो सबसे पहले पुलिस ही सामने दिखाई देती है। समाज उससे हर समय तत्पर, अनुशासित, निष्पक्ष और संवेदनशील रहने की अपेक्षा करता है। लेकिन विडंबना यह है कि जो व्यवस्था पूरे समाज को सुरक्षा का भरोसा देती है, उसी व्यवस्था के भीतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों की मानसिक सुरक्षा और भावनात्मक आवश्यकताओं पर सबसे कम ध्यान दिया जाता है। बाहर से रोबदार दिखने वाली वर्दी के भीतर भी एक संवेदनशील मन धड़कता है, जो लगातार बढ़ते तनाव, कार्यभार, पारिवारिक दूरियों और संस्थागत दबावों के बीच धीरे-धीरे टूटता चला जाता है। हाल ही में पुलिस इंस्पेक्टर श्रवण कुमार बिश्नोई की आत्महत्या की खबर ने पूरे समाज को स्तब्ध कर दिया। किसी भी आत्महत्या के पीछे के कारणों का अंतिम निर्धारण केवल आधिकारिक जांच से ही संभव है, इसलिए किसी निष्कर्ष पर पहुँचना उचित नहीं होगा। फिर भी यह दुखद घटना पुलिस बल में मानसिक तनाव, कार्य-संस्कृति और मनोवैज्ञानिक सहयोग की आवश्यकता पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यह केवल एक व्यक्ति की त्रासदी नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का आईना भी है, जहाँ कर्तव्य निभाते-निभाते कई बार इंसान स्वयं अपने भीतर हारने लगता है। हमारे समाज में पुलिस की छवि अक्सर अधिकार, शक्ति और कठोरता से जुड़ी रही है। आम नागरिक मान लेते हैं कि पुलिसकर्मी भावनाओं से परे होते हैं, उन्हें दर्द नहीं होता, वे कभी नहीं टूटते। यही सबसे बड़ी भूल है। पुलिसकर्मी भी उसी समाज के सदस्य हैं। वे भी किसी के बेटे-बेटी, पति-पत्नी, माता-पिता और मित्र होते हैं। उन्हें भी अपनों की चिंता होती है, आर्थिक जिम्मेदारियाँ होती हैं, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ होती हैं और भावनात्मक सहारे की आवश्यकता होती है। अंतर केवल इतना है कि वे अपने दुख को अक्सर वर्दी के भीतर छिपाकर रखना सीख जाते हैं। पुलिस सेवा का वास्तविक स्वरूप फिल्मों और धारावाहिकों से बिल्कुल अलग है। अधिकांश पुलिसकर्मियों का दिन कब शुरू होता है और कब समाप्त, इसका कोई निश्चित समय नहीं होता। आठ घंटे की ड्यूटी का सिद्धांत व्यवहार में शायद ही कहीं पूरी तरह लागू दिखाई देता है। त्योहार हों, चुनाव हों, वीआईपी दौरे हों, धरना-प्रदर्शन हों, प्राकृतिक आपदाएँ हों या अपराध की गंभीर घटनाएँ—हर स्थिति में सबसे पहले पुलिस को ही तैनात किया जाता है। कई बार लगातार चौबीस-चौबीस घंटे तक ड्यूटी करनी पड़ती है। पर्याप्त नींद, नियमित भोजन और पारिवारिक समय उनके जीवन में विलासिता बन जाते हैं। विश्वभर के मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि लगातार नींद की कमी, अत्यधिक कार्यभार और भावनात्मक तनाव किसी भी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। पुलिसकर्मी प्रतिदिन हत्या, आत्महत्या, सड़क दुर्घटनाओं, घरेलू हिंसा, यौन अपराधों और अन्य दर्दनाक घटनाओं का सामना करते हैं। सामान्य नागरिक जिन दृश्यों को केवल समाचारों में देखते हैं, पुलिस उन्हें प्रत्यक्ष रूप से झेलती है। ऐसे अनुभव धीरे-धीरे मन पर गहरे घाव छोड़ते हैं। यदि समय पर भावनात्मक सहयोग न मिले, तो यही दबाव अवसाद, चिंता, चिड़चिड़ेपन और कई बार आत्मघाती विचारों तक पहुँच सकता है। पुलिस व्यवस्था की आंतरिक संरचना भी कई बार तनाव को बढ़ा देती है। वरिष्ठ अधिकारियों का दबाव, समयबद्ध परिणाम देने की अपेक्षा, राजनीतिक हस्तक्षेप, संसाधनों की कमी और निरंतर जवाबदेही अधीनस्थ कर्मचारियों के मानसिक बोझ को कई गुना बढ़ा देती है। अनुशासन किसी भी सुरक्षा बल की आवश्यकता है, लेकिन अनुशासन और मानवीय संवेदनशीलता का संतुलन भी उतना ही आवश्यक है। यदि अधीनस्थ कर्मचारी अपनी समस्याएँ खुलकर साझा करने से डरने लगें, तो तनाव भीतर ही भीतर विस्फोटक रूप ले सकता है। पारिवारिक जीवन भी पुलिस सेवा की सबसे बड़ी कीमत चुकाता है। पुलिसकर्मी अपने बच्चों के साथ समय नहीं बिता पाते, माता-पिता की बीमारी में उपस्थित नहीं हो पाते और कई बार पारिवारिक समारोहों तक में शामिल नहीं हो पाते। लगातार अनुपस्थिति से परिवारों में भावनात्मक दूरी बढ़ने लगती है। कई पुलिसकर्मी अपने व्यक्तिगत तनाव को परिवार से छिपाते हैं ताकि घर वाले चिंतित न हों, जबकि परिवार अपनी समस्याएँ उनसे इसलिए नहीं कह पाता कि वे पहले ही बहुत तनाव में हैं। यह मौन धीरे-धीरे मानसिक अकेलेपन में बदल जाता है। समाज भी इस समस्या को पूरी गंभीरता से नहीं समझता। जब पुलिस कोई गलती करती है, तो आलोचना होना स्वाभाविक है। जवाबदेही लोकतंत्र का आवश्यक तत्व है। लेकिन हर पुलिसकर्मी को केवल कठोर, असंवेदनशील या भ्रष्ट मान लेना न्यायसंगत नहीं है। हजारों पुलिसकर्मी सीमित संसाधनों और अत्यधिक दबाव के बीच ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियाँ निभाते हैं। वे भी सम्मान और संवेदनशील व्यवहार के अधिकारी हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पुलिस बल में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलापन आज भी पर्याप्त नहीं है। यदि कोई कर्मचारी मनोवैज्ञानिक सहायता लेना चाहता है, तो कई बार उसे कमजोरी समझ लिया जाता है। परिणामस्वरूप अनेक लोग अपने भीतर की पीड़ा को वर्षों तक दबाए रखते हैं। वे मुस्कुराते हुए ड्यूटी करते हैं, लेकिन भीतर से टूटते रहते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर चुप्पी किसी भी संस्था के लिए सबसे खतरनाक स्थिति होती है। अब समय केवल संवेदना व्यक्त करने का नहीं, बल्कि ठोस सुधारों का है। सबसे पहले पुलिसकर्मियों के कार्य घंटे यथासंभव मानवीय बनाए जाने चाहिए। पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति कर कार्यभार का न्यायसंगत वितरण किया जाए।

# युद्ध का जन्म कहाँ से होता है?

**आज पश्चिम एशिया का परिदृश्य इसी सत्य का प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत कर रहा है। वर्षों के तनाव, संघर्ष, प्रतिबंध, सैन्य अभियानों और कूटनीतिक टकरावों के बाद जब राष्ट्र वार्ता की मेज पर बैठते हैं और किसी समझौते पर हस्ताक्षर करते हैं, तब एक महत्वपूर्ण प्रश्न जन्म लेता है कि क्या वास्तव में किसी की जीत हुई? और यदि हुई तो उसकी कीमत क्या रही? पश्चिम एशिया लंबे समय से वैश्विक राजनीति का सबसे संवेदनशील क्षेत्र रहा है। तेल संसाधनों की प्रचुरता, सामरिक महत्व, धार्मिक विविधता और महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा ने इस क्षेत्र को लगातार संघर्षों के केंद्र में बनाए रखा है। इराक युद्ध, सीरिया का गृहयुद्ध, यमन संकट, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष और ईरान से जुड़े विवादों ने इस क्षेत्र को दशकों तक अस्थिर रखा है। लाखों लोगों ने अपने घर छोड़े, हजारों परिवार बिखर गए और संपूर्ण पीढ़ियाँ युद्ध के भय के बीच बड़ी हुई है। जब किसी समझौते या युद्धविराम की घोषणा होती है, तब दुनिया राहत की सांस लेती है। किंतु उस राहत के पीछे छिपे आँकड़े भयावह होते हैं। कितनी जानें चली गईं? कितनी अर्थव्यवस्थाएँ तबाह हुईं? कितने बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया? ये प्रश्न अक्सर राजनीतिक घोषणाओं की चमक में दब जाते हैं।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
(लेखक)

लालसा, महत्वाकांक्षा, कट्टरता और असुरक्षा के रथ पर सवार अहंकार जब अपनी चरम अवस्था को प्राप्त करता है, तब इतिहास के पन्नों पर युद्ध की इबारत लिखी जाती है। मानव सभ्यता के आरंभ से लेकर आधुनिक परमाणु युग तक लगभग प्रत्येक युद्ध के मूल में यही चार तत्व दिखाई देते हैं। कभी साम्राज्य विस्तार की महत्वाकांक्षा, कभी संसाधनों पर कब्जे की लालसा, कभी वैचारिक कट्टरता और कभी सुरक्षा को लेकर उत्पन्न असुरक्षा। इन सबका सम्मिलित परिणाम युद्ध के रूप में सामने आता है। युद्ध का आरंभ चाहे किसी सीमा विवाद से हो, किसी धार्मिक मतभेद से, किसी आर्थिक हित से या किसी राजनीतिक संघर्ष से, लेकिन उसका अंत सदैव मानवता के घावों के साथ होता है। युद्ध किसी राष्ट्र को विजेता और किसी को पराजित घोषित कर सकता है, परंतु वास्तव में उसकी सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक चुकाते हैं। सैनिकों की शहादत, बच्चों की अनाथता, महिलाओं का असुरक्षित जीवन, उजड़ते नगर और चरमराती अर्थव्यवस्थाएँ युद्ध की वास्तविक पहचान हैं। आज पश्चिम एशिया का परिदृश्य इसी सत्य का प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत कर रहा है। वर्षों के तनाव, संघर्ष, प्रतिबंध, सैन्य अभियानों और कूटनीतिक टकरावों के बाद जब राष्ट्र वार्ता की मेज पर बैठते हैं और किसी समझौते पर हस्ताक्षर करते हैं, तब एक महत्वपूर्ण प्रश्न जन्म लेता है कि क्या वास्तव में किसी की जीत हुई? और यदि हुई तो उसकी कीमत क्या रही? पश्चिम एशिया लंबे समय से वैश्विक राजनीति का सबसे संवेदनशील क्षेत्र रहा है। तेल संसाधनों की प्रचुरता, सामरिक महत्व, धार्मिक विविधता और महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा ने इस क्षेत्र को लगातार संघर्षों के केंद्र में बनाए रखा है। इराक युद्ध, सीरिया का गृहयुद्ध, यमन संकट, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष और ईरान से जुड़े विवादों ने इस क्षेत्र को दशकों तक अस्थिर रखा है। लाखों लोगों ने अपने घर छोड़े, हजारों परिवार बिखर गए और संपूर्ण पीढ़ियाँ युद्ध के भय के बीच बड़ी हुई है। जब किसी समझौते या युद्धविराम की घोषणा होती है, तब दुनिया राहत की सांस लेती है। किंतु उस राहत के पीछे छिपे आँकड़े भयावह होते हैं। कितनी जानें चली गईं? कितनी अर्थव्यवस्थाएँ तबाह हुईं? कितने बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया? ये प्रश्न अक्सर राजनीतिक घोषणाओं की चमक में दब जाते हैं। मानव इतिहास ने जीत और हार की जो परिभाषा गढ़ी है, वह मुख्यतः सैन्य और राजनीतिक उपलब्धियों पर आधारित रही है। युद्धभूमि पर अधिक क्षेत्र प्राप्त कर लेना, विरोधी की सैन्य क्षमता को नष्ट कर देना या उसे राजनीतिक समझौते के लिए विवश कर देना विजय माना गया है। किन्तु आधुनिक युग में यह दृष्टिकोण अधूरा प्रतीत होता है। यदि किसी राष्ट्र को अपनी विजय के लिए हजारों नागरिकों की जान गंवानी पड़े, अरबों डॉलर खर्च करने पड़ें और दशकों तक सामाजिक तनाव झेलना पड़े, तो क्या उसे वास्तविक विजय कहा जा सकता है? इसी प्रकार यदि कोई राष्ट्र युद्ध हार भी जाए, परंतु उसकी मानवीय संवेदनाएँ जीवित रहे, उसकी सामाजिक एकता बनी रहे और वह पुनर्निर्माण की क्षमता रखता हो, तो क्या वह पूर्णतः पराजित कहलाएगा? इसलिए आज आवश्यकता है कि विजय और पराजय को केवल सैन्य दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी देखा जाए। जब किसी युद्ध की चर्चा होती है, तो अक्सर सेनाओं, हथियारों और रणनीतियों की बात होती है। लेकिन युद्ध का सबसे बड़ा और सबसे दुखद पक्ष मानव पीड़ा है। एक सैनिक की शहादत केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं होती है, वह एक परिवार के सपनों का अंत होती है। एक बमबारी केवल एक इमारत को नहीं गिराती, वह पीढ़ियों की स्मृतियों और आशाओं को भी ध्वस्त कर देती है। युद्ध के कारण लाखों लोग शरणार्थी बन जाते हैं। वे अपनी मातृभूमि छोड़ने को विवश होते हैं। उनके लिए सीमा रेखाएँ केवल नक्शे की रेखाएँ नहीं, बल्कि जीवन और अस्तित्व का प्रश्न बन जाती हैं। युद्ध बच्चों से उनका बचपन छीन लेता है। स्कूलों की जगह शरण शिविर, खेल के मैदानों की जगह मलबा और सपनों की जगह भय उनके जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। यदि हार की बात की जाए, तो वास्तव में सबसे बड़ी हार इन्हीं निर्दोष लोगों की होती है, जिनका युद्ध से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता है। युद्ध केवल मानव जीवन को ही प्रभावित नहीं करता है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी गहरे स्तर पर झकझोर देता है। जब किसी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है, तो ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होती है। तेल और गैस की कीमतों में वृद्धि होती है। परिवहन लागत बढ़ती है। महँगाई वैश्विक स्तर पर फैलती है। युद्ध के कारण निवेश घटता है, व्यापारिक मार्ग बाधित होते हैं और विकास परियोजनाएँ रुक जाती हैं। जिन संसाधनों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के निर्माण में होना चाहिए, वे हथियारों और सैन्य अभियानों पर खर्च होने लगते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध के बाद पुनर्निर्माण की लागत अक्सर युद्ध की लागत से भी अधिक होती है। जो शहर वर्षों में बनते हैं, वे कुछ दिनों की बमबारी में नष्ट हो जाते हैं। उन्हें पुनः खड़ा करने में दशकों लग जाते हैं। इस प्रकार युद्ध केवल वर्तमान को नहीं, बल्कि भविष्य को भी नुकसान पहुँचाता है।

# बीजारोपण से वृक्षारोपण : सुसंस्कृत मानव निर्माण की एक प्रेरणादायी जीवनयात्रा



डॉ. भारत प्रकाश सुनेजा

बीजारोपण से वृक्षारोपण की प्रक्रिया केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और सुसंस्कृत मानव निर्माण की एक अद्भुत एवं प्रेरणादायी यात्रा है। जिस प्रकार एक छोटा-सा बीज अंकुरित होकर समय, धैर्य और सतत पोषण के माध्यम से एक विशाल वटवृक्ष का रूप धारण करता है, उसी प्रकार, श्रेष्ठ एवं नैतिक गुणों से परिपूर्ण व्यक्ति का निर्माण भी संस्कारों, अनुशासन और सतत आत्म-विकास की प्रक्रिया से होता है। मानव निर्माण की यह यात्रा व्यक्ति के मन में संस्कारों और सद्विचारों के बीजारोपण से आरम्भ होती है तथा समाज को फल, छाया और संरक्षण प्रदान करने वाले वृक्ष के समान एक परिपक्व, उत्तरदायी एवं सुसंस्कृत व्यक्तित्व के निर्माण तक पहुँचती है। यह लेख बीजारोपण से वृक्षारोपण की प्रक्रिया के दार्शनिक एवं व्यावहारिक आयामों को मानवीय मूल्यों से युक्त व्यक्तित्व निर्माण के संदर्भ में समझने और प्रस्तुत करने का विनम्र प्रयास है। सुसंस्कृत मानव निर्माण की यात्रा के मुख्य सोपानः मानवीय मूल्यों से युक्त तथा नैतिक गुणों से परिपूर्ण एक सुसंस्कृत व्यक्ति का निर्माण ठीक उसी प्रकार होता है, जैसे एक छोटा-सा बीज क्रमशः विकसित होकर एक विशाल वटवृक्ष का रूप धारण करता है। बीजारोपण से वृक्षारोपण की प्रक्रिया की भाँति सुसंस्कृत मानव निर्माण की यात्रा भी निम्नानुसार, अनेक सोपानों से होकर गुजरती है, जो व्यक्ति के चरित्र, विचार और आचरण को नई दिशा प्रदान करती है। संस्कार और शिक्षा - गभार्धान से विद्यारंभ तक (बीजारोपण): यह चरण सुसंस्कृत मानव निर्माण की प्रक्रिया में बीजारोपण के समान है। जिस प्रकार एक छोटे से बीज को उपयुक्त मिट्टी में रोपकर जल, पोषण और संरक्षण प्रदान किया जाता है ताकि वह स्वस्थ रूप से विकसित हो सके, उसी प्रकार बालकों के मन में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, संवेदनशीलता, पर्यावरण के प्रति प्रेम तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के बीज बोए जाते हैं जो आगे चलकर उनके व्यक्तित्व को दिशा देते हैं। अहंकार का त्याग (अंकुरण): जिस प्रकार एक बीज को विशाल वृक्ष बनने के लिए अपने वर्तमान स्वरूप का त्याग कर मिट्टी में विलीन होना पड़ता है, उसी प्रकार एक सुसंस्कृत मानव भी अपने अहंकार, स्वार्थ तथा संकीर्णताओं का परित्याग कर, निस्वार्थ भाव से समाज, राष्ट्र और प्रकृति की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करता है। यही प्रक्रिया व्यक्ति को आत्मकेंद्रितता से ऊपर उठाकर लोककल्याण और आत्मोन्नति के मार्ग पर अग्रसर करती है। कर्म और अनुशासनः कर्मयोग (पौधे का विकास): जिस प्रकार एक पौधा निरंतर पोषण, धैर्य और अनुकूल प्रयासों के माध्यम से क्रमशः विकसित होकर सुदृढ़ वृक्ष का रूप धारण करता है, उसी प्रकार मानव जीवन में भी सतत कर्म, अनुशासन और समर्पण, सफलता तथा आत्मविकास की आधारशिला हैं। पौधे की यह विकास-यात्रा हमें श्रीमद भागवत गीता के निष्काम कर्मयोग के सिद्धांत को अपनाने की प्रेरणा देती है। साथ ही, आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः जैसे प्रेरणादायी वचनों से प्रेरित होकर व्यक्ति, आलस्य, प्रमाद और निष्क्रियता का त्याग कर निरंतर परिश्रम, आत्मानुशासन और पुरुषार्थ के मार्ग पर अग्रसर होता है। यही कर्मयोग उसे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा समाज के लिए उपयोगी एवं उत्तरदायी नागरिक बनने की दिशा प्रदान करता है। सृजनात्मकता और आत्मनिर्भरता (घर-घर नर्सरी और पोषण): इस अभियान के अंतर्गत घरों में अनुपयोगी या बेकार पड़ी वस्तुओं, जैसे दूध की थैलियों, तेल की खाली कुप्पियों, प्लास्टिक की बोतलों तथा अन्य पुनः उपयोग योग्य सामग्री का प्रयोग कर बीजों का रोपण एवं पौधों का पोषण किया जाता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण
पटना, रविवार, 05 जुलाई, 2026



# बाल संरक्षण व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर, डीएम ने दिए ठोस निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न एजेंडों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों के हित में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वहां अतिरिक्त होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही विशिष्ट दत्तक संस्थान में रह रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बेहतर एवं दीर्घकालिक उपचार के लिए समग्र कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश दिया, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई



जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थानों में रह रही बच्चियों के पुनर्वास की प्रक्रिया को संवेदनशील और प्रभावी बनाया जाए। इसके लिए अभिभावकों के साथ चरणबद्ध तरीके से काउंसिलिंग आयोजित कर पारिवारिक वातावरण का आकलन किया जाए तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए बच्चियों का शीघ्र पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गृह में रह रहे प्रत्येक बच्चे की रुचि एवं प्रतिभा का आकलन किया जाए। उनकी रुचि के अनुरूप कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा अन्य उपयोगी पाठ्यक्रमों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, बेहतर शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन का भरोसा दिलाया।

# ग्रीष्मावकाश के बाद पूर्व निर्धारित विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

बनियापुर। प्रखंड के सभी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।पूर्व निर्धारित यह कार्यक्रम सताईस जून को ही आयोजित करना था, लेकिन अत्यधिक गर्मी के फलस्वरूप अवकाश की घोषणा के कारण स्थगित कर दिया गया था। विद्यालय खुलने के साथ ही शिक्षकों,बाल-संसद, तथा विद्यालय शिक्षा समिति के साथ बैठक कर इसकी योजना बना ली गई थी ,तथा अभिभावकों को विभिन्न माध्यमों जैसे-आमंत्रण पत्र, ह्वाट्सएप तथा माइकिंग के द्वारा सूचित कर दिया गया था।ड्राप आउट,दिव्यांग और कम सहभागिता वाले परिवारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया गया था। विद्यालय परिसर और कमरों की साफ-सफाई की गई थी तथा अभिभावकों के बैठने की अच्छी व्यवस्था की गई थी। प्रारंभ में अभिभावकों का सम्मान के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय की उपलब्धियों तथा चुनौतियों की प्रस्तुति की गई। सरकारी योजनाओं और विद्यालय की मौलिक सुविधाओं से अभिभावकों को अवगत कराया गया। विद्यालय द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले गृह कार्य तथा स्कूल डायरी के अवलोकन, अकादमिक प्रगति, और व्यवहारगत समस्याओं पर चर्चा हुई। बच्चों को प्रतिदिन एक घंटा पढ़ने के लिए बैठाने, पन्द्रह से बीस मिनट बोल-बोल कर पढ़ने, मोबाइल और टीवी के विवेकपूर्ण इस्तेमाल तथा रचनात्मक कार्यों में संलग्न करने पर चर्चा हुई। बच्चों को नहा-धोकर साफ-सुथरे ड्रेस में नियमित विद्यालय भेजने, बच्चों को पोषणयुक्त भोजन कराकर विद्यालय भेजने, प्रतिदिन पढ़ने के लिए बैठाने, स्कूल डायरी चेक करने, बच्चों से प्यार और धैर्य से बात करने, नियमित रूप से पीटीएम में भाग लेने आदि का संकल्प अभिभावकों को दिलाया गया। स्टुडेंट ऑफ द मंथ तथा पेरेंट आफ द मंथ का चयन करने तथा उन्हें सम्मानित करने पर वार्ता हुई। विद्यालय में सुझाव और शिकायत पेटिका रखने और प्राप्त सुझावों और शिकायतों के निष्पादन की बात हुई। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यार्थी , अभिभावक तथा शिक्षक के समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया गया।अंत में गोष्ठी में सहभागिता के लिए अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात गोष्ठी का समापन हुआ।जहां अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। 16.57 बजे, कासगंज से 18.20 बजे, फरूर्खाबाद से 19.50 बजे, कानपुर सेंट्रल से 23.15 बजे, तीसरे दिन फतेहपुर से 00.17 बजे, प्रयागराज से 03.10 बजे, ज्ञानपुर रोड से 04.45 बजे, वाराणसी से 06.25 बजे, औंड़िहार से 07.30 बजे, गाजीपुर सिटी से 08.20 बजे, छपरा से 12.10 बजे, हाजीपुर से 13.02 बजे, मुजफ्फरपुर से 13.45 बजे, समस्तीपुर से 14.40 बजे, बरौनी से 15.50 बजे, बेगूसराय से 16.17 बजे, मुंगेर से 17.10 बजे तथा सुल्तानगंज से 19.17 बजे छूटकर भागलपुर 20.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में गाड़ी संख्या 09452 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी भागलपुर से 06, 13, 20, 27 जुलाई एवं 03 अगस्त, 2026 को भागलपुर से 05.00 बजे प्रस्थान कर सुल्तानगंज से 05.24 बजे, मुंगेर से 06.27 बजे, बेगूसराय से 07.27 बजे, बरौनी से 08.30 बजे, समस्तीपुर से 09.50 बजे, मुजफ्फरपुर से 11.15 बजे, हाजीपुर से 12.07 बजे, छपरा से 13.10 बजे, गाजीपुर सिटी से 15.20 बजे, औंड़िहार से 16.15 बजे, वाराणसी से 17.35 बजे, ज्ञानपुर रोड से 18.40 बजे, प्रयागराज से 20.40 बजे, फतेहपुर से 22.05 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल से 01.45 बजे, फरूर्खाबाद से 04.20 बजे, कासगंज से 06.25 बजे, हाथरस सिटी से 07.06 बजे, मथुरा से 09.20 बजे, भरतपुर से 10.52 बजे, बयाना से 11.27बजे, हिण्डौन सिटी 11.52 बजे, गंगापुर सिटी से 12.35 बजे, सवाई माधोपुर से 13.25 बजे, कोटा जं. 15.00 बजे, भवानी मंडी से 16.15 बजे, रतलाम से 19.30 बजे, दाहोद से 20.50 बजे, तीसरे दिन नडियाद से 01.22 बजे, अहमदाबाद से 02.40 बजे, ध्रांगध्रा से 04.54 बजे, सामाख्याली से 06.50 बजे तथा भचाउ से 07.08 बजे छूटकर गांधीधाम 08.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी के शेष सूचनाएं पूर्ववत रहेगी। लखनऊ स्टेशन पर आर.एल.डी.ए. द्वारा ब्लॉक लिए जाने के कारण इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ (उत्तर रेलवे), गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी एवं चकिया स्टेशनों पर नहीं रहेगा। अयोध्या कैंट एवं शाहगंज स्टेशनों पर नहीं रहेगा तथा इसके स्थान पर इस गाड़ी का ठहराव फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं, औड़िहार, गाजीपुर सिटी, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विगत 24 घंटे में 57 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

छपरा सदर। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री,भंडारण, निर्माण तथा परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने के लिए की कार्रवाई में 3 जुलाई को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 57 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें वारंटी 12 शराब सेवन में 12 ,शराब कारोबार में 7, हत्या के प्रयास में 12 ,हत्या में 1, पोक्सो एक्ट में 2, धोखाधड़ी में 2 तथा हुआ अधिनियम में 4 एवं अन्य कांडों में 5 अभियुक्त शामिल है। साथ ही जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-41 वाहनों से 52500 रूपए जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब 640 लीटर, मोटरसाईकिल-2 , शराब बनाने वाला उपकरण 2,नकद राशि 8460 रु एवं 9 ताश बरामद किए गए गए।

### पोक्सो एक्ट कांड में फरार वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

छपरा सदर। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन पर सारण जिलान्तर्गत अपराध के मुख्य शीर्षो में वांछित,फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर परसा थाना पुलिस टीम के द्वारा छापामारी कर परसा थाना कांड के पोक्सो अधिनियम के प्राथमिक अभियुक्त आकाश कुमार उर्फ आकाश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी टीम थानाध्यक्ष परसा एवं थाना के अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी शामिल थे।

### हत्या कांड का सफल उद्भेदन कर 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

छपरा सदर। 20 जून को इशुआपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अचितपुर नट टोली में सोनी देवी उर्फ सबरुन निशा, पति-अशोक गिरी, की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना में मृतका के सौतेले बेटा, उसके परिवार के सदस्यों एवं उसके दोस्तों की संलिप्तता सामने आई। इस संबंध में मृतका के पति के फर्दबयान के आधार पर इशुआपुर थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा-02 के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त नामजद अभियुक्त मनु कुमार (सौतेला बेटा) को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रेतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी जारी है।

# वन महोत्सव सप्ताह का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जयप्रकाश महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ बिंदी कुमारी के नेतृत्व में वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया ' जिसके अंतर्गत ह्यइनडोर प्लांट्स की उपयोगिता, देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिकाह्व विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या किरण कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। सीमित स्थान एवं पौधों के नियमित देखभाल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण के साथ-साथ इनडोर पौधों को अपनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा आकांक्षा कुमारी , संजना कुमारी, श्रुति कुमारी, शिव माला कुमारी, रबिया खातून, अंजली कुमारी, नंदनी कुमारी, रूबी कुमारी, निभा कुमारी इत्यादि ने अपने-अपने घरों से विभिन्न प्रकार के पौधे लाकर उनकी उपयोगिता, वायु शुद्धिकरण, स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन पर उनके सकारात्मक प्रभाव तथा उनकी उचित देखभाल के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किये। उपस्थित छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने इनडोर पौधों की देखभाल से संबंधित उपयोगी सुझाव भी साझा किये। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवक एवं छात्राओं ने अपने द्वारा लाए गए पौधे को प्राचार्या को भेंट किया ' प्राचार्या ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित जीवन शैली को अपनाने का संदेश दिया।

उपस्थित शिक्षक एवं छात्राओं ने अपने अपने घर एवं कार्य स्थल पर कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। डॉ बबीता वर्धन ने संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है,बल्कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा एक पौधे की नियमित देखभाल भी प्रकृति के प्रति महत्वपूर्ण देखभाल है।

# फर्जी एनकाउंटर और पुलिसिया दमन नहीं रुका तो आंदोलन होगा तेज : भाकपा

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। बिहार सरकार की नीतियों, कथित फर्जी एनकाउंटर, पुलिसिया दमन और गरीबों के अधिकारों की अनदेखी के विरोध में शनिवार को भाकपा (माले) कार्यकताओं ने छपरा में जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाकपा (माले) के वरिष्ठ नेता सभा राय ने आरोप लगाया कि बिहार में कानून- व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिसिया दमन, तोड़फोड़ और कथित फर्जी एनकाउंटर की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। सभा राय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गरीब परिवारों को तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन आज भी बड़ी संख्या में गरीब परिवार अपने अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों की समस्याओं के समाधान के बजाय उन्हें उपेक्षित और बेबस छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि भूमिहीनों, मजदूरों और वंचित वर्गों के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने सरकार से कथित फर्जी एनकाउंटर की घटनाओं की न्यायिक जांच कराने, पुलिसिया दमन पर रोक लगाने तथा गरीबों को भूमि और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की




मांग की है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आवाज को दबाने का प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभा राय ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कथित फर्जी एनकाउंटर, पुलिसिया दमन और गरीबों के अधिकारों की अनदेखी पर जल्द रोक नहीं लगी, तो भाकपा (माले) पूरे बिहार में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर जिला मुख्यालय और राज्य स्तर तक आंदोलन को तेज किया जाएगा तथा जनता के अधिकारों की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाकपा (माले) के कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। सभी ने सरकार से जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने, कानून का निष्पक्ष पालन सुनिश्चित करने तथा गरीबों के अधिकारों की रक्षा करने की मांग की है। उनका आरोप था कि एनकाउंटर के नाम पर निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# 33 केवी फीडर पर री-कंडक्टरिंग कार्य पूरे जुलाई महीने रोजाना दस से चार बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण। सारण जिले के नगरा प्रखंड क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए 33 केवी नगरा फीडर पर री-कंडक्टरिंग यानी पुराने तारों को बदलकर नए एवं उच्च क्षमता वाले तार लगाने का कार्य शुरू 5 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं इस संबंध में नगरा विद्युत जे ई मो. ओबैदुल्लाह अंसारी ने बताया कि यह कार्य बिजली व्यवस्था को अधिक मजबूत, सुरक्षित एवं निर्बाध बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। री-कंडक्टरिंग के बाद ट्रांसमिशन लॉस में कमी आएगी तथा गर्मी और अधिक लोड के दौरान होने वाली बार-बार की तकनीकी खराबियों से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी को कम करने के लिए वैकल्पिक स्रोत से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था भी की गई है। हालांकि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में लो-वोल्टेज अथवा बिजली आपूर्ति में हल्का उतार-चढ़ाव हो सकता है। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय से पहले पानी की मोटर चलाने सहित बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य पूरे कर लें, ताकि अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि प्रतिदिन शाम 4 बजे के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।

# शातिर चोरों ने घर से लाखों की चोरी, दो लाख नकद समेत 15 लाख के जेवरात ले उड़े चोर

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण। सारण जिले के नगरा प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में शुक्रवार रात्रि अज्ञात चोरों ने एक ही परिवार के तीन रन को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर के पीछे खेत की ओर से सीढ़ी लगाकर किचन के रास्ते अंदर घुसे और तीन कमरों का ताला तोड़कर करीब दो लाख रुपये नकद तथा 10 से 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार मानपुर गांव निवासी लाल खान, सुड्डु खान एवं एनामुल उर्फ गुड्डू खान के कमरों में चोरी हुई। चोरों ने अलमारी, गोदरेज एवं बक्सों का लॉक तोड़कर नकदी, जेवरात और अन्य कीमती सामान समेट लिया। गृहस्वामी एनामुल उर्फ गुड्डू खान ने बताया कि उनके दोनों भाई बाहर रहते हैं। घटना की रात वह छत पर सो रहे थे, जबकि उनकी मां नीचे बरामदे में थीं। सुबह उठने पर उनका सिर भारी था और चक्कर आ रहे थे, जिससे उन्होंने आशंका जताई कि चोरों ने किसी नशीले स्प्रे का इस्तेमाल किया होगा। उन्होंने यह भी बताया कि चोरों ने घर में खड़ी बाइक का वायर भी काट दिया था, ताकि उसका उपयोग नहीं किया जा सके। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर खैरा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू की।

# बारिश के इंतजार में टिकी किसानों की उम्मीदें

छपरा। मानसून का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन सारण जिले में अब तक झमाझम बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। खेत तैयार हैं, धान का बिचड़ा पूरी तरह रोपाई के योग्य हो चुका है, लेकिन पर्याप्त वर्षा के अभाव में बड़ी संख्या में किसान धान की रोपनी शुरू नहीं कर सके हैं। कभी तेज धूप, कभी बादलों की आवाजाही और कहीं-कहीं केवल हल्की बूंदाबांदी से किसानों की उम्मीदें हर दिन टूटती नजर आ रही हैं। धान की खेती मुख्य रूप से वर्षा पर निर्भर मानी जाती है। अच्छी बारिश होने पर खेतों में पर्याप्त नमी बनती है, जिससे पौधों की जड़ें मजबूत होती हैं और फसल का विकास तेजी से होता है। लेकिन इस बार बारिश की कमी के कारण खेतों में अपेक्षित नमी नहीं बन पाई है। ऐसे में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बादलों के बरसने का इंतजार कर रहे हैं। कुछ संपन्न किसान बोरिंग के पानी से धान की रोपाई शुरू कर चुके हैं, लेकिन अधिकांश किसानों के लिए यह विकल्प आसान नहीं है। डीजल और बिजली की बढ़ती लागत के कारण सिंचाई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। कृषि विशेषज्ञ भी मानते हैं कि केवल बोरिंग के पानी से की गई रोपाई की तुलना में प्राकृतिक वर्षा के पानी से रोपी गई फसल का विकास बेहतर होता है। वर्षा का जल मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखता है, जिससे पौधों की बढ़ोतरी तेज होती है और उत्पादन भी बेहतर मिलने की संभावना रहती है। किसानों का मानना है कि यदि आने वाले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपनी में और देरी होगी। इससे फसल की अवधि प्रभावित होगी और अंततः पैदावार पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। समय पर रोपाई नहीं होने से उत्पादन घटने की आशंका बढ़ जाती है, जिसका सीधा असर किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। गांवों में किसान अब इंद्र देव से अच्छी वर्षा की प्रार्थना कर रहे हैं। कई स्थानों पर लोग बारिश की कामना करते हुए पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं।

# अचितपुर में हुई महिला की हत्या का मुख्य आरोपी सौतेला बेटा धराया



प्रात: किरण संवाददाता

इसुआपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के अचितपुर गांव में पिछले 20 जून को हुई महिला की हत्या का मुख्य आरोपी मृतका के सौतेले बेटे मनु गिरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में मंडल कारा छपरा भेज दिया। उक्त जानकारी एसडीपीओ मढ़ौरा - 2 एसके सुधांशु ने शनिवार को इसुआपुर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अचितपुर निवासी अशोक गिरी की दूसरी पत्नी शबरुन निशा उर्फ सोनी देवी की हत्या घरेलू कलह एवं संपत्ति विवाद को लेकर की गई थी। जांच के दौरान यह सामने आया कि मुख्य आरोपी मनु गिरी ने अपने स्वजनों और कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर 20 जून की देर शाम महिला को गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी गायत्री देवी एवं अलका देवी को घटना के अगले ही दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपी अंकित सिंह को भी गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव ने बताया कि लगातार छापेमारी के बाद हत्या के मुख्य आरोपी मनु गिरी को शुक्रवार की शाम मसरख थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक पूछताछ के बाद शनिवार को उसे न्यायिक हिरासत में छपरा जेल भेज दिया गया। साथ ही कहा कि मामले में अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है तथा फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# 17वें जन्मदिन पर लिया सेवा का संकल्प निभा रहे आयुष राज

छपरा। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत छपरा शहर के युवा आयुष राज अपने 17वें जन्मदिन पर लिए गए सेवा संकल्प को लगातार निभा रहे हैं। जन्मदिन के अवसर पर छह टीबी मरीजों को गोद लेकर छह माह तक पोषण सहयोग देने की शुरूआत करने वाले आयुष ने जून माह में सभी मरीजों के बीच पांचवें महीने की पोषण पोटली का वितरण किया है। हालांकि अभी एक माह का पोषण सहयोग शेष है, जिसके बाद उनका छह माह का संकल्प पूर्ण होगा। इस संबंध में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद सिंह (डॉ. आरपी सिंह) ने कहा कि आयुष राज की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार में दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यक्ष्मा विभाग के डीपीसी हिमांशु शेखर ने कहा कि सेवा और संवेदनशीलता के लिए उम्र नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जरूरी होता है। आयुष ने कम उम्र में जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, उससे अन्य युवा भी सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित होंगे। वहीं एसटीएलएस कुमार अमित ने बताया कि आयुष ने अपने परिवार में टीबी मरीजों को गोद लेने की चर्चा से प्रेरित होकर यह संकल्प लिया था। पिछले पांच महीनों से वह नियमित रूप से मरीजों तक पोषण सामग्री पहुंचा रहे हैं।

# भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। शहर के वास्तु विहार फेज-2 में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं ह्हर-हर महादेवह्व के जयघोष के बीच सैकड़ों महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली। इसके बाद यज्ञ मंडप में पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना एवं आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। यज्ञाचार्य पं. नीतीश पाण्डेय के सानिध्य में 4 से 8 जुलाई तक विभिन्न वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। 8 जुलाई को प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा, महाश्रृंगार, 56 भोग, पूणार्हुति एवं महाप्रसाद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में वास्तु विहार फेज-2 के निवासियों ने बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग दिया है। विशेष सहयोगकताओं में सुनील सिंह (प्राध्यापक), त्रिलोकी नाथ दुबे (जेई) तथा वास्तु विहार कंपनी प्रमुख रहे। वहीं गृहस्वामियों में रत्नेश सिंह, श्रीप्रकाश मिश्रा, ब्रह्मनंद तिवारी, अशोक कुमार प्रसाद, ओम प्रकाश सिंह, विकास कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, अनिरुद्ध सिंह, शंभूनाथ पांडेय, कमलेश कुमार सिंह, निष्ठा मैडम, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रद्युम्न सिंह, राजेश सिंह, अमित सिंह, डॉ. के. कुमार, बब्बन तिवारी, महेश यादव, शैलेश कुमार सिंह, जय प्रकाश यादव, राजेश्वर सिंह, दिनेश सिंह, भास्वर लोचन, अमिश कुमार, सुनील सिंह (नैनो बिल्डिंग), राज कुमार सिंह, कृष्णा साहनी, रणधीर सिंह, संतोष गुप्ता, डॉ. पी.एन. सिंह, द्वारिका सिंह, मानव कुमार, अमित कुमार (लक्की सिंह) तथा राजेश उपाध्याय सहित अन्य लोगों ने उदारतापूर्वक सहयोग राशि प्रदान की। इसके अलावा आनंद चौरसिया, उदय कुमार सिंह, विधान चंद (वकील साहब), राजीव कुमार सिंह, कृष्णकांत सिन्हा, विनोद सिंह (गुड्डू जी), नरेंद्र कुमार समेत अन्य गृहस्वामियों ने भी सहयोग किया। अन्य सहयोगकताओं में गार्ड पाण्डेय जी एवं उनके पुत्र, जेके इंजीकॉन प्रा. लि., आनंद वैभव, सपना सिंह, समीर कुमार दुबे, आकाश मोडानवल, हैदर जी, रागिनी कुमारी, समृद्धि हॉस्पिटल, डॉ. के. कुमार के मित्रगण, बी.एन. तिवारी के मित्र एवं स्टाफ, रत्नेश सिंह के परिजन एवं बैंक स्टाफ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के अनुरूप आर्थिक सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन समिति ने सभी सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग और सहभागिता से यह धार्मिक आयोजन भव्य रूप से संपन्न हो रहा है तथा प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# सराफा व्यवसायी छिनतई मामले का पुलिस ने किया खुलासा, शिकायत निकली झूठी

प्रात: किरण संवाददाता

इसुआपुर। सहवां गांव के सराफा व्यवसायी चंदन कुमार से कथित छिनतई मामले का इसुआपुर पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस जांच में यह मामला झूठा पाया गया। पुलिस के अनुसार, व्यवसायी ने कर्ज और बैंक ऋण से बचने के उद्देश्य से लूट की मनगढ़ंत कहानी रची थी तथा झूठा आवेदन देकर पुलिस को गुमराह किया था। एसडीपीओ मढ़ौरा -2 एस. के. सुधांशु,थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव एवं मामले के अनुसंधानकर्ता अपर थानाध्यक्ष अंकित कुमार ओझा ने बताया कि घटना की वैज्ञानिक एवं तकनीकी तरीके से जांच की गई। जांच के दौरान वादी के घर से कथित घटनास्थल तक पहुंचने में करीब 25 मिनट का समय लगा। वहीं वादी ने घटना का समय शाम 4.01 बजे बताया था। जबकि उसके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में उसके घर से निकलने का समय दोपहर 2:53 बजे दर्ज मिला। दूसरी ओर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से भी वादी के बयान में कई विरोधाभास सामने आए। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान वादी लगातार अपने बयान बदलता रहा। पहले उसने घटना के दिन अपने आने-जाने के स्थान को लेकर अलग-अलग जानकारी दी। जब साक्ष्यों के आधार पर उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया कि उस पर करीब चार लाख रुपये का कर्ज था।जिसमें दो लाख रुपये निजी उधारी यानी हथफेर तथा दो लाख रुपये बैंक ऋण शामिल थे। इसी वित्तीय दबाव से बचने के लिए उसने झूठी छिनतई की कहानी बनाकर पुलिस को आवेदन दिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर घटनास्थल का गहन निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज की जांच और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद मामला पूरी तरह फर्जी पाया गया। पूछताछ में वादी ने स्वयं भी स्वीकार किया कि उसने पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से झूठी सूचना दी थी।

# उपभोक्ता आयोग के सख्त आदेश पर इंश्योरेंस कंपनी ने चुकाया उपभोक्ता को राशि

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष के हस्तक्षेप एवं कड़े रुख अपनाने के बाद चोला मंगलम इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा मसरख थाना के चरिहरा निवासी मनिंदर कुमार सिंह को पैतालिस हजार रुपए का चेक द्वारा भुगतान किया। आयोग के अध्यक्ष जयराम प्रसाद एवं सदस्य मंजू सिंह ने वाद संख्या 13 /22 में इंश्योरेंस कंपनी और आवेदक की बहस सुनने के पश्चात इंश्योरेंस कंपनी को आवेदक को राशि चेक के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। जिसका पालन करते हुए कंपनी ने आवेदन को



अध्यक्ष के सामने भुगतान किया। आवेदक ने मनिंदर कुमार सिंह ने 24 मार्च 2018 को एक क्विड कंपनी की कार मुजफ्फरपुर एजेंसी से खरीदा था।जिसका रजिस्टेशन नं बी आर 06 बी एम 2693 था। जिसका इंश्योरेंस चोला मंगलम कंपनी से करवाया था। 2020 में भारी बरसात एवं बाढ़ के कारण उनकी गाड़ी में पानी घुस गया और गाड़ी के अंदर लगभग खराबी आ गई। जिसके मरम्मत करने में सैंतालीस हजार रुपया खर्चा आया। आवेदक ने विपत्र इंश्योरेंस कंपनी में जमा कराया। परंतु इंश्योरेंस कंपनी द्वारा उन्हें एक रुपया का भुगतान नहीं किया गया ।उसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से इंश्योरेंस कंपनी को वकालतन नोटिस भेजा। परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई तब उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया जहां सुलह समझौते के आधार पर उन्हें रुपए का भुगतान चेक द्वारा दिया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से गिरकर बक्सर निवासी अधेड़ की मौत

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर करीसाथ स्टेशन के समीप शनिवार की सुबह ट्रेन से गिरकर बक्सर निवासी अधेड़ की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते नहीं दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक बक्सर जिले के कृष्णब्रह्म थाना क्षेत्र के सोआं गांव निवासी चंद्रेश्वर सिंह के 44 वर्षीय पुत्र अजय कुमार सिंह है। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह करीसाथ स्टेशन के समीप वह ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें ट्रेन द्वारा आरा स्टेशन पर भेजा गया। तब रेल पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, मृतक के भाई ने बताया कि उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी, जिसके कारण उनकी शादी भी नहीं हुई थी। शनिवार की सुबह वह घर पर ही थे और अचानक से बिना कुछ कहे घर से निकल गए। किसी बीच यह घटना घट गई। इसके बाद आरा रेल पुलिस द्वारा फोन के माध्यम से इस घटना की जानकारी परिजनों को मिली। सूचना पाकर परिजन रेल थाना पहुंचे, जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर थे। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। उनके परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विषैले सांप के डंसने से युवक की हालत गंभीर

आरा। जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के धन्डीहा गांव में शनिवार की दोपहर विषैले सांप के डंसने से एक युवक की हालत गंभीर हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त युवक कोईलवर थाना क्षेत्र के धन्डीहा गांव निवासी जयराम सिंह का 36 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है। इधर, उक्त युवक के परिजन ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह खेत में काम कर रहा था। उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डंस लिया, जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई।

### विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक घायल

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में शनिवार की दोपहर विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार घायल बबुरा थाना क्षेत्र के कपूर दियरा गांव निवासी भिखारी साह का 35 वर्षीय पुत्र सुरेश साह है। वर्तमान में वह नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में परिवार के साथ किराए के मकान में रहता है। इधर, घायल युवक के परिजन ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह केबल तार ठीक कर रहा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### डिजिटल सुशासन से बदल रहा बिहार : मंगल

पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने बिहार में डिजिटल सुशासन और तकनीकी विकास के क्षेत्र में राज्य की सम्राट चौधरी सरकार द्वारा उठाए जा रहे ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदमों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। श्री पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार बिहार को देश का एक अग्रणी तकनीकी केंद्र (हब) बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सरकार का यह कदम न केवल प्रशासनिक व्यवस्था में अभूतपूर्व पारदर्शिता लाएगा, बल्कि भ्रष्टाचार की जड़ों पर भी अंतिम प्रहार करेगा। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में आज जो व्यापक तकनीकी बदलाव और डिजिटल क्रांति दिख रही है, उसकी असली प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डिजिटल इंडिया का विजन है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने तकनीकी क्षेत्र में जो वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किए हैं, आज हमारी राज्य सरकार उसी पदचिन्हों पर चलते हुए तकनीक के लाभ को बिहार के गांव-गांव और हर नागरिक तक पहुंचा रही है। श्री पांडेय ने सरकार की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक सुधारों की चर्चा करते हुए सरकार के ट्रिपल टी यानी तकनीक, पारदर्शिता और भरोसा (टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी और ट्रस्ट) के सिद्धांत की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी सेवाओं को पूरी तरह से ऑनलाइन और कागज रहित बनाना एक युगांतकारी कदम है। राज्य कैबिनेट द्वारा गूगल क्लाउड इंडिया, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और सर्वम जैसी वैश्विक दिग्गज तकनीकी कंपनियों के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों की स्वीकृति और आगामी कृत्रिम बुद्धिमत्ता नीति राज्य के युवाओं के भविष्य के लिए पासा पलटने वाली (गेम-चेंजर) साबित होगी।

# भरत तिवारी के हत्यारे को फांसी दिये जाने का किया मांग

- ब्राम्हण समुदाय ने बैठक कर बिलौटी घटना पर जताया विरोध
- शहीद का दर्जा प्रदान किये जाने की आवाज किया बुलंद



प्रात : किरण संवाददाता

भरत तिवारी हत्या कांड से आक्रोशित राजपुर प्रखंड के ब्राम्हण समुदाय का शनिवार को मंगलवलिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रविशंकर दुबे उर्फ सोनू दुबे के नेतृत्व में अमरपुर गांव स्थित भगवान जगन्नाथ जी मठ परिसर में बैठक हुआ.जहा लोगों ने हत्याकांड को लेकर भारी विरोध जताया.बिहार के मुख्यमंत्री से हत्यारे पुलिस वालों को फांसी दिये जाने की मांग की.अमाठी गांव निवासी छोटन दुबे ने हत्यारे पुलिस वालों को फांसी दिये जाने की मांग की. मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि जब जब ब्राम्हण बोला है.राज सिहासन डोला है.जनसंघ से बने भाजपा की स्थापना ब्राम्हण के बेटे ने किया है.

अटल बिहारी बाजपेई,मुरली मनोहर जोशी जैसे ब्राम्हण परिवार के लोगों ने अपने खुन पसीने से सिचकर पार्टी को इस बुलंदी तक पहुंचाया है.हमारा ब्राम्हण समुदाय आज की तारीख में भाजपा का सबसे बड़ा कोर वोटर है. उन्होंने कहा कि आज के दौर में पार्टी का कमान संभाल रहे लोग ब्राम्हण की क्षमता को भूलने की कोशिश कर रहे हैं.भरत तिवारी हत्या मामले में अभी तक भाजपा का सबसे उपरी शीर्ष नेतृत्व मौन है ?

मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि भरत तिवारी एक क्रान्तिकारी नौजवान था.जो आज के दौर में भ्रष्ट सिस्टम से जुझ रहा था. भ्रष्ट सिस्टम ने उसे मजबूर करके हथियार थमा दिया था.वह कोई गुंडा, मवाली चोर,शराब माफिया, बालु माफिया अथवा अनपढ गवांर नहीं था.सरकार उसे शहीद का दर्जा प्रदान करे.

मौके पर बडन दुबे,ओंकार तिवारी उर्फ हाहाकार तिवारी, मठाधिश्वर सुदर्शनाचार्य, संजय पाण्डेय, बलिराम तिवारी, श्यामजी तिवारी,अंजनी तिवारी, मदनमोहन तिवारी भरत तिवारी,राजा तिवारी,सुनिल चौबे अतुल चौबे, राजगीर पाण्डेय, बसंत तिवारी, अंजय ब्रम्हचारी, ददन पाण्डेय, विजयकान्त तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे

# नियुक्ति नियमावली 2026 के विरोध में अतिथि शिक्षकों का प्रदर्शन, सेवा नियमितीकरण की उठाई मांग

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से अंगीभूत विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने नियुक्ति नियमावली 2026 के विरोध में आंदोलन तेज कर दिया है। शनिवार को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष आयोजित बैठक में अतिथि प्राध्यापक संघ ने नई नियुक्ति नियमावली को यूजीसी की गाइडलाइन के विपरीत बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। साथ ही लंबे समय से कार्यरत अतिथि प्राध्यापकों की सेवा नियमित करने की मांग भी दोहराई गई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार एवं संबंधित विभाग द्वारा तैयार की गई नियुक्ति नियमावली 2026 में कई ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जो वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल हैं। उनका कहना था कि नई नियमावली लागू होने से अनुभवी शिक्षकों के भविष्य पर संकट खड़ा हो जाएगा तथा उनकी सेवाओं की उपेक्षा होगी। संघ के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार आनन्द ने कहा कि पूर्व में बनी नियुक्ति नियमावली 2020 तथा यूजीसी की गाइडलाइन के अनुरूप ही स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नई नियमावली में स्नातक, पीजी, नेट, जेआरएफ, पीएचडी, शोध पत्र और अनुभव के आधार पर तैयार किए गए एपीआई स्कोर की व्यवस्था भी यूजीसी मानकों से अलग है। इससे योग्य एवं लंबे समय से कार्यरत अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय होगा। अतिथि शिक्षकों ने यह भी आपत्ति जताई कि पहले निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष थी, जिसे नई नियमावली में घटाकर 43 वर्ष कर दिया गया है। उनका कहना है कि इस निर्णय से बड़ी संख्या में अनुभवी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। संघ ने सरकार से आयु सीमा में संशोधन करने तथा पहले से कार्यरत शिक्षकों की सेवा नियमित करने की मांग की। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शनिवार को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष नियुक्ति नियमावली 2026 की प्रति का विरोध दर्ज कराया जाएगा। इसके माध्यम से सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान अतिथि शिक्षकों की मांगों की ओर आकर्षित किया जाएगा। संघ के नेताओं ने बताया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इसके बाद बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के प्रतिनिधियों के साथ पटना में संयुक्त आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, न्याय और यूजीसी मानकों के अनुरूप नियुक्ति प्रक्रिया सुनिश्चित कराने के लिए है। बैठक में बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। डॉ अमर कुमार, डॉ राजेश सिंह,डॉ राकेश कुमार, डॉ धनंजय प्रसाद राय, डॉ पंकज कुमार, डॉ आशा रानी, डॉ सीमा कुमारी, डॉ प्रीति चिरानिया, डॉ पिंकी रानी, डॉ श्वेता सिंह, डॉ संगीता कुमारी, डॉ कमलेश सिंह, डॉ मुकेश कुमार ,डॉ उमेश राय, डॉ अशोक तिवारी, डॉ राधिका रमन डॉ शिव शंकर, डॉ सुमीली फातमा उपस्थित रहे।

# महायज्ञ में आज होगा विराट संत सम्मेलन, देशभर के संत-महात्मा देंगे धर्म और संस्कृति का संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

सहार। स्थानीय पेरहाप स्थित श्री तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत रविवार को विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से वैष्णव परंपरा के प्रतिष्ठित संत, महंत एवं विद्वान भाग लेंगे। संतों के आगमन को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।सम्मेलन में अयोध्या, प्रयागराज, पटना, गया, सासाराम सहित विभिन्न स्थानों से पधार रहे संत-महात्मा सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक जीवन पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। उनके प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने तथा मानव सेवा और सदाचार का संदेश मिलेगा। आयोजन समिति ने बताया कि संत सम्मेलन के उपरांत महायज्ञ के समापन की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। रविवार को यज्ञ की पूणार्हुति, विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संतों के दिव्य प्रवचनों का लाभ लेने तथा महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। संत सम्मेलन को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

# गुप्त सूचना पर बबुरा थाना की बड़ी कार्रवाई, 100 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



बड़हरा (भोजपुर)। शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत बबुरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राजापुर बगीचा के समीप 100 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान शराब के परिवहन में प्रयुक्त दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। बबुरा थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से बड़ी मात्रा में देशी शराब लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने राजापुर बगीचा के पास वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें कुल 100 लीटर देशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विजय कुमार (25 वर्ष), पिता बूचून बिन तथा शशिपाल कुमार (28 वर्ष), पिताझ भुअर महतो, दोनों निवासी महादेवचक सेमरिया, थाना कोईलवर, जिला भोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर शराब एवं दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है। आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि शराब तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इस अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# पहली मेरिट लिस्ट से स्नातक नामांकन की रफ्तार बढ़ी, छह जुलाई तक चलेगी प्रवेश प्रक्रिया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2026-30 के प्रथम सेमेस्टर में नामांकन प्रक्रिया ने अब गति पकड़ ली है। विश्वविद्यालय द्वारा पहली मेधा सूची जारी किए जाने के बाद कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में चयनित छात्र-छात्राएं आवंटित कॉलेजों में पहुंचकर प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं। पहली मेरिट सूची के आधार पर नामांकन की अंतिम तिथि 6 जुलाई निर्धारित की गई है। शुक्रवार को आरा मुख्यालय स्थित एचडी जैन कॉलेज, महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह कॉलेज, एमएम महिला कॉलेज, एसबी कॉलेज, जगजीवन कॉलेज सहित विभिन्न सरकारी एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। छात्र अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराने तथा शुल्क जमा करने के लिए कॉलेजों में पहुंचे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार पहले आवेदन सत्यापन और उसके बाद शुल्क भुगतान व नामांकन की व्यवस्था लागू की है, जिससे प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो सके। हालांकि नामांकन कार्य अपेक्षित गति से नहीं चल पा रहा है। कई कॉलेजों में कंप्यूटर ऑपरेटरों और अन्य कर्मचारियों की कमी के कारण दस्तावेज सत्यापन में विलंब हो रहा है। विशेष रूप से सरकारी डिग्री कॉलेजों में रिक्त पदों के चलते कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार पड़ रहा है।

# स्थानांतरित अधिकारियों को भावभीनी विदाई नवपदस्थापित पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय परिसर में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्थानांतरित जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नवपदस्थापित अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का माहौल आत्मीयता, सम्मान और सौहार्द से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की सफलता टीम भावना, पारदर्शिता और समर्पित कार्यशैली पर आधारित है। उन्होंने स्थानांतरित अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि विभाग के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। साथ ही नवपदस्थापित अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। समारोह में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर एवं रमेश कुमार पाल को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं नवपदस्थापित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नासिर अली एवं राहुल रंजन का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। दोनों अधिकारियों ने विभागीय दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और टीम भावना के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि स्थानांतरण प्रशासनिक प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन कार्य के दौरान बने सहयोग, समर्पण और आपसी विश्वास की यादें हमेशा बनी रहती हैं। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन भानु प्रताप एवं सुनील पांडेय ने किया। इस अवसर पर शंभू कुमार, अमित कुमार, बिंदेश्वर कश्यप, सर्वजीत सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रीतम कुमार, मधुसूदन वर्मा, रेणु कुमारी सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोकल से ग्लोबल: जीविका दीदियों के उत्पादों को मिलेगा वैश्विक बाजार : अंजुम

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने जारी बयान में कहा कि बिहार सरकार द्वारा प्रमुख पर्यटन स्थलों पर जीविका दीदियों एवं किसानों के उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था तथा उन्हें डिजिटल बाजार से जोड़ने का निर्णय पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जीविका अभियान के माध्यम से लाखों ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का ऐतिहासिक काम किया है। आज जीविका दीदियां कृषि, दुग्ध उत्पादन, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और लघु उद्योगों के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। अब डिजिटल बाजार और पर्यटन स्थलों पर बिक्री की नई व्यवस्था उनके उत्पादों को लोकल से ग्लोबल की नई उड़ान देगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की विकास नीति का केंद्र हमेशा गांव, गरीब, किसान और महिला सशक्तिकरण रहा है। जीविका समूहों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण, बाजार उपलब्ध कराने और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में बिहार की वर्तमान एनडीए सरकार लगातार काम कर रही है।

# जगदीशपुर में आज होने वाली बहुजन महापंचायत स्थगित

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर जिला के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के लाल बिहारी सिंह के टोला में रविवार को प्रस्तावित बहुजन महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी गई है। शनिवार को जगदीशपुर थाने में प्रशासनिक अधिकारियों और आयोजन समिति के बीच कई घंटे तक चली वार्ता के बाद भी सहमति नहीं बन सकी। प्रशासन ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था का हवाला देते हुए कार्यक्रम के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आयोजन समिति ने बैठक कर महापंचायत को अगली तिथि तक टालने का निर्णय लिया। शनिवार को जगदीशपुर थाने में अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष तथा जगदेव सेना भोजपुर के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर महतो के नेतृत्व में आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक हुई। समिति ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हवाला देते हुए हर हाल में महापंचायत आयोजित करने की अनुमति मांगी। अधिकारियों ने वरीय पदाधिकारियों से बातचीत के बाद बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ जुटने की संभावना है, जिससे विधि-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी आधार पर एनओसी देने से इनकार कर दिया गया।

**107 का नोटिस लेने से किया इनकार:** बैठक के दौरान पुलिस ने आयोजन समिति के करीब 11 प्रमुख लोगों को धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई का नोटिस तामील कराने का प्रयास किया। इस पर आयोजकों ने नोटिस लेने से इनकार करते हुए कहा कि यदि प्रशासन उचित समझे तो उन्हें गिरफ्तार कर सकता है, लेकिन वे नोटिस स्वीकार नहीं करेंगे। बाद में प्रशासन की ओर से चौकीदार के माध्यम से नोटिस की सूचना भेजने की कारवाई जारी है।

**मुखिया आवास पर हुई आपात बैठक:** थाने में वार्ता विफल होने के बाद नयकाटोला के मुखिया उमेश कुमार सिंह के आवास पर आयोजन समिति की आपात बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने तथा प्रसासन के हाथ खडा कर देने के कारण बहुजन महापंचायत को अगली तिथि तक स्थगित कर दिया जाए।

# कोइलवर बीईओ का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। कोईलवर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयप्रकाश के सम्मान में शनिवार को कुल्हड़िया हाई स्कूल के सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षा विभाग के कर्मियों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। प्रधानाध्यापक सियाराम मिश्रा ने कहा कि जयप्रकाश जी ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, विद्यालयों में अनुशासन कायम करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके सरल स्वभाव, कार्यकुशलता एवं सभी के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समारोह के दौरान उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में जयप्रकाश ने सभी शिक्षकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोईलवर में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। उन्होंने सभी से शिक्षा के क्षेत्र में इसी समर्पण के साथ कार्य करते रहने की अपील की।

# गाय पालन का प्रशिक्षण समाप्त प्रतिभागियों को मिला प्रमाण-पत्र



प्रात : किरण संवाददाता

कोईलवर। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), भोजपुर में आयोजित 12 दिवसीय निःशुल्क आवासीय गाय पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन समारोह में अग्रणी जिला प्रबंधक भोजपुर विभूति पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में विभूति पाण्डेय ने कहा कि गाय पालन एवं डेयरी व्यवसाय ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी पूंजी या विभिन्न बैंकों की सरकारी योजनाओं के तहत ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण का बेहतर उपयोग कर सफल उद्यमी बनने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक रमेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पीएनबी आरसेटी का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में हरसंभव सहयोग देना भी है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन, परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर हर प्रशिक्षार्थी सफल उद्यमी बन सकता है। संस्थान के संकाय प्रेम कुमार ने बताया कि 6 जुलाई 2026 से 30 दिवसीय रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशनर (आरएसी) मरम्मत प्रशिक्षण तथा 8 जुलाई 2026 से 12 दिवसीय निःशुल्क आवासीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण शुरू होगा।उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह भोजपुर जिले का स्थायी निवासी होना चाहिए।

# विभिन्न घटनाओं के विरोध में भाकपा (माले) का प्रतिरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता




कोईलवर। फर्जी एनकाउंटर, बुलडोजर कार्रवाई, मॉब लिंचिंग तथा बिहार में बढ़ते अपराध के विरोध में शनिवार को कोईलवर में भाकपा (माले) की ओर से राज्यव्यापी प्रतिरोध दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने माले कार्यालय से प्रतिरोध मार्च निकाला, जो कपिलदेव चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण के नाम पर पुलिस को खुली छूट दी जा रही है, जिससे फर्जी एनकाउंटर की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने बिलौटी एनकाउंटर का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि दलित, पिछड़े और गरीब तबकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने नालंदा में श्रवण पासवान और पिंटू पासवान की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या की घटना का जिक्र करते हुए इसे सरकार की विफलता बताया। साथ ही आरोप लगाया कि गरीबों की झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाकर उनके आशियाने और आजीविका को उजाड़ा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भू-माफिया और शिक्षा माफिया के संरक्षण में काम कर रही है तथा सामाजिक न्याय की बात करने वाले कई नेता जनता के मुद्दों पर चुप हैं। सभा के माध्यम से भाकपा (माले) ने फर्जी एनकाउंटर, मॉब लिंचिंग और बुलडोजर कार्रवाई जैसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। कार्यक्रम में अंचल सचिव विष्णु ठाकुर, नगर सचिव भोला यादव, चंदेश्वर राम, दशरथ सिंह, गंगासागर प्रसाद, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नई नियमावली के विरोध में पीएचडी धारको का शिष्टमंडल शिक्षा मंत्री से मिल ज्ञापन सौंपा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। असिस्टेंट प्रोफेसर बहाली में नई नियुक्ति नियमावली के विरोध में शनिवार को ऑल पीएचडी होल्डर्स एंड रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन ऑफ बिहार के पीएचडी धारकों और शोधार्थियोंका शिष्टमंडल शिक्षा मंत्री से मिल ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वर्तमान बहाली प्रक्रिया में अचानक नई नियमावली लागू करना हजारों पीएचडी धारकों और शोधार्थियों के साथ अन्याय बताया ।उनका कहना था कि अभ्यर्थियों ने वर्षों तक पुरानी नियमावली के अनुरूप एपीआई स्कोर, पीएचडी, शोध-पत्र, सेमिनार, शिक्षण अनुभव और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर तैयारी की है। ऐसे में नियमों में बदलाव से उनका भविष्य प्रभावित होगा। एसोसिएशन ने सरकार से वर्तमान बहाली पुरानी नियमावली के तहत कराने, 211 नए डिग्री कॉलेजों में सभी विषयों की पढ़ाई शुरू करने, यूजीसी के अनुरूप अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष करने, पीएचडी धारकों को नेट व जेआरएफ अभ्यर्थियों की तुलना में अधिक वरीयता देते हुए एपीआई के 30 अंक बहाल करने तथा बिहार के अभ्यर्थियों के लिए डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की। शिष्टमंडल ने कहा कि बिना पीएचडी अथवा शोध अनुभव वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने से उच्च शिक्षा में शोध संस्कृति प्रभावित होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को राज्यव्यापी बनाया जाएगा।

# भरत भूषण प्रकरण में गिरफ्तारी को लेकर मां आशा देवी ने 9 जूलाई से आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा की

प्रात : किरण संवाददाता



शाहपुर। भरत भूषण प्रकरण में गिरफ्तारी सहित अन्य पांच मांग को लेकर शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत में मां आशा देवी ने 9 जूलाई से दरवाजे के सामने पेड के समीप आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा की है। दिए गए बयान में सभी दोषी अधिकारियों एवं इस घाटना में शामिल संजीत कुमार,जगदीशपुर एसडीपीओ राजेश शर्मा,थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश मालाकार,एसआई अंकित आर्यन,एएसआई सचितानंद यादव,एसटीएफ के जवान अक्षय कुमार, परिवार की सुरक्षा जल्द से जल्द सुनिश्चित कराई जाए। जांच में कोई भी अधिकार आते है तो इसकी सूचना परिजनों की दी जाए। ताकि जांच में सहयोग किया जा सके।

मेरे गांव के लडको पर पुलिस द्वारा फर्जी मुकादमा किया गया है। उसे जल्द से जल्द वापस किया जाए। जिसमें 14 नामजद तथा 50 अज्ञात शामिल है। मेरे घर पर 11 बजे रात के बाद काले रंग की गाडी से बिना नंबर प्लेट से निगरानी की जा रही है। जिसकी जांच होनी चाहिए। कौन इसमें शामिल है। मां आशा देवी के आमरण अनशन की ऐलान से आम लोगों में चर्चा का विषय बनकर रह गया है। लोगों का कहना है कि आमरण अनशन से न्याय की भरोसा जताया जा रहा है।

# निमार्णाधीन प्रखंड कार्यालय में गुणवत्ता मानको का पालन करे संवेदक व एजेंसी:डीएम

● किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता नहीं किया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस द्वारा निमार्णाधीन प्रखंड कार्यालय अरवल का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों के निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की। जिला पदाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक अभियंता, संवेदक एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता के निर्धारित मानको का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा निमार्णाधीन प्रखंड कार्यालय, अरवल का निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने भवन के विभिन्न भागों का अवलोकन करते हुए आवश्यकतानुसार तकनीकी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि प्रखंड कार्यालय का संचालन शीघ्र प्रारंभ कर आम नागरिकों को बेहतर एवं सुगम प्रशासनिक सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने तथा कार्य की प्रगति से जिला प्रशासन को अवगत कराते रहने का निर्देश दिया। साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने एवं निर्माण स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएँ बनाए रखने पर भी बल दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्तापूर्ण आधारभूत संरचना के निर्माण के प्रति प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। मौके पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी के साथ कार्यपालक अभियंता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया किंजर पुनपुन नदी पर निमार्णाधीन पुल वं किंजर सूर्य मंदिर स्थल का निरीक्षण



करपी। जिला पदाधिकारी ने किंजर पुनपुन नदी पर निमार्णाधीन पुल एवं किंजर सूर्य मंदिर स्थल का किया निरीक्षण । निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्य संपन्न कराने के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पुल निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने किंजर स्थित धार्मिक स्थल का भी भ्रमण किया। उन्होंने वहाँ शादी-विवाह, पिंडदान एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। साथ ही धार्मिक आयोजनों एवं पिंडदान के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किंजर धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सहकारिता विभाग की कृषि गोष्ठी में किसानों को दिए जैविक खेती के टिप्स

सिटी रिपोर्टर /वजीरगंज। प्रखंड के केनार पहाड़पुर पंचायत स्थित महादेव स्थान के निकट सहकारिता विभाग के बैनर तले एक दिवसीय कृषि गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की देखरेख पैक्स अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा उर्फ धीरेन्द्र कुशवाहा ने की। गोष्ठी में धान, गेहूं, सब्जी व दलहन की स्वच्छ फसल पैदावार के गुर बताए गए। सहकारिता विभाग के उप क्षेत्रीय प्रबंधक दिलीप कुमार ने कहा कि रासायनिक खाद का कम उपयोग कर जैविक खाद अपनाएं। समय-समय पर नैनो यूरिया, नैनो डीएपी लिक्विड से बीज व पौधों का उपचार करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब पैक्स द्वारा खाद के साथ-साथ सस्ते दर पर कीटनाशक भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। मौके पर राहुल कुमार, चंदन कुमार सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### बाराभिठिया में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

सिटी रिपोर्टर /वजीरगंज। प्रखंड की तरवां पंचायत अंतर्गत बाराभिठिया गांव में शनिवार को श्री देवी एवं हनुमान मंदिर के पंचदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर गाजे-बाजे व जयकारों के साथ यज्ञ स्थल से शोभायात्रा निकाली। यात्रा बाराभिठिया से प्राणपुर, ठठनिया मोड़, अमूचक, बढ़ही बिगहा, भलुआही होते हुए तरवां वजीरगंज -फतेहपुर मार्ग से ढाढ़र नदी पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल लौटे।
पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल रहा। आयोजन समिति ने बताया कि महायज्ञ 8 जुलाई तक चलेगा। प्रतिदिन वैदिक अनुष्ठान, पूजन व धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि क्रांतिवीर शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि रामाशंकर प्रसाद यादव, 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद आरिफ हुसैन, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, कामेश्वर यादव, दिनेश लाल सिन्हा, अरविंद पंडित सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

### डीएवी कैंट स्कूल में भीआइपी आगमन से बदली छुट्टी के समे

गया। कैंट क्षेत्र स्थित DAV स्कूल में आज भी आई पी आगमन के कारण स्कूल की छुट्टी के समय में बदलाव किया गया। इससे अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है।एक अभिभावक दीपक कुमार ने जिला प्रशासन एवं विद्यालय प्रबंधन से गंभीर निवेदन किया है। उनका कहना है कि दोपहर लगभग 1:00 बजे विद्यालय की ओर से संदेश मिला कि बच्चों की छुट्टी 2:30 बजे के बाद होगी। इतनी देर से सूचना मिलने के कारण अभिभावक बच्चों के लिए अतिरिक्त भोजन या नाश्ते की व्यवस्था नहीं कर सके। भीषण गर्मी में छोटे बच्चों को देर तक विद्यालय में रोकना चुनौतीपूर्ण रहा। अभिभावक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने वर्ग शिक्षक और कार्यालय से बच्चों के लिए बिस्कुट या हल्का नाश्ता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।
आश्वासन मिला, लेकिन बच्चा बिना कुछ खाए भूख से रोते हुए घर पहुंचा। अभिभावक ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में यदि प्रशासनिक कारणों से बच्चों को निर्धारित समय से अधिक रोकना पड़े, तो इसकी पूर्व सूचना दी जाए। साथ ही बच्चों के लिए भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## जदयू का भविष्य हैं निशांत कुमार: अवध बिहारी पटेल

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। जदयू जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नक्शे कदम पर चलते हुए स्वास्थ मंत्री निशांत कुमार बिहार के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ विभाग में उनके नेतृत्व में जनहित में लगातार कड़े फैसले लिए जा रहे हैं। पटेल ने कहा की सरल स्वभाव मृदुभाषी निशांत कुमार जी को पार्टी का एक एक कार्यकर्ता अपना नेता मानता है, सभी कार्यकर्ताओं का मानना है की निशांत कुमार पार्टी का भविष्य हैं, आगे वहीं पार्टी का नेतृत्व करेंगे और उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी। पटेल ने निशांत कुमार के स्वास्थ विभाग के सभी संस्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के फैसले को सराहना करते हुए कहा की निशांत कुमार ने संकल्प लिया है की बिहार के हर गरीब जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ सुविधा मिले आम जनता को इलाज के लिए बिहार से बाहर न जाना पड़े। पटेल ने कहा की निशांत कुमार में उनके पिता नीतीश कुमार का छवि नजर आता है, कम बोलते हैं काम ज्यादा करते हैं। पार्टी का कार्यकर्ता और जनता निशांत कुमार को अगले सीएम के रूप में देख रहीं है।

## जिलाधिकारी ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संरक्षित व्यवस्था का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा वेयर हाउस परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, प्रवेश एवं निकासी पंजी, सुरक्षा बलों की तैनाती तथा मशीनों के सुरक्षित भंडारण से सबंधित व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। साथ ही वेयर हाउस में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप रख-रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। आज जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस द्वारा जिला जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित रूप से आवश्यक जांच एवं मॉनिटरिंग की जाए। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा निर्वाचन संबंधी सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शी, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु सतत निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री बाबू नरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



सिटी रिपोर्टर /वजीरगंज। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता स्व. बाबू नरेंद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर रविवार को मुक्ता गार्डेन में द राजपूत ऑफ बिहार के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके सामाजिक व राजनीतिक योगदान को याद किया।सभा को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर मन्तोष सिंह ने कहा कि स्व. बाबू नरेंद्र सिंह गरीबों, वंचितों और पीड़ितों की आवाज थे। उन्होंने जीवनभर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि बिहार विधानसभा परिसर में स्व. नरेंद्र सिंह की आदमकद प्रतिमा स्थापित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जाए।कार्यक्रम में अभिजीत सिंह, बिक्कू बाबू, अजय राजपूत, नैतिक राजपूत, आलोक सिंह, अर्पित सिंह, सूरज सिंह, पवन सिंह सहित संगठन के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप सिलाई मशीन प्रदान की गई

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। पीपुल फर्स्ट एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित रेस्क्यू जंक्शन में सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है ।छात्राओं के छह माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की अंतिम परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप सिलाई मशीन प्रदान की गई है।प्रथम स्थान राधा कुमारी एवं द्वितीय स्थान महिमा कुमारी ने प्राप्त किया , उन्हें यह सम्मान उनके बेहतर प्रदर्शन और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए गए प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया गया है। रोटरी क्लब बोधगया के द्वारा बच्चियों को सिलाई मशीन का वितरण किया गया जिसमें रोटेरियन , विकी सिंह ( प्रेसिडेंट 2026-2027 ) एवं रोटेरियन डॉ. राजेश कुमार पूर्व प्रेसिडेंट (2025-2026) ने बच्चियों को सिलाई मशीन दिया है। इस कार्यक्रम का आयोजन पीपुल फर्स्ट एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा गोपा सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट श्री विकी सिंह ने कहा कि आज के समय में बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक कौशल से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। वहीं पूर्व प्रेसिडेंट डॉ० राजेश कुमार ने बताया कि सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। दोनों ने संस्था की अध्यक्षा श्रीमती गोपा सिन्हा के द्वारा उक्त बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के इस प्रयास की तहे दिल से सराहना किया है। संस्था की अध्यक्षा श्रीमती सिन्हा ने समाज के पिछड़े वर्ग की बच्चियों को उत्थान के लिए रोटरी क्लब के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन बच्चियों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने में संस्था हमेशा से प्रयासरत रही है और आगे भी कार्य करते रहेगी। पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने तथा अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित करेगा। पीपुल फर्स्ट एजुकेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 18 वर्ष से कम आयु की स्लम क्षेत्र की बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा कम उम्र में होने वाले विवाह को रोकने के उद्देश्य से निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। संस्था का मानना है कि कौशल विकास के माध्यम से बालिकाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। संस्था की सिलाई शिक्षिका श्रीमती सुषमा कुमारी स्वयं प्रशिक्षित है एवं इन बच्चियों को बहुत बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। संस्था द्वारा पिछले दो वर्षों से लगातार प्रत्येक छह माह का निःशुल्क प्रशिक्षण बैच संचालित किया जा रहा है। हर बैच के समापन पर आयोजित अंतिम परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप सिलाई मशीन भेंट की जाती है। इस पहल का उद्देश्यप में बालिकाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें समाज में सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में संस्था के समन्वयक मो० जाहिद अख्तर, प्रधानाध्यापिका श्रीमती पूजा पंडित, प्रशिक्षक सुषमा कुमारी, छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे हैं। सभी ने रोटरी क्लब बोधगया के पदाधिकारियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से समाज के वंचित वर्ग की बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।

## विवेकानंद की पुण्यतिथि पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा इतिहास के महामानव स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय विवेकानंदः विश्वगुरु के शिल्पकार था। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व संकायाध्यक्ष डॉ. बालेश्वर प्रसाद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार घोष ने की। इस कार्यक्रम की शुरूआत औपचारिक स्वागत के साथ हुई, जिसके अंतर्गत डॉ. अंजनी कुमार घोष ने स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात, राजनीति विज्ञान विभाग, मगध विश्वविद्यालय के प्रो. मो. एहतेशाम खान द्वारा व्याख्यान के विषय की अवधारणा का परिचय दिया गया है। मुख्य वक्ता प्रो. बालेश्वर प्रसाद ने अपने व्याख्यान की शुरूआत यह बताते हुए की कि इतिहास साक्षी है कि जब मानवीय वेदना अपनी पराकाष्ठा पर पहुँचती है, तभी नए विचारों का जन्म होता है। स्वामी विवेकानंद ने इसी ऐतिहासिक आवश्यकता को पहचाना और भारतीय सभ्यता की प्राचीन आध्यात्मिक चेतना को आधुनिक संदर्भ में पुनर्जीवित करते हुए युवाओं को संबोधित किया है। वे आदि शंकराचार्य की बौद्धिकता, भगवान बुद्ध की करुणा और गीता के कर्मज्ञान का समन्वय थे। उनका मूल चिंतन अद्वैत वेदांत था। उनका मानना था कि भिन्नता प्रकृति की पहचान है और ईश्वर स्वयं को प्रकृति के अनेक रूपों में व्यक्त करते हैं। डॉ. प्रसाद ने बताया कि विवेकानंद भारत के प्लेटो हैं। वे एक ऐसे इतिहासकार और दार्शनिक थे जिन्होंने मात्र 39 वर्ष के अल्प जीवनकाल में न केवल भारत को आत्मबोध दिया, बल्कि सार्वभौमिक भ्रातृत्व और अद्वैत वेदांत के माध्यम से मानवता को एक वैश्विक दृष्टि भी प्रदान की। वे भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन के कार्ल मार्क्स थे। डॉ. बालेश्वर प्रसाद ने उनके मूल चिंतन अद्वैत वेदांत के सार–सभी धार्मिक सद्गुणों का विलय–के बारे में विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। इस कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. दिव्या मिश्रा द्वारा किया गया है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. श्रद्धा ऋषि, डॉ. मो. शमशाद अंसारी, डॉ. लावण्या, श्री अबिनाश कुमार, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. मिथलेश पासवान तथा अर्चना, घनश्याम और पवन सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और शोधार्थी मौजूद थे।

## डीपीएस हसपुरा का नाम रोशन! उत्कर्ष आनंद का सैनिक स्कूल में चयन



अरवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल के लिए गर्व का दिन। छात्र उत्कर्ष आनंद ने कड़ी मेहनत से सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर दिल्ली पब्लिक स्कूल के साथ-साथ पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। उत्कर्ष आनंद ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया। उसकी इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरा स्कूल गर्व महसूस कर रहा है। इधर उत्कर्ष आनंद के चयन की खबर सुनते ही दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार ने उसे सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की बधाई दी। प्रिंसिपल ने कहा उत्कर्ष की मेहनत और अनुशासन काबिले तारीफ है। सैनिक स्कूल में उसका चयन हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात है। मुझे उम्मीद है कि उत्कर्ष आगे चलकर देश की सेवा करेगा और अपने जिला नहीं बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन करेगा। >परिवार में खुशी का माहौलः उत्कर्ष आनंद के चयन से घर में जश्न का माहौल है। माता-पिता ने दिल्ली पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों का धन्यवाद दिया और कहा कि स्कूल के मार्गदर्शन की वजह से ही ये संभव हो पाया।

## नव पदस्थापित डीईओ दयाशंकर पहुंचे औरंगाबाद, शिक्षकों ने किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर औरंगाबाद जिले के जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचे तो औरंगाबाद जिले के शिक्षकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधान शिक्षक सतीश कुमार पांडेय,अभय कुमार सिंह,आलोक कुमार सिंह,शिक्षक नेता धनंजय कुमार सिंह,रमेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, रुपेश रंजन,सुनील कुमार पांडेय सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें अंगवस्त्र पुष्पहार देकर सम्मानित किया। शिक्षकों ने बताया कि औरंगाबाद जिले में उनके आने से शिक्षक समुदाय में हर्ष एवं खुशी व्याप्त है। यह भी बताया कि शिक्षकों की कोई भी समस्या को शीघ्र हल करने का प्रयास करते हैं ।पूर्व में औरंगाबाद जिले के डीपीओ के पद पर कार्यरत थे तो शिक्षकों के वेतन संबंधी समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण कर समय से वेतन दिलाते थे।

## अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गया एयरपोर्ट पहुंचे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन पहले से ही पूरी तरह अलर्ट था। एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी के बीच उनका भव्य स्वागत किया गया है। मुख्यमंत्री का गया जी यह दौरा नए आपराधिक कानूनों को लेकर आयोजित नए आपराधिक विधियों पर दो दिवसीय राज्य-स्तरीय सम्मेलनह्न में गया के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट के न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी, विधि विशेषज्ञ और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ,भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से मंथन किया जाएगा।जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। एयरपोर्ट, कार्यक्रम स्थल और पूरे वीवीआईपी रूट पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा एजेंसियां हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा,बेला गंज विधायिका

### विधान पार्षद जीवन कुमार पहुंचे औरंगाबाद

औरंगाबाद । विधान पार्षद जीवन कुमार का औरंगाबाद आगमन पर निरीक्षण भवन में औरंगाबाद के सभी प्रखंडों से आए हुए शिक्षकों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। एरियर भुगतान का मुद्दा, एच आर का मुद्दा, ट्रांसफर का मुद्दा, कक्षा ग्यारहवीं में सीट वृद्धि का मुद्दा उठाया । शिक्षक मंतोष कुमार ने भी मौका निकालकर अपनी प्रमुख समस्या रखा। विधान पार्षद महोदय को अपने पड़ोसी राज्य की तरफ ध्यान आकृष्ट करवाया। झारखंड, उत्तर प्रदेश में पूर्ण वेतनमान की व्यवस्था है, फिर यहाँ क्यों नहीं। हमारे यहाँ अनुकम्पा के नाम पर जो नौकरी दी जा रही है वो कहाँ तक सही है। इस नौकरी को भी पूर्ण वेतनमान दी जाए वो भी दो महीने के भीतर दे दिया जाए। यही नहीं हम सभी शिक्षकों को पड़ोसी राज्यों के जैसा ओपीएस भी लागू करवा दिया जाए। इन सभी समस्याओं को हम सभी शिक्षक साथियों के स्वर्णिम भविष्य के लिए माननीय महोदय को सदन में गंभीरतापूर्वक रखकर इसे आगामी चुनाव के पहले लागू करवाने के लिए।

## स्वामी विवेकानंद के 124 वीं में पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद



औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान संत मनीषी, युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी की 124 वीं पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर सामयिक संवाद के क्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का अवतरण उस समय हुआ,जब पूरे हिंदुस्तान में सनातनी परंपरा झंझावात के दौर से गुजर रही थी। इसी समय 1893 ईस्वी में शिकागो के धर्म संसद में भारतीय सनातन संस्कृति को अपनी ओजस्वी भाषण से पुनर्स्थापित करने का कार्य किया था,तब से लेकर आज तक पूरे विश्व में सनातनी परंपरा के जो संकल्पनाएं हैं वह स्थापित होकर युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी। विवेकानंद ने गुरु शिष्य परंपरा को संवाहक माना और गुरु की प्रतिष्ठा ईश्वर से बढ़कर है इस सिद्धांत को फैलाया,गुरु के प्रति ऐसी अनन्य भक्ति और निष्ठा के प्रताप से ही वे गुरु के शरीर और उनके दिव्यतम आदर्श की उत्तम सेवा कर सके। स्वयं के अस्तित्व को गुरु के स्वरूप में उन्होंने विलीन कर दिया था,इसी महानता के चलते समग्र विश्व में भारत का मूल आध्यात्मिक भंडार की महक फैल सकी। विवेकानंद ने एक ऐसे समाज की कल्पना की जिसमें धर्म एवं जाति के आधार पर मनुष्य में भेद न हो। वेदांत के सिद्धांतों को उन्होंने इसी स्वरूप में देखा,समता के सिद्धांत को आधार बनाकर सफल बौद्धिक आधार को जीवनंता प्रदान की।

## मां तारा के दर्शन-पूजन कर डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य एवं देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने अपने पश्चिम बंगाल प्रवास के क्रम में बीरभूम जिले स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ तारापीठ में सपरिवार पहुंचकर मां तारा के दर्शन एवं विधिवत पूजन-अर्चना का सौभाग्य प्राप्त किया है। इस अवसर पर उन्होंने मां तारा से बिहार सहित समस्त देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तारापीठ भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और शक्ति उपासना का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां आकर आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि मां तारा की कृपा से समाज में सद्भाव, भाईचारा और जनकल्याण की भावना सुदृढ़ हो तथा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो, यही उनकी प्रार्थना है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत हमारी अमूल्य धरोहर है, जो लोगों को एकता, सेवा और मानव कल्याण का संदेश देती है। ऐसे पवित्र स्थलों के दर्शन से आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी बल मिलता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कामना की कि मां तारा का आशीर्वाद बिहार एवं देश की समस्त जनता पर सदैव बना रहे और प्रत्येक परिवार सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर हो।

## प्राथमिक विद्यालय डिहरी औरंगाबाद में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। बिहार सरकार शिक्षा विभाग के निर्देश पर सदर प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय डिहरी में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक सतीश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में अभिभावकों ने विचार समन्वय किया एवं ड्रॉप आउट सरकारी योजनाएं एवं विद्यालय की मौलिक सुविधाओं पर चर्चा की। विद्यालय के प्रधान शिक्षक सतीश कुमार पाण्डेय के द्वारा सरकार की योजनाएं एवं विद्यालय की मौलिक सुविधाएं पर विस्तृत चर्चा के क्रम में बताया गया कि वर्तमान परिदृश्य में सरकारी विद्यालय में सभी तरह की सुविधा उपलब्ध हैं। अभिभावकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया ।अभिभावकों के द्वारा विद्यालय में चारदीवारी निर्माण के लिए बोला गया। इस संदर्भ में प्रधान शिक्षक द्वारा बताया गया कि विभाग को विद्यालय के चारदिवारी के बारे में अवगत करा दिया गया है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार, शिक्षिका अंजना कुमारी एवं ब्यूटी कुमारी के साथ अभिभावक मानमती देवी, गुड़िया देवी,ललिता देवी,शांति देवी,रेणु देवी,संजू देवी,रंजू देवी, सुमित्रा देवी,पार्वती देवी, धनवर्ती देवी,प्रेमनी देवी,इंद्रू देवी,संजू देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, रविवार, 05 जुलाई, 2026



# उद्योगों के विकास एवं उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्धः जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिले में उद्योगों के विकास को गति देने तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में उद्यमी संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए तथा उद्योग संचालन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार उद्योग एवं रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उद्यमी जिले के आर्थिक विकास की मजबूत कड़ी हैं। उद्योगों का विस्तार होगा तो स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा जिले की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। जिला प्रशासन उद्योगों के अनुकूल वातावरण तैयार करने और उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिले में दूसरी बार उद्यमी संवाद का आयोजन किया गया है। इस संवाद का उद्देश्य केवल समस्याओं को सुनना नहीं, बल्कि उनके समाधान के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने उद्यमियों से जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने तथा सरकार की विभिन्न औद्योगिक योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही विभिन्न विभागों/ एजेंसियों के नियामक अनुपालन (Regulatory Compliances) का ससमय पालन करने की अपील किया। संवाद के दौरान धनंजय शाही, अविनाश कुमार, राजेश कुमार, विकास कुमार, श्रवण कुमार, राजकुमार यादव, नूर आलम, अर्जुन कुमार, सचिन कुमार अग्रवाल, आनंद कुमार, उमेश कुमार साह, शाहिद अहमद, दीपक चौधरी, सुनील कुमार मोटानी, मनीष कुमार, नीरज कुमार, खुशी कुमारी, अमित सिंह, अनुपम तिवारी सहित अन्य उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा उद्योग संचालन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों से प्रशासन को अवगत कराया।

# नशा मुक्त भारत - विकसित भारत की पहचानः उप विकास आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पश्चिम चम्पारण द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियानः विकसित भारत की पहचान विषय पर समाहरणालय सभागार में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला में नशे के दुष्प्रभावों से समाज को जागरूक करने तथा युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त काजल वैभव नितिन, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग विकास कुमार, वरीय उप समाहर्ता नगमा तब्बसुम, जिला अग्निशाम पदाधिकारी मनीष कुमार, शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमकुम पाठक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जीविका दीदियां तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान जीविका दीदी सरोज देवी, डॉली कुमारी, लीला देवी तथा वृंदावन विद्यालय के शिक्षक संतोष आनंद ने अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधक बनता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### गंडक बराज व्यू प्वाइंट और मरीन ड्राइव पर फैल रही गंदगी

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के प्रवेश द्वार के रूप में पहचान बना चुके गंडक बराज कंट्रोल रूम परिसर, मरीन ड्राइव और नदी किनारे बने व्यू प्वाइंट पर इन दिनों बढ़ती गंदगी चिंता का विषय बनती जा रही है। यहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य और शुद्ध वातावरण का आनंद लेने पहुंचते हैं, लेकिन कई लोग अपने पीछे प्लास्टिक की बोतलें, चिप्स, कुरकुरे, बिस्कुट एवं अन्य खाद्य पदार्थों के खाली पैकेट छोड़कर चले जाते हैं। स्थिति यह है कि नदी किनारे और बैठने के स्थानों पर कचरा बिखरा रहने से स्वच्छ वातावरण दूषित हो रहा है। कई स्थानों पर इतनी गंदगी फैल गई है कि लोग दोबारा वहां बैठने से भी कतराने लगे हैं। इससे न केवल पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, बल्कि वीटीआर की प्राकृतिक सुंदरता पर भी ग्रहण लग रहा है। समाजसेवियों ने इसे बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि प्रकृति का आनंद लेने के साथ-साथ उसकी स्वच्छता बनाए रखना भी हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह पर्यटन स्थल अपनी पहचान और आकर्षण खो सकता है। समाजसेवियों ने स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे भ्रमण के दौरान प्लास्टिक और अन्य कचरे को इधर-उधर न फेंकें, बल्कि निर्धारित डस्टबिन का उपयोग करें अथवा अपने साथ वापस ले जाएं।

### घरेलू गैस के 36854 एवं वाणिज्यिक गैस के 2255 सिलेंडर उपलब्ध

बेतिया। जिले में घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान की जा रही है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 14.2 किलोग्राम के 36854 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के 2255 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई को जिलेभर में कुल 11285 गैस सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी कराई गई। जिला प्रशासन का लगातार प्रयास है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी अनावश्यक विलंब के उनके घर तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री सिन्हा ने बताया कि गैस आपूर्ति एवं वितरण से संबंधित प्राप्त 6 शिकायतों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शिकायतों के निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस बुकिंग, डिलीवरी अथवा आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की देरी, अनियमितता या अन्य शिकायत होने पर जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### गौनाहा पंचायतः ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से स्वच्छता की नई मिसाल

बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले के गौनाहा प्रखंड अंतर्गत गौनाहा पंचायत आज ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM) के क्षेत्र में एक आदर्श पंचायत के रूप में उभरकर सामने आई है। स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों, सामुदायिक सहभागिता तथा पंचायत की सक्रिय पहल के कारण यह पंचायत पूरे जिले में आकर्षण का केंद्र बन चुकी है। गौनाहा पंचायत में कुल 17 वार्ड हैं तथा प्रत्येक वार्ड में एक-एक स्वच्छता कर्मी कार्यरत हैं। पंचायत के कुल 2,656 घरों से प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण किया जाता है। स्वच्छता कर्मी नियमित रूप से घर-घर जाकर कचरा एकत्रित करते हैं तथा उसे वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (WPU) तक पहुंचाते हैं। यहां कचरे का पृथक्करण कर जैविक एवं अजैविक अपशिष्टों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाता है।

# रोजगार की मांग को लेकर दृष्टिहीनों का प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। स्थायी रोजगार और अपने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर दृष्टिहीन नागरिकों का धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को 12वें दिन भी जारी रहा। लगातार 12 दिनों से आंदोलनरत प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार की ओर से ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में दृष्टिहीन प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों के समर्थन में बैठे रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने पूर्व में कई बार आश्वासन दिए, लेकिन अब तक उन पर प्रभावी अमल नहीं किया गया। उनका कहना है कि रोजगार का अधिकार उनका संवैधानिक अधिकार है और सरकार को इस दिशा में शीघ्र कदम उठाना चाहिए। आंदोलनकारियों ने सरकार से स्थायी रोजगार की व्यवस्था करने, पूर्व में किए गए वादों को लागू करने तथा दृष्टिहीन नागरिकों के लिए सम्मानजनक जीवन और समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग दोहराई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। वहीं, प्रशासन ने बताया कि स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# तीन मामलों में फरार कुख्यात ड्रग माफिया जाकिर मियां गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। बिहार पुलिस की एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नकरदेई थाना क्षेत्र के एक बड़े ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात ड्रग माफिया जाकिर मियां को मोतिहारी से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नकरदेई थाना कांड संख्या- 63/26 में फरार चल रहे आरोपी जाकिर मियां के मोतिहारी शहर और उसके आसपास छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से एक विशेष टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई की और घेराबंदी करके आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार तस्कर की पहचान जाकिर मियां, पिता- जाल मोहम्मद मियां, ग्राम- सिरिसिया माल, थाना- नकरदेई, जिला- पूर्वी चम्पारण के रूप में हुई है। गिरफ्तार ड्रग माफिया के खिलाफ नकारदेई थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(5) और स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम की गंभीर धाराओं 8(सी), 21(बी), 25 और 29 के तहत मामला दर्ज था। वह पुलिस को चकमा देकर लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। पुलिस के अनुसार, जाकिर मियां इलाके में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को संचालित कर रहा था।

# जीएमसी एच मामले में एक पखवाड़ा बाद भी नहीं मिल सका पत्रकारों को न्याय

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। जी एम सी एच बेतिया में 17 जून 26 को समाचार संकलन करने गए पत्रकारों पर अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों एवं कर्मियों द्वारा हमला कर की गई पिटाई और बंधक बनाने के बाद छीनी गई मोबाइल, पैसा तथा समान के मामले में घटना के एक पखवारे बाद भी जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना एक गंभीर चिंता का विषय है। इससे पत्रकारों एवं आम नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हैरत की बात तो यह है कि घटना के बाद अस्पताल के डेप्युटी सुपरीटेंडेंट डॉक्टर डीएन मिश्रा तथा डॉ राजेश कुमार उपस्थित रहे और हमलावरों को प्रोत्साहित करते रहे। आश्चर्य की बात तो यह है कि घटना के दौरान घटना स्थल पर नगर पुलिस पुलिस बल के साथ तमाशा बिन बनी रही। उसी रात पीड़ित पत्रकारों में नगर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर ऋक्क दर्ज करने की मांग किया। थाना अध्यक्ष 2 दिनों तक ऋक्क दर्ज करने से आना काम करते रहे और डॉक्टरों की ओर से आवेदन का इंतजार करते रहे. ताकि काउंटर केस किया जा सके। इस मामले में जो पत्रकारों द्वारा दबाव बनाया गया तो थाना अध्यक्ष ने पहले वाली आवेदन को लौटा दिया और 19 जून 26 को रात में एक दूसरा आवेदन लिखवा कर प्राथमिक दर्ज किया गया। लिखित आवेदन के अनुसार उसमें धारा वही लगाई गई। इसके बाद फिर पत्रकारों में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए एक आवेदन देकर मांग किया कि इस पूरे प्रकरण में घटना स्तर पर उपस्थित सीनियर डॉक्टर एवं नगर थाना अध्यक्ष कि इस मामले में संलिप्तता ओम भूमिका की जांच कर उचित कार्रवाई किया जाए। संबंध में जिलाधिकारी ने एक जांच टीम गठित कर जांच रिपोर्ट मांगा है। इस दौरान यहां के स्थानीय सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधि इस मामले में पूरी तरह संवेदनहीन बने रहे।

# बगहा में पल्स पोलियो अभियान ने पकड़ी रफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ क्षेत्र में चल रहे पल्स पोलियो अभियान के तहत पांचवें कार्य दिवस पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर और बूथों पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का अभियान तेज गति से जारी रखा। अब तक क्षेत्र के लगभग 90 हजार शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों, आशा कार्यकताओं और एएनएम ने वार्डवार अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रह जाए। अभियान के दौरान जिन बच्चों को किसी कारणवश दवा नहीं मिल सकी, उनके लिए शनिवार को विशेष कैच-अप अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए बूथ स्तर पर अतिरिक्त टीमों की तैनाती की गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केबीएन सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि उनका बच्चा अभी तक पोलियो की खुराक से वंचित रह गया है, तो शनिवार को उसे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं।

### रेल मार्ग से शराब तस्करी पर सवालों के घेरे में बगहा जीआरपी

बगहा। उत्तर प्रदेश से बिहार आने वाली ट्रेनों के माध्यम से हो रही शराब तस्करी को लेकर उत्तर प्रदेश जीआरपी की सख्त कार्रवाई के बाद अब बिहार के सीमावर्ती रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। उत्तर प्रदेश में पनियहवा जीआरपी चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को शराब तस्करी रोकने में लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया, जबकि बिहार के पहले प्रमुख रेलवे स्टेशन बगहा की जीआरपी पोस्ट पर वर्तमान में केवल एक सिपाही के भरोसे पूरी व्यवस्था संचालित हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गोरखपुर, कप्तानगंज, खड्डा और पनियहवा से आने वाली ट्रेनों के जरिए शराब की खेप बगहा होते हुए बेतिया, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर सहित बिहार के विभिन्न जिलों तक पहुंचाई जा रही है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ मामलों में ट्रेनों की पैंट्री कार से जुड़े कर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई है।

# काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी पर लौटे हड़ताली 10 दैनिक वेतन भोगी, मांगें बरकरार

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का छह माह से लंबित वेतन भुगतान को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। मंगूराहां, गानौली और हरनाटांड़ रेंज के कर्मियों ने वेतन भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है। हालांकि हरनाटांड़ रेंज के 10 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं और काला बिल्ला (पट्टी) लगाकर अपनी मांगों के समर्थन में ड्यूटी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी कर्मियों का कहना है कि पिछले छह माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई, इलाज और दैनिक जरूरतों का खर्च उठाना कठिन हो गया है। कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद अब तक भुगतान नहीं हो सका है। इधर, हरनाटांड़ रेंज के रेंजर शिव कुमार ने बताया कि 10 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। वे काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों का समर्थन करते हुए ड्यूटी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अन्य हड़ताली कर्मियों को भी वापस काम पर लौटने के लिए समझाया जा रहा है। प्रदर्शनकारी कर्मियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक लंबित वेतन का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं विभागीय अधिकारियों ने जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

# नेपाल में नया विधेयक पेश, कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों को मिलेगा अनिवार्य सैन्य प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक सेवा को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए संसद में राष्ट्रीय सेवा कोर (नेशनल सर्विस कॉर्प्स) विधेयक पंजीकृत किया है। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों को सैन्य शैली का अनिवार्य प्रशिक्षण दिए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रशिक्षण नेपाल सेना की देखरेख में कराया जाएगा। विधेयक के तहत विद्यार्थियों को केवल हथियार संचालन ही नहीं, बल्कि अनुशासन, शारीरिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, नागरिक दायित्व और राष्ट्र सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को आवश्यकता पड़ने पर प्राकृतिक आपदाओं, महामारी, सार्वजनिक सेवा और अन्य राष्ट्रीय कार्यों में स्वयंसेवक के रूप में भी लगाया जा सकेगा। सरकार का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और संकट के समय सेवा भावना विकसित करना है। हालांकि, विपक्ष और कुछ नागरिक संगठनों ने इस प्रस्ताव पर विभिन्न सवाल उठाए हैं और संसद में इस पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। बतादें की उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह विधेयक संसद में पंजीकृत,पेश किया गया है, इसे अभी अंतिम रूप से कानून (पास) नहीं बनाया गया है।

# गृहमंत्री के आश्वासन के बावजूद प्रधानमंत्री से मिलने की मांग पर अड़े सुस्ता के प्रदर्शनकारी

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। नेपाल के नवलपरासी स्थित सुस्ता क्षेत्र के नागरिकों का आंदोलन लगातार जारी है। गृहमंत्री की ओर से समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिए जाने के बावजूद प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं और उनका कहना है कि जब तक उनकी सीधे प्रधानमंत्री से मुलाकात नहीं होगी, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्षों से सुस्ता क्षेत्र के नागरिक विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई बार सरकार के विभिन्न स्तरों से आश्वासन मिले, लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण अब वे केवल आश्वासन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के साथ सीधी वार्ता और ठोस निर्णय चाहते हैं। गृहमंत्री के प्रतिनिधियों ने आंदोलनकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि वे प्रधानमंत्री से मुलाकात और लिखित प्रतिबद्धता मिलने के बाद ही अपना धरना-प्रदर्शन समाप्त करेंगे। आंदोलन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। स्थानीय प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से जारी है और प्रदर्शनकारी अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनका उद्देश्य सरकार पर दबाव बनाना नहीं, बल्कि लंबे समय से लंबित समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित कराना है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार प्रदर्शनकारियों की प्रधानमंत्री से मुलाकात की मांग पर क्या निर्णय लेती है।

# बखरी की बेटियों ने रचा इतिहास, लगातार तीसरी बार बनीं जिला फुटबॉल चैंपियन

बगहा। गौनाहा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बखरी (सीठी) की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरे वर्ष जिला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ विद्यालय की बेटियों ने जिले में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नरकटियागंज में आयोजित फाइनल मुकाबले में बखरी की टीम ने बिहार राज्य आवासीय एकलव्य केंद्र उच्च विद्यालय, नरकटियागंज की मजबूत टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। टीम की जीत में प्रथम खेल नर्सरी की खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मैच में दो शानदार गोल दागकर अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। अब बखरी की विजेता टीम 10 से 15 जुलाई तक समस्तीपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में पश्चिम चंपारण जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। यदि टीम राज्य स्तर पर विजेता बनती है तो उसे दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा। विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने टीम की इस शानदार उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# एसएसबी जवानों की तत्परता से बची सर्पदंश पीड़ित की जान



बगहा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने एक बार फिर मानवता और सेवा भावना का परिचय देते हुए सर्पदंश के शिकार ग्रामीण की जान बचाकर अपनी संवेदनशीलता और तत्परता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब एक बजे 65वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरहनी निवासी 50 वर्षीय राजकुमार को रात में सोते समय जहरीले सांप ने काट लिया । घटना की सूचना मिलते ही कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एसएसबी के जवान तत्काल सक्रिय हो गए। जवान बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंचे, स्थिति का आकलन किया और पीड़ित को अपनी एंबुलेंस से तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू किया, जिससे समय रहते मरीज की जान बचाने में सफलता मिली। समाचार प्रेषण तक राजकुमार का इलाज डॉक्टरों की निगरानी में जारी है और उनकी स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। एसएसबी जवानों की इस त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों एवं परिजनों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# महासमाधि दिवस पर याद किए गये स्वामी विवेकानंद

प्रात : किरण संवाददाता



आदापुर। प्रखंड क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय हरपुर उतरी टोला में आध्यात्मिक गुरु, समाज सुधारक और युवा शक्ति के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की महासमाधि दिवस, 04 जुलाई पर शनिवार को स्कूली बच्चों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शिक्षक शिव शंकर गिरि ने किया। बता दें कि स्कूली बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र के समक्ष दीपार्चन, माल्यार्पण और पुष्पार्पण किया। कार्यक्रम की शुभारंभ राष्ट्र गीत से हुई तथा समाप्ति राष्ट्रगान से हुई।उक्त अवसर पर बच्चों के बीच एक संक्षिप्त योगाभ्यास का कार्यक्रम किया गया। बच्चों में फल भी वितरित की गयी। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए वरीय शिक्षक विनोद कुमार एवं रंजीत कुमार पाठक ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, वेदांत और सनातन दर्शन को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई तथा अपने ओजस्वी विचारों से करोड़ों लोगों को आत्मविश्वास, सेवा और राष्ट्रभक्ति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी ने वर्ष 1902 में 04 जुलाई को बेलूर मठ में महासमाधि लेकर पारलौकिक हो गये थे। मंच का संचालन शिक्षक जियाउल हक ने किया। मौके पर राधिका कुमारी, खुश्बू कुमारी,खुशी कुमारी,नाजमीन खातून,साजदा खातून,रुफैजा खातून, चांदनी कुमारी, रागिनी कुमारी,काजल कुमारी,रेशमी कुमारी,सलोनी कुमारी, राजाबाबू कुमार,आनंद कुमार,विवेक कुमार,शिपराज कुमार,सूरज कुमार,सुमन कुमार सहित दर्जनों बच्चे मौजूद थे।

# मानसून से पहले प्रशासन सख्त, बगहा नगर में नाला अतिक्रमण की एसडीएम ने की जांच

बगहा। मानसून के दौरान जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने नाला अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) चांदनी कुमारी ने बगहा नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर नालों पर हुए अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा, प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा-1 प्रदीप कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा-2 बिंदु कुमार, नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी, सिटी मैनेजर चंदन कुमार मटेरिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बतादें,टीम ने शुगर फैक्ट्री के पास से रेलवे स्टेशन तक तथा गुड़री बाजार क्षेत्र में नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर नाला और नालियों के ऊपर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पाए गए, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है। एसडीएम चांदनी कुमारी ने मौके पर ही नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नालों से अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए और उनकी समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलजमाव की समस्या से बचने के लिए सभी नालों को अतिक्रमण मुक्त करना आवश्यक है।एसडीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन अवैध कब्जा हटाने के साथ संबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी करेगा।

# खड़गपुर प्रखंड कार्यालय में मनाया गया सतर्कता दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को सतर्कता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रियंका कुमारी, अंचलाधिकारी जयप्रकाश तथा प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी जुली कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ प्रियंका कुमारी ने कहा कि लोकसेवकों का कर्तव्य है कि वे अपने सभी कार्य सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और कार्यों के क्रियान्वयन में कानून, नियमावली एवं निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जनहित को सर्वोपरि रखना आवश्यक है। शपथ के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने सेवा काल में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा बनाए रखने, न रिश्वत लेने और न देने, सरकारी धन एवं संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करने तथा भ्रष्टाचार से जुड़ी किसी भी जानकारी को संबंधित जांच एजेंसी तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कर्मियों ने सुशासन, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था स्थापित करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर राजस्व पदाधिकारी आशीष यादव, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, नदीम, राजीव कुमार, गौरव मिश्र, कुमार गौरव, सुनीता कुमारी, अभिषेक राज, राजेश कुमार, मनोज कुमार, अविनाश, सूरज, शमर इकबाल सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।



# श्रावणी मेला को लेकर नगर परिषद सुल्तानगंज के सभागार में सामान्य बोर्ड की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर सुल्तानगंज। नगर परिषद सुल्तानगंज के सभागार में सामान्य बोर्ड की बैठक सशक्त स्थाई समिति के सदस्य रामानंद पासवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई/बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल, कार्यपालक पदाधिकारी अभीषेक आनंद थे/बैठक में सभी वार्ड के वार्ड पार्षद सांसद प्रतिनिधि पवन केसान एवं नगर परिषद के पदाधिकारियों व कर्मचारियों के साथ संयुक्त बैठक किया गया/बैठक में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारी, वार्ड की समस्या सहित अन्य समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया/इस दौरान बैठक की अध्यक्षता रामानंद पासवान ने मिडिया को बताया कि आज समान्य बोर्ड की बैठक में श्रावणी मेला संबंधित 26 प्रस्ताव लिया गया है/जिसमें पंडा, दुकानदार, फोटोग्राफर पहचान पत्र बनाने हेतु एजेंसी का चयन, सुचना प्रसारण हेतु एजेंसी का चयन,यात्री धर्मशाला में रंगरोबन, लाइटिंग,साफ सफाई,नल जल, योजना सहित अन्य योजनाओं का प्रस्ताव लेते हुए स्वकृति दी गई/इस दौरान वार्ड नविन कुमार बन्नी,संजय चौधरी, दयावती देवी,विनोद रजक,सरिता देवी, रानी देवी, इजरायल, विभुति कुमार विकल्प, सहित इत्यादि वार्ड पार्षद मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### खड़गपुर के प्राचीन काली मंदिर परिसर में अतिक्रमण की पुष्टि

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र स्थित प्राचीन काली मंदिर, खास बाजार के निकट अतिक्रमण से जुड़े मामले में अंचल कार्यालय ने जांच प्रतिवेदन नगर परिषद को उपलब्ध करा दिया है। अंचल अधिकारी द्वारा 3 जुलाई 2026 को जारी पत्रांक-1894 के माध्यम से नगर कार्यपालक पदाधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में अंचल अमीन की मापी के आधार पर भूमि की स्थिति स्पष्ट की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजा आजीमगंज, थाना संख्या-375 के खेसरा संख्या 65, 66 एवं 67 की भूमि का स्थल निरीक्षण एवं मापी कराई गई। जांच में कुल 1 बीघा 10 कट्ठा 5 धूर भूमि का विवरण प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवेदन में उल्लेख है कि वेदानन्द मिश्र के कब्जे में लगभग 28.55 डिसमिल भूमि पाई गई है, जिसमें दुकान, बाड़ी एवं मकान शामिल हैं। वहीं मंदिर एवं मंदिर परिसर के हिस्से में लगभग 34.75 डिसमिल भूमि दर्ज की गई है, जिसमें मंदिर, मंदिर परिसर एवं सहन शामिल हैं। अंचल अमीन द्वारा तैयार ट्रेस नक्शा भी रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है। नक्शे में लाल रंग से वेदानन्द मिश्र के कब्जे वाली भूमि तथा हरे रंग से मंदिर परिसर को दशार्या गया है। यह प्रतिवेदन नगर परिषद द्वारा मांगी गई जानकारी के जवाब में उपलब्ध कराया गया है। अब इस रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विभाग द्वारा आगे की प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई किए जाने की संभावना है।

### बारिश में जलमग्न हो जाती है वार्ड-25 की सड़क

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। नगर परिषद क्षेत्र के मुलुकटांड़ वार्ड संख्या-25 की सड़क पर बारिश होते ही जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। सड़क पर पानी भर जाने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश के बाद सड़क लंबे समय तक पानी में डूबी रहती है। पानी के नीचे गड्ढे दिखाई नहीं देने से दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसल जाते हैं और छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी इस रास्ते से आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से जल्द जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने भागलपुर में अपने एक्सक्लूसिव शोरूम का किया शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने भागलपुर में अपने नए एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। शाह मार्केट, खलीफाबाग चौक, डीएनसिंह रोड स्थित यह नया शोरूम बिहार में किसना का 19वां तथा पूरे भारत में 156वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। शोरूम का शुभारंभ हरी कृष्ण ग्रुप के फाउंडर एंड एमडी घनश्याम ढोलकिया एवं भागलपुर किसना एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर गगन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष उद्घाटन ऑफर्स की घोषणा की गई है। ग्राहक अपने पुराने सोने को एक्सचेंज कर डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर 105 प्रतिशत मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा डायमंड ज्वेलरी पर फ्लैट 21 प्रतिशत तक की छूट, गोल्ड ज्वेलरी की मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 21 प्रतिशत तक की छूट तथा 90 प्रतिशत बायबैक एवं 95 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू जैसी आकर्षक सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि बिहार में हमारे 19वें एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ किसना की निरंतर विकास यात्रा और पूरे भारत में विस्तार की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भागलपुर एक महत्वपूर्ण एवं संभावनाओं से भरपूर बाजार है और यहां हमारा आगमन हर घर किसना के हमारे विजन को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य प्रत्येक भारतीय परिवार तक विश्वसनीय, उच्च गुणवत्ता वाली डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी को सुलभ बनाना है। वहीं अपने संबोधन में भागलपुर किसना एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर गगन कुमार ने कहा कि किसना के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। यह ब्रांड भारत के ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है।

### सीवान आगमन पर केंद्रीय राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे का भव्य स्वागत

सीवान। केंद्रीय राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे के सीवान आगमन पर दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक ने केंद्रीय राज्यमंत्री को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत के दौरान दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने केंद्रीय राज्यमंत्री के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके सफल कार्यकाल एवं जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी केंद्रीय राज्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और उनके आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# हवेली खड़गपुर में एनडीए कार्यकताओं ने मनाया इंजीनियर रोहित चौधरी का जन्मदिन

प्रात: किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर प्रखंड के राम बिहारीपुर गांव स्थित भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार यादव के आवास पर शनिवार अपराह्न चार बजे तारापुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी, वरिष्ठ जदयू नेता एवं बिहार सरकार के मुख्यमंत्री के बड़े भाई इंजीनियर रोहित चौधरी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व जदयू जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने केक काटकर जन्मदिन समारोह की शुरूआत की। इसके बाद एनडीए कार्यकताओं ने इंजीनियर रोहित चौधरी के चित्र पर केक अर्पित कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने इंजीनियर रोहित चौधरी के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके जनसेवा के प्रति समर्पण की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रखंड प्रमुख पिंकू मेहता, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंदन शर्मा, भाजपा युवा जिला अध्यक्ष गौतम राज, भाजप सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. उदय शंकर को इंडियन आइकन अवार्ड 2026 एवं राधा डेंटल केयर मुंगेर को मिला मोस्ट ट्रस्टेड क्लीनिक सम्मान

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। राधा डेंटल केयर मुंगेर के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. उदय शंकर को इंडियन आइकन अवार्ड 2026 तथा राधा डेंटल केयर, मुंगेर को मोस्ट ट्रस्टेड क्लीनिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गुड़गांव स्थित लेमन ट्री होटल में एसीएस द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य एवं पूर्व भारतीय क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष श्री संदीप पाटिल के हाथों प्रदान किया गया। डॉ. उदय शंकर अपनी माता श्रीमती राधा देवी के अस्वस्थ होने के कारण समारोह में स्वयं उपस्थित नहीं हो सके। उनके स्थान पर उनके ममेरे भाई श्री अशोक कुमार ने यह सम्मान प्राप्त किया। डॉ. उदय शंकर को यह सम्मान गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ पिछले 12 वर्षों से निरंतर दंत स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने बिहार के विभिन्न जिलों में अब तक 600 से अधिक दंत चिकित्सा जागरूकता व्याख्यान, जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर हजारों लोगों को मौखिक एवं दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया है एसीएस की राष्ट्रीय चयन समिति ने उनके कार्यों का विस्तृत अवलोकन करने के बाद उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित किया। सम्मान प्राप्त होने पर डॉ. उदय शंकर ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। भविष्य में आधुनिक तकनीकों, अत्याधुनिक उपकरणों एवं नवीन प्रशिक्षणों के माध्यम से दंत चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएंगे, ताकि शहर, राज्य एवं देश के लोगों को उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी दंत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को और व्यापक स्तर पर जारी रखेंगे। इस उपलब्धि से लखीसराय एवं मुंगेर जिले में उनके परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों तथा मरीजों और उनके परिवारों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। डॉ. उदय शंकर की धर्मपत्नी डॉ. प्रीति सुमन ने कहा, यह सम्मान उनके वर्षों के अथक परिश्रम, समर्पण और समाज सेवा का परिणाम है।

# समाजसेवी सुमित राज की माता स्व. कलावती देवी की 5वीं पुण्यतिथि मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। समाजसेवी सुमित राज की माता स्व. कलावती देवी की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गरीब, जरूरतमंद, बेबस और लाचार लोगों के बीच भोजन वितरण का पुनीत कार्य किया गया। यह सेवा कार्य सामाजिक कार्यकर्ता आमिर भाई के माध्यम से संपन्न हुआ। रात्रि में जमालपुर स्टेशन, जुबली वेल, दौलतपुर, सफियासराय, हवाई अड्डा, नफतुरिया, औरा मैदान सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर घूमकर रात के 2 बजे तक आमिर भाई ने लगभग 60 से अधिक जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाया। समाजसेवी सुमित राज ने बताया, घर में पूजा-पाठ एवं अन्य कार्यक्रम गरीबों के बीच किए गए। रात्रि में यह दायित्व सामाजिक कार्यकर्ता आमिर भाई को सौंपा गया, जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाया। सही जरूरतमंदों तक पहुंचाकर उन्होंने माँ की 5वीं पुण्यतिथि पर यह नेक काम किया। उन्होंने आगे कहा, हमारे पिताजी वर्षों से माता जी की पुण्यतिथि पर इस तरह के सेवा कार्य करते आ रहे हैं।

# सुल्तानगंज पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के महेशी पंचायत के मोतीचक गांव में सुल्तानगंज थाना पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं देशी शराब के साथ दो व्यक्ति को किया गिरफतार /इस मामले में सीटी एसपी अतुलेश झा ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि वरिय पुलिस भागलपुर के दिशा-निर्देश पर युवाओं को नशा मुक्त एवं मादक पदार्थ के अवैध व्यापार पर रोक लगाने हेतु महाअभियान के तहत गुप्ता सुचना मिलते पर सुल्तानगंज थाना पुलिस ने महेश मोतीचक के रहनेवाले अभीषेक आनंद उर्फ राजा के घर पर अबैध शराब का संग्रह कर खरिद बिक्री करने पर उक्त सुचना के सत्यापन हेतु वरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निगरानी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए गठीत टीम के द्वारा महेशी मोतीचक स्थती अभीषेक आनंद उर्फ राजा के घर पर विधिवत छापेमारी करने पर पांच सौ 6 .75 लीटर विदेशी शराब तथा 21 लीटर देशी शराब के साथ अभीषेक आनंद उर्फ राजा दुसरा जितेन्द्र प्रसाद शर्मा साकिन मोतीचक के रहनेवाले को गिरफ्तार किया गया/ इस छापेमारी दल टीम में शामिल सुल्तानगंज थानाध्यक्ष धन्नजय कुमार,एसआई विष्णुदेव कुमार,रोशन कुमार, योगेन्द्र चौधरी, सत्येंद्र सिंह सहित कई पुलिस बल शामिल थे।

# श्रावणी मेला: सुरक्षा बलों के ठहराव स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर सुल्तानगंज। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर एसडीओ विकास कुमार, डीएसपी नवनीत कुमार, ने जिला व प्रखंड के अधिकारियों के साथ मुरारका महाविद्यालय पहुंचे कर स्थल निरीक्षण कर जायजा लिये/इस दौरान एसडीओ विकास कुमार ने मुरारका महाविद्यालय प्राचार्य नागेन्द्र तिवारी से मुलाकात करते हुए मुरारका महाविद्यालय के मैदान में सुरक्षा व्यवस्था के ठहराव को लेकर वातालार्प की /वहीं प्रार्चाय नागेन्द्र तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय के कुलपति से आदेश मिलने पर आप यहां सुरक्षा बलों का ठहराव कर सकते है/वहीं एसडीओ विकास कुमार ने बताया कि इसके लिए महाविद्यालय के कुलपति से आदेश लेने पर सुरक्षा बलों का ठहराव स्थल के बारे में बात करते हुए नमामि गंगा घाट उदघाटन स्थल, का भी निरक्षण कर जायजा लिया गया/ और ए के गोपालन कालेज, कृष्णगढ धर्मशाला,तिलकपुर गांधी घर, प्रखंड मुख्यालय परिसर में पुलिस बलों आवास हेतु स्थल निरक्षण कर जायजा लिया/इस दौरान अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी बंदना कुमारी थानाध्यक्ष धन्नजय कुमार सीओ अनुज कुमार झा, विडिओ संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद थे।

### दारौंदा में जनता दरबार में जमीनी संबंधी मामलों की

सीवान/दरौंदा प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय में शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 15 फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे। अंचल अधिकारी वेद प्रकाश नारायण, थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह एवं अपर थानाध्यक्ष मोहन कुमार निराला की उपस्थिति में सभी मामलों की सुनवाई की गई। प्राप्त 15 मामलों में से 10 का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष पांच मामलों में आवश्यक दस्तावेजों एवं तथ्यों की जांच के लिए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि निर्धारित की गई। सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से विवादों के समाधान का प्रयास किया।

# हल्की बारिश में ही घंटों गुल रहती है बिजली, संग्रामपुर के लोग परेशान

संग्रामपुर(मुंगेर)। संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि हल्की बारिश या हवा चलते ही बिजली गुल हो जाती है। इसके बाद 4 से 5 घंटे तक बिजली के दर्शन नहीं होते। लगातार हो रही अघोषित कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि श्रावणी मेला शुरू होने वाला है। अगर बिजली की यही स्थिति रही तो सुलतानगंज से देवघर जाने वाले लाखों शिवभक्तों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।स्थानीय लोगों ने बताया कि जून महीने से ही बिजली की आंख-मिचौली जारी है। विभाग को बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। रात में अचानक बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। इन्वर्टर भी 2-3 घंटे में जवाब दे जाता है। दुकानदारों को जनरेटर का सहारा लेना पड़ रहा है। लोगों ने सुनाई आपबीती : नगर पंचायत निवासी सह पुर्व मुखिया प्रमोद कुमार भगत ने कहा 10 मिनट की बारिश में लाइनमैन फ्यूज उड़ा देता है। फिर 4 घंटे बाद बिजली आती है। विभाग को फोन करो तो बहाना बना देते हैं कि फॉल्ट हो गया। रात में बच्चों को मच्छर काटते हैं और गर्मी से बुरा हाल हो जाता है। सावन में कांवरिया आएंगे तो अंधेरे में कहां रुकेंगे उनके मोबाइल भी चार्ज नहीं होंगे। संग्रामपुर बाजार के दुकानदार मुकेश कुमार साह ने बताया हल्की फुहार पड़ते ही बिजली कट जाती है। फ्रिज बंद होने से सामान खराब हो रहा है। इन्वर्टर भी 2 घंटे में डिस्चार्ज हो जाता है। मजबूरी में हर दिन 300 रुपये का डीजल फूंककर जनरेटर चलाना पड़ता है। श्रावणी मेला में 24 घंटे दुकान खोलते हैं। बिना लाइट दुकानदारी कैसे होगी प्रशासन सिर्फ वादा करता है। वार्ड-8 की गृहिणी संगीता देवी ने बताया मोटर नहीं चलने से चापाकल से पानी लाना पड़ता है। बारिश में भी भीगते हुए बाल्टी से पानी भरते हैं। रात 8 बजे खाना बनाते समय लाइट चली जाती है।

# महाने नदी पर पुल निर्माण तीन माह से ठप

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर / टेटियां बंबर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बरसंडा गांव के समीप महाने नदी पर निमार्णाधीन पुल का कार्य पिछले करीब तीन माह से बंद पड़ा है। निर्माण एजेंसी द्वारा शुरूआती कार्य के बाद काम रोक दिए जाने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। वहीं, बरसात शुरू होने के साथ ही ग्रामीणों की चिंता भी बढ़ गई है। लोगों को आशंका है कि नदी पर बनाया गया अस्थायी डायवर्जन तेज बहाव में बह सकता है, जिससे पूरे क्षेत्र का सड़क संपर्क बाधित हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण के लिए नदी में गड्ढे खोदकर प्रारंभिक कार्य किया गया था, लेकिन उसके बाद निर्माण एजेंसी ने काम बंद कर दिया। पिछले तीन महीनों से निर्माण स्थल पर न तो मजदूर दिखाई दे रहे हैं और न ही किसी प्रकार की निर्माण गतिविधि हो रही है। इससे लोगों को आशंका है कि पुल का निर्माण समय पर पूरा नहीं हो पाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर योजना से संबंधित सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। इसके कारण पुल निर्माण की लागत, कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होने की तिथि, संवेदक का नाम तथा संबंधित विभाग की जानकारी लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे निर्माण कार्य की स्थिति को लेकर असमंजस बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान महाने नदी का जलस्तर बढ़ने पर अस्थायी डायवर्जन बह सकता है। ऐसा होने पर टेटिया बंबर प्रखंड मुख्यालय, थाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, बाजार समेत विभिन्न सरकारी कार्यालयों का सड़क संपर्क टूट जाएगा। इसका सबसे अधिक असर मरीजों, विद्यार्थियों, किसानों तथा प्रतिदिन आवागमन करने वाले हजारों लोगों पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से पुल निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने, निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय करने, बरसात के दौरान सुरक्षित आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने तथा निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाने की मांग की है।

### सुलतानगंज में सड़क हादसा बारात में जा रहे दो युवकों की मौत

भागलपुर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया तीनों युवक बारात में शामिल होने जा रहे थे घटना सुलतानगंज थाना क्षेत्र के मीरहट्टी फोरलेन के समीप की है बताया जा रहा है कि जगन्नाथपुर से तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जमालपुर बारात में शामिल होने जा रहे थे इसी दौरान रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई हादसे में सुजीत कुमार और मिथिलेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सदानंद मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जिला पदाधिकारी की जनता दरबार में सुनी गई समस्या , जल्द आवेदन निषापादन करने का निर्देश



मुंगेर । जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कुल 34 आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित मामले प्राप्त हुए, जिनमें जमीन संबंधी, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। सुनवाई के दौरान लाल दरवाजा मिर्ची तालाब निवासी गायत्री देवी ने वार्ड पार्षद पर उनकी जमीन को हड़पने की शिकायत करते हुए उसे मुक्त करने की मांग की। जानीपुर फरदा निवासी मिथिलेश पासवान ने पड़ोसियों पर उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की। लाल दरवाजा निवासी तनिष्का साह ने वास हेतु जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। धरहरा अदलपुर अमारी निवासी सागर कुमार ने अपने जन वितरण विक्रेता द्वारा उनके राशन कार्ड रख लेने और उस पर राशन नहीं दिए जाने की शिकायत की। रामदिरी नौवागढ़ी निवासी पिंकी देवी ने अपने भाईयों पर घर से निकालने की शिकायत की।

## एसआईआर पर भाजपा का हमला

# बांग्लादेशी नागरिकों के नाम जोड़ रही कांग्रेस

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि मतदाता सूची में कथित तौर पर बांग्लादेशी नागरिकों के नाम जोड़ने की साजिश रची जा रही है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन करने के बजाय सार्वजनिक स्थानों और धार्मिक स्थलों के बाहर मतदाता पंजीकरण फॉर्म वितरित कर रहे हैं।

भाजपा का आरोप है कि यह पूरी प्रक्रिया वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है और इसके जरिए अवैध रूप से मतदाता सूची का विस्तार किया जा रहा है। पार्टी ने इस मामले की शिकायत केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से करने की घोषणा की है। साथ



ही, नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग भी की है। भाजपा ने राज्य सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्ढ्क्र अभियान केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और इसकी निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर सत्यापन करने के बजाय सड़कों पर बैठकर गणना फॉर्म (एन्यूमरेशन फॉर्म) बांट रहे हैं। उन्होंने इसे बांग्लादेशी नागरिकों को मतदाता बनाने की साजिश बताया। अशोक ने कहा, 'निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चला रहा है और यही केंद्र सरकार की भी मंशा है। लेकिन कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक को 'बांग्ला' लोगों के लिए स्वर्ग बना दिया है।' अशोक ने दावा किया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार राज्य के 22 जलाशयों में जल भंडारण में भारी गिरावट आई है। उनके अनुसार, पिछले वर्ष इसी अवधि में जलाशयों में 335.292 टीएमसी पानी था, जबकि इस समय यह घटकर केवल 66.099 टीएमसी रह गया है।

### कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि येलहंका के एक क्षेत्र में वर्ष 2002 की मतदाता सूची का रिकॉर्ड अब तक ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया है और कुछ खास समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर एसआईआर को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर पार्टी सार्वजनिक रूप से इस अभियान का विरोध कर रही है, वहीं दूसरी ओर लोगों से सरकारी गारंटी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एसआईआर के तहत पंजीकरण कराने को कह रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर केवल भारतीय नागरिकों पर लागू होता है। किसानों को पानी की कमी के बीच फसल बोने को लेकर मुख्यमंत्री की कथित सलाह पर प्रतिक्रिया देते हुए अशोक ने कहा कि किसानों को ऐसी सलाह की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कहा यदि सरकार में साहस है तो उसे कर्नाटक के किसानों को सलाह देने के बजाय तमिलनाडु सरकार से खेती नहीं करने के लिए कहना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि मेकेदातु संतुलन जलाशय परियोजना का तमिलनाडु द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद मुख्यमंत्री ने उसके खिलाफ कोई बयान नहीं दिया।

### बीएलओ की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक में, विशेषकर बेंगलुरु, मडिकेरी और चिक्कमगलुरु जिलों में, लगभग 20 लाख 'बांग्ला' निवासी हैं और उनके नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में नहीं थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि घर-घर सत्यापन करने के बजाय हज भवनों और मस्जिदों के बाहर खुलेआम मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। आर. अशोक ने कहा, 'बीएलओ का काम हर घर जाकर फॉर्म देना, विवरण का सत्यापन करना और आवेदन एकत्र करना है। लेकिन वे सड़कों पर बैठकर ऐसे फॉर्म बांट रहे हैं जैसे जनता को मुफ्त भोजन वितरित किया जा रहा हो। यह सब वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी मूल के लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अशोक ने विशेष रूप से महादेवपुरा और ब्यातरायणपुरा क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि वहां मस्जिदों के बाहर समूह बनाकर एसआईआर की प्रक्रिया चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वह इस पूरे मामले की शिकायत केंद्रीय निर्वाचन आयोग और कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से करेंगे।

## शिमला में अब घर बैठे बुक करें अपनी पार्किंग, दो महीने में शुरू होगी स्मार्ट सुविधा

**शिमला, एजेंसी।** पर्यटन नगरी शिमला आने वाले पर्यटकों को अब शहर में वाहन खड़ा करने के लिए




भटकना नहीं पड़ेगा। नगर निगम शिमला दो माह में स्मार्ट पार्किंग सुविधा शुरू करने जा रहा है। इससे पर्यटक घर से निकलने से पहले जैसे होटल में कमरा बुक करवाते हैं, वैसे ही नगर निगम शिमला की मोबाइल एप, नगर निगम और राज्य सरकार की वेबसाइट से घर बैठे ही पार्किंग स्लॉट बुक कर सकेंगे। इससे जहां शहर में पार्किंग तलाशने में लगने वाला समय बचेगा, वहीं ट्रैफिक जाम की समस्या भी काफी हद तक कम होने की उम्मीद है। वर्तमान में नगर निगम के पास लगभग 7,000 वाहनों की पार्किंग क्षमता है। नई स्मार्ट पार्किंग प्रणाली में पार्किंग की रियल टाइम उपलब्धता दिखाई देगी। चालक पहले से उपलब्ध स्लाट देखकर अपनी सुविधा के अनुसार बुकिंग कर सकेंगे और सीधे आरक्षित पार्किंग तक पहुंचेंगे। नगर निगम का मानना है कि इस व्यवस्था से शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, सड़कों पर अनावश्यक वाहन नहीं घूमेंगे।

## सक्षिप्त समाचार

### हिमाचल में डीए देने की तैयारी, 700 करोड़ का लोन ले रही सुक्खू सरकार

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में इस समय कर्मचारियों को कम से कम डीए की एक किश्त मिलने की चर्चाएं हैं. इन्हीं चर्चाओं के बीच सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य की कांग्रेस सरकार ने 700 करोड़ रुपए का कर्ज लेने की अधिसूचना जारी की है. कर्ज की ये रकम 13 साल के लिए ली जा रही है. इस संदर्भ में राज्य सरकार के वित्त विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है. इसे लेकर केंद्र सरकार की सहमति ली गई है और ये कर्ज विकास कार्यों के लिए है.



हालांकि ये तकनीकी शब्दावली है, लेकिन ये अनुमान लगाया जा रहा है कि सुक्खू सरकार कर्मचारियों के डीए को लेकर कोई सुख की खबर दे सकती है. यदि कर्मचारियों को कम से कम तीन फीसदी डीए की एक किश्त देने की मंशा हो तो ये रकम (700 करोड़ रुपए) पर्याप्त है.

#### कब खजाने में आएगा पैसा?

राज्य सरकार के खजाने में ये रकम आठ जुलाई को आ जाएगी. लोन की इस रकम का ब्याज साल में दो बार चुकाया जाएगा. ये ब्याज की किश्तें जनवरी व जुलाई में दी जाएंगी. उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने इससे पहले भी जून महीने में 700 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था. वो कर्ज दो किश्तों में लिया गया था. पहली किश्त के तौर पर चार सौ करोड़ रुपए व दूसरी किश्त के रूप में 300 करोड़ रुपए का लोन लिया गया था. अब जुलाई माह में फिर से लोन की अधिसूचना जारी की गई है. इस बार सात सौ करोड़ रुपए का लोन एक ही किश्त में है. पिछला लोन 24 जून को राज्य सरकार के खजाने में आ गया था. उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार पर कर्मचारियों को डीए की कम से कम एक किश्त देने का भारी दबाव है. हिमाचल इस समय एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है. कर्मचारियों की भारी-भरकम देनदारियां सिर पर हैं. सरकार को हर महीने वेतन व पेंशन के लिए कम से कम 22 करोड़ रुपए का खर्च करना पड़ता है. राज्य की अपनी आय के संसाधन अपेक्षाकृत कम है. ऐसे में डीए आदि की देनदारी के लिए सरकार को कर्ज पर ही निर्भर रहना पड़ता है.

### काशी विश्वनाथ मंदिर गेट पर सिपाही की कार्बाइन से अचानक चली गोली

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार पर शनिवार को ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही की कार्बाइन से अचानक गोली चल गई। गोली सड़क पर लगी



और गिट्टियां छिटककर पास में मौजूद दो दुकानदारों और एक अन्य व्यक्ति को लग गई। तीन लोग जख्मी हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल सभी लोग खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है जिस सिपाही की कार्बाइन से गोली चली वह मंदिर की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था। घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार निक्की गुप्ता, रामबाबू और विकास यादव के हाथ और पैर में हल्की चोटें आई हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली चलने की आवाज सुनते ही मंदिर परिसर और आसपास मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

## तमिलनाडु में मंत्री की जनता से अपील, मंदिरों में गड़बड़ियों की दें सूचना



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मंत्री एस. रमेश ने शुक्रवार को जनता से अपील की कि वे विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण वाले मंदिरों में अनियमितताओं, नौकरी के बदले पैसे लेने और अन्य गलत कामों की रिपोर्ट करें। मंत्री ने हाल ही में तिरुचेंदूर के एक मंदिर में निरीक्षण के दौरान भक्तों को जल्दी दर्शन कराने के लिए मंदिर के कर्मचारियों से जुड़े अवैध लेन-देन को उजागर किया था। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी शिकायतें सबूत के साथ भेजें। रमेश ने कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरा कार्यालय और मैं इन शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करेंगे।'

# सिया, चेतन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे, एजेंसी।** पुणे की एक अदालत ने शुक्रवार को 25 वर्षीय पुणे के कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के सिलसिले में सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने इसे अस्वीकार कर दिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने हो रही जांच के संबंध में कहा कि घटनास्थल पर मौजूद कुछ गवाह अब जानकारी देने के लिए आगे आए हैं। पुणे ग्रामीण पुलिस ने गोयल और चौधरी की पॉलीग्राफ जांच की मांग नहीं की।

वहीं, मीडिया से बात करते हुए पुणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने कहा कि अपराध स्थल पर मौजूद कुछ अहम गवाह सामने आए हैं। उनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। हमारे पास यह साबित करने के लिए सुबूत हैं कि हत्या हुई थी।

बीस वर्षीय सिया और 22 वर्षीय चेतन पर 18 जून को पुणे जिले के लोहागढ़ किले में केतन अग्रवाल को एक चट्टान से धक्का देकर हत्या करने का आरोप है। सिया और केतन की शादी इसी साल नवंबर में होने वाली थी।

पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एएम विभूते के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने पुलिस हिरासत



को तीन दिन बढ़ाने की मांग करते हुए तर्क दिया कि गोयल और चौधरी के मोबाइल फोन से बरामद डाटा में सांकेतिक भाषा में बातचीत शामिल थी। इस बातचीत को समझने के लिए उनकी हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।

अभियोजन पक्ष ने अदालत को सूचित किया कि पुलिस ने उस स्थान पर पंचनामा किया था, जहां गोयल ने कथित तौर पर मुंबई जाते समय अग्रवाल का पासपोर्ट ठिकाने लगाया था।

### जांच करने वालों ने उस जगह का पंचनामा भी किया

सरकारी वकील राजश्री विरकुड ने कहा कि जांच करने वालों ने उस जगह का पंचनामा भी किया, जहां गोयल और चौधरी ने कथित तौर पर अग्रवाल की हत्या की रिहर्सल की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गोयल का एक और मोबाइल फोन बरामद किया है। उसे फरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पहले जब्त किए गए फोन से डाटा निकाला जा चुका है। जांच करने वालों को फारेंसिक रिपोर्ट मिल गई है। बरामद चैट में कोड वाली भाषा है, जिसमें निकनेम और इमोजी शामिल हैं।

# भीषण गर्मी के बावजूद भी नहीं रुकेगा जश्न, ट्रंप देंगे संबोधन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका अपने 250वें स्वतंत्रता दिवस का ऐतिहासिक जश्न मना रहा है। हालांकि वॉशिंगटन और पूर्वी अमेरिका के कई हिस्सों में भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यक्रमों के समय में बदलाव किया गया है। इसके बावजूद सैल्यूट टू अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप का संबोधन, सैन्य प्रदर्शन और भव्य आतिशबाजी तय कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे। वहीं, ट्रंप ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्यापर देशवासियों को संदेश देते हुए अमेरिका के इतिहास, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर भी जोर दिया।

आयोजकों ने बताया कि वॉशिंगटन में सक्रिय हीट एडवाइजरी को देखते हुए सैल्यूट टू अमेरिका समारोह के कार्यक्रमों में बदलाव किया गया है। इसका मकसद लोगों को अत्यधिक गर्मी से बचाना है। ग्रेट अमेरिकन स्टेट फेयर और फीफा फैन जोन अब दोपहर 12 बजे से खुलेंगे और कार्यक्रम समाप्त होने तक खुले रहेंगे। वॉशिंगटन मॉन्यूमेंट परिसर को भी पहले की तुलना में देर से खोला जाएगा ताकि लोगों को लंबे समय तक धूप में इंतजार न करना पड़े। आयोजकों ने साफ कहा कि समारोह जारी रहेगा, लेकिन लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। पूरे आयोजन स्थल पर मुफ्त पेयजल वितरण केंद्र बनाए गए हैं। पानी भरने (रिफिल) के स्टेशन लगाए गए हैं। लोगों को गर्मी से बचाने के लिए कूलिंग टेंट तैयार किए गए हैं। वातानुकूलित (एयर कंडीशंड) बसों की व्यवस्था की गई है। 15 एयर कंडीशंड मंडप बनाए गए हैं, जहां लोग आराम कर सकेंगे। अतिरिक्त मेडिकल टीम और चिकित्सा सहायता तैनात की गई है। धुंध वाले कूलिंग क्षेत्र (मिस्टिंग एरिया) और छायादार विश्राम स्थल बनाए गए हैं। प्रवेश को आसान बनाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा जांच व्यवस्था की गई है। लोगों से हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने और पर्याप्त पानी पीने की अपील की गई है। समय-समय पर छांव या ठंडी जगह पर आराम करने की सलाह दी गई है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष इंतजाम। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को खास सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में क्या होगा खास? नेशनल मॉल के




ऊपर सैन्य विमानों और हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन शुरू होगा। नासा के विमान भी हवाई प्रदर्शन का हिस्सा होंगे। अमेरिकी तटरक्षक बल (यूएस कोस्ट गार्ड) अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेगा। अमेरिकी सेना के हेलीकॉप्टर, वायुसेना के लड़ाकू और बमवर्षक विमान उड़ान भरेंगे। मरीन कॉर्प्स और अमेरिकी नौसेना के विमान भी हिस्सा लेंगे। मशहूर एरोबेटिक टीम ब्लू एंजेल्स और थंडरबर्ड्स प्रदर्शन करेंगी। एफ-22 रैप्टर, बी-1 बमवर्षक और एयर फोर्स वन भी फ्लाईपास्ट में शामिल होंगे। सैल्यूट टू अमेरिका' का मुख्य कार्यक्रम शुरू होगा।

## नेतन्याहू के निशाने पर थे ईरानी वार्ताकार? न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट पर आ गया इस्राइल का बयान



**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने उस मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि अमेरिका को आशंका थी कि इस्राइल ईरान के वरिष्ठ वार्ताकारों को निशाना बना सकता है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस रिपोर्ट को फेक न्यूज और हकीकत से पूरी तरह अलग बताते हुए कहा कि इसमें किए गए दावे वास्तविकता पर आधारित नहीं हैं। इस बयान के बाद एक बार फिर मध्य पूर्व की कूटनीतिक हलचल और इस्राइल-ईरान संबंध चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। मामला उस रिपोर्ट से जुड़ा है, जिसमें दावा किया गया कि इस साल इस्लामाबाद वार्ता के दौरान अमेरिकी अधिकारियों को यह आशंका थी कि इस्राइल ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ को निशाना बना सकता है। रिपोर्ट के अनुसार कुछ मौजूदा और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों का मानना था कि 8 अप्रैल के युद्धविराम के बाद के हफ्तों में इस्राइल ऐसी योजना पर विचार कर सकता था। इसी आशंका के चलते अमेरिका ने कथित तौर पर क्षेत्र के कुछ देशों के माध्यम से तेहरान तक अप्रत्यक्ष संदेश पहुंचाया, ताकि ईरानी नेतृत्व को संभावित खतरे से आगाह किया जा सके। हालांकि रिपोर्ट में इन दावों को अधिकारियों के हवाले से पेश किया गया था। इन दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि ईरानी वार्ताकारों को लेकर प्रकाशित रिपोर्ट पूरी तरह झूठी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने लिखा, 'हमेशा की तरह ईरानी वार्ताकारों को लेकर प्रकाशित ताजा खबर फेक न्यूज है। यह वास्तविकता की पूरी तरह मनगढ़ंत कहानी है।'

## खामेनेई के अंतिम संस्कार के बीच ट्रंप-नेतन्याहू ने फोन पर की बात, जल्द होगी मुलाकात

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की है। टाइम्स ऑफ इस्राइल ने इस्राइली पीएमओ के हवाले से यह जानकारी दी है। दोनों नेता फोन पर हुई इस




बातचीत में निकट भविष्य में वॉशिंगटन में मिलने पर राजी हुए हैं। इस्राइली पीएमओ के बयान के अनुसार, 'नेतन्याहू ने अमेरिका की स्थापना की 250वीं वर्षगांठ पर ट्रंप को बधाई दी और कहा, अमेरिका ही वह देश है, जो दुनिया की आजादी सुनिश्चित करता है और इस्राइल, दोनों देशों के बीच के मजबूत संबंध की सराहना करता है।' गौरतलब है कि दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत ऐसे समय हुई है, जब ईरान में सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने की तैयारी की जा रही है। ट्रंप और नेतन्याहू की फोन पर बातचीत इसलिए भी अहम है क्योंकि हाल के हफ्तों में ट्रंप ने नेतन्याहू की सार्वजनिक रूप से आलोचना की है और दोनों नेताओं के बीच लेबनान में इस्राइली कार्रवाई को लेकर मतभेद उभरे थे। हालांकि अब इस बातचीत ने संकेत दिए हैं कि सबकुछ ठीक है। वहीं अमेरिका और ईरान के बीच वार्ताएं जारी हैं। 1 जुलाई को दोहा में अमेरिकी और ईरानी वार्ताकारों ने कतर और पाकिस्तान के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। बैठकों के बाद आधिकारिक बयान में 14 सूत्री समझौता ज्ञापन से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक प्रगति दर्ज की गई।

# सिंधु के पानी के लिए बौखलाया पाकिस्तान, दाने-दाने को होने वाला है मोहताज?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सिंधु के पानी के लिए पाकिस्तान की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। अगल-अलग जगह गुहार लगाने के बाद भी पाकिस्तान को कोई मदद नहीं मिली। भारत अपने रुख पर अड़ा रहा। अब इसको लेकर पाकिस्तान की बेचैनी इतनी बढ़ चुकी है कि वहां के नेता भारत को गीदड़ भभकियां देने पर उतर आए हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सिंधु जल संधी क्या है? इसे लेकर क्यों विवाद हो रहा है? भारत ने क्या रुख अपनाया? पाकिस्तान कहां-कहां गुहार लगा चुका है? पाकिस्तान में पानी को लेकर क्या हालात हैं? पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक ने हाल ही में कहा कि सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान के हिस्से के पानी पर दावा करने वाले हाथ काट दिए जाएंगे। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी कह चुके हैं कि यदि देश की जल सुरक्षा को खतरा हुआ तो पाकिस्तान भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तक कर सकता है।

वहीं, पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने दावा किया कि सिंधु जल संधि अब भी प्रभावी है और भारत द्वारा इसे निलंबित करने के फैसले को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वीकार नहीं किया गया है। पाकिस्तान के पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने परमाणु सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि अगर उसके जल अधिकारों को कमजोर करने या पानी रोकने की




कोशिश की गई, तो इसे देश के 'राष्ट्रीय अस्तित्व' पर हमला माना जाएगा और इसके जवाब में उचित राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दी जाएगी। संयुक्त राष्ट्र में भी भारत ने सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान के आरोपों का जवाब दिया। भारत ने कहा कि 1960 में संधि लागू होने के बाद से पाकिस्तान ने तीन युद्ध और हजारों आतंकी हमलों के जरिए इस समझौते की भावना का लगातार उल्लंघन किया है। भारत के प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि भारत हमेशा एक जिम्मेदार देश की तरह व्यवहार करता रहा, जबकि पाकिस्तान ने आतंकवाद को बढ़ावा देकर संधि की मूल भावना को कमजोर किया। भारत ने यह भी दोहराया कि सीमा पार आतंकवाद पर विश्वसनीय और स्थायी कार्रवाई होने तक सिंधु जल संधि को निलंबित रखने का फैसला जारी रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच में सिंधु जल संधि पर 19 सितंबर 1960 को कराची में हस्ताक्षर हुए थे। समझौता सिंधु नदी और इसकी सहायक नदियों के पानी के इस्तेमाल को लेकर हुआ था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496